सुप्रभात
रांची, गुरुवार
12.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2082
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 327



12 ट्रंप पर कुछ टिप्पणियों पर है पछतावा

## भगवान जगन्नाथ का देव स्नान संपन्न गर्भगृह में 15 दिन के एकांतवास में गये

**रांची।** धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मंदिर में बुधवार को भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का महाजलाभिषेक अनुष्ठान हुआ। इस दौरान भगवान के विग्रह का 108 पवित्र कलशों से जलाभिषेक किया गया, जिनमें गंगाजल, चंदन मिश्रित जल, पुष्पजल और औषधीय जल शामिल था। भगवान की विशेष महाआरती की गयी और विशेष चंदन और वस्त्र अर्पित किए गए। इसके बाद भगवान जगन्नाथ एकांतवास में चले गए। यह एक विशेष धार्मिक परंपरा है, जो रथयात्रा से पूर्व 15 दिनों तक चलती है। इसे भगवान के 'बीमार पड़ने' की लीला मानी जाती है, उन्हें औषधियां दी जाती है।



## एक जुलाई से तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार वेरिफिकेशन अनिवार्य

**नयी दिल्ली।** रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं, ताकि टिकट बुकिंग में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सके। एक जुलाई से आईआरसीटीसी की वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। वहीं 15 जुलाई से ऑनलाइन तत्काल बुकिंग के लिए आधार- आधारित ओटीपी वेरिफिकेशन भी अनिवार्य होगा। रेल मंत्रालय ने बताया कि ऑनलाइन तत्काल बुकिंग के लिए आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा जबकि पीआरएस काउंटर्स और अधिकृत एजेंटों से तत्काल टिकट बुकिंग के लिए ओटीपी अनिवार्य होगा।

## न्यूज डायरी

### पेंशनधारकों के लिए जुलाई में चलेगा विशेष अभियान

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय पेंशनधारकों, विशेषकर परिवार पेंशनधारकों और सुपर सीनियर नागरिकों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए विशेष अभियान 2.0 शुरू करने का निर्णय लिया है। यह अभियान एक से 31 जुलाई तक चलेगा। इस अभियान की शुरूआत पीएमओ में राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह करेंगे। इसका उद्देश्य महिलाओं के सशक्तीकरण और वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण को बढ़ावा देना है। अभियान के तहत कुल 2210 पेंशन शिकायतों को 51 मंत्रालयों, विभागों और संगठनों को समाधान के लिए सौंपा गया है।

### पेयजल योजना की जांच करने पहुंची केन्द्रीय टीम

**पलामू।** पलामू जिले के छत्तरपुर में पाइप लाइन पेयजल योजना की जांच करने बुधवार को जलजीवन मिशन की केंद्रीय टीम पहुंची। टीम ने हुसैनाबाद स्थित देवरी सिंचाई योजना एवं दंगवार सोन नदी तट से छत्तरपुर प्रखंड में आने वाली पाइप लाइन जलापूर्ति योजना की जांच की और सात साल से योजना के लंबित रहने पर चिंता व्यक्त की। संवेदक की मनमानी के कारण यह योजना अधर में लटकी हुई है। पाइप लाइन योजना में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। बता दें कि 68 करोड़ की लागत से पानी टंकी का निर्माण पूरा हो चुका है फिर भी जलापूर्ति शुरू नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### आबकारी सिपाही भर्ती में 12 मौतों पर मांगा जवाब

**पूर्वी सिंहभूम।** झारखंड में आबकारी सिपाही भर्ती के दौरान हुई 12 मौत के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने संज्ञान लिया है। मानवाधिकार कार्यकर्ता दीपक कुमार की शिकायत पर एनएचआरसी ने झारखंड सरकार के गृह विभाग के विशेष सचिव को चार सप्ताह के अंदर जवाब देने का निर्देश बुधवार को दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 के अगस्त और सितंबर में झारखंड के सात केंद्रों पर आयोजित आबकारी सिपाही भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान छह केंद्रों पर 12 प्रतिभागियों की मौत हो गई थी, जबकि करीब 400 प्रतिभागियों की हालत बिगड़ गयी थी।

### देश में कोरोना के सक्रिय मामले सात हजार के पार

**नयी दिल्ली।** देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या सात हजार के पार हो गयी है। बुधवार को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 306 नए मामले सामने आए। इसके साथ ही देशभर में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 7,121 हो गयी। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में छह मौतें भी हुईं। इनमें तीन केरल से, दो कर्नाटक से और एक महाराष्ट्र मौत हुई। वहीं इस दौरान 929 लोग कोरोना से ठीक भी हुए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2,223 सक्रिय मामले हैं। गुजरात में सक्रिय मामले 1,223 हो गई है। दिल्ली में कोरोना के सक्रिय मामले 757 तक पहुंच गए हैं।

## झारखंड में अब तंबाकू खरीद-बिक्री और सेवन पर सख्ती

# सिगरेट और तंबाकू प्रतिषेध संशोधन विधेयक को मंजूरी

- राष्ट्रपति की ओर से मिले अनुमोदन के बाद विधेयक राज भवन को प्राप्त हुआ



द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

झारखंड में अब सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू उत्पाद बेचना, धूम्रपान करना और तंबाकू थूकना पांच गुना महंगा पड़ेगा। ऐसा करते पकड़े जाने पर 1000 रुपये का लगाया जायेगा जुर्माना

एजेंसी

**नयी दिल्ली/रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण विनियमन) झारखंड संशोधन विधेयक-2021 पर अपनी मंजूरी प्रदान कर दी। झारखंड विधानसभा की ओर से पारित यह संशोधन विधेयक राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए भेजा गया था। राष्ट्रपति की ओर से अनुमोदन के बाद विधेयक राज भवन को प्राप्त हो गया है।

झारखंड राजभवन के मीडिया कोषांग ने बुधवार को जारी सूचना में बताया कि झारखंड विधानसभा में पारित सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण विनियमन) झारखंड संशोधन विधेयक, 2021 पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

विधेयक के कानून के रूप में अधिसूचित होने के बाद राज्य में 21 साल से कम उम्र का किशोर कोई भी तंबाकू उत्पादों को न बेच सकेगा और न ही खरीद सकेगा। अब शिक्षण संस्थानों, अस्पताल, स्वास्थ्य संस्थानों, सार्वजनिक दफ्तर और कोर्ट के एक सौ मीटर की परिधि में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद की खरीद-बिक्री की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा डिब्बा खोलकर सिगरेट बेचने पर भी रोक रहेगी।

उल्लेखनीय है कि इस संशोधन विधेयक के स्वीकृत होने से पहले तक राज्य में सार्वजनिक स्थानों पर सिगरेट पीने पर 200 रुपये जुर्माना का प्रावधान था, जो अब पांच गुणा बढ़कर 1000 रुपए हो गया है।

झारखंड कैबिनेट पूर्व में राज्य में हुक्का बार पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे चुका है। इस नियम का उल्लंघन करने वालों को जेल की सजा या एक लाख से तीन लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

## भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन सीएम हेमंत से मिले

# जर्मनी ने झारखंड में कोयला उद्योगों के विकास में मदद की जतायी इच्छा

- विकास से जुड़े विषयों पर विशेष रूप से हुई चर्चा
- सीएम ने झारखंड में निवेश की संभावनाओं से जर्मन राजदूत को कराया अवगत
- जर्मन राजदूत ने सहयोग और भागीदार बनने की जतायी इच्छा



मुख्यमंत्री से बात करते भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन।

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा- भारत में निवेश करने वाले जर्मन निवेशकों को सरकार पूरा सहयोग करेगी, जर्मन राजदूत ने मुख्यमंत्री को जर्मनी आने का दिया न्योता।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन और इकोनॉमी काउंसलर ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवासीय कार्यालय में भेंट की। इस अवसर पर उनके बीच विभिन्न क्षेत्रों में विकास से संबंधित विभिन्न विषयों एवं पहलुओं को लेकर चर्चा हुई। जर्मनी के राजदूत ने कहा कि विशेषकर कोयला खनन और उत्पादन को लेकर जर्मनी और झारखंड में काफी समानतायें हैं। ऐसे में कोल आधारित उद्योगों के विकास को लेकर झारखंड के साथ जर्मनी सहयोग बढ़ाने को लेकर इच्छुक है। मुख्यमंत्री ने झारखंड में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं से जर्मनी के राजदूत को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में राज्य सरकार देश विदेश के औद्योगिक समूहों के साथ लगातार संपर्क स्थापित कर रही है। इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। उन्होंने जर्मन राजदूत से कहा कि भारत में निवेश करने वाले जर्मन निवेशकों को सरकार पूरा सहयोग करेगी। जर्मन राजदूत ने मुख्यमंत्री को जर्मनी आगे का न्योता दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद थे।

## जेपीएससी मुख्य परीक्षा के मेरिट लिस्ट को हाईकोर्ट में चुनौती, आयोग से मांगा जवाब

**मूल्यांकन पर सवाल**

- मुख्य परीक्षा की मेरिट लिस्ट को खारिज कर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन दोबारा कराने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 11वीं-13वीं जेपीएससी सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा के मेरिट लिस्ट को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाई कोर्ट ने जेपीएससी को नोटिस जारी कर कई बिंदुओं पर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने शपथ पत्र के जरिए जेपीएससी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस मामले में अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी।

दरअसल, प्रार्थियों की ओर से विज्ञापन या नियमों का हवाला देते हुए कहा गया कि उक्त सिविल सेवा परीक्षा में डिजिटल इवेलुएशन किया गया, जबकि इसका कोई प्रावधान नहीं है। थर्ड पार्टी एजेंसी के माध्यम से इवेलुएशन कराया गया, यह थर्ड पार्टी एजेंसी कौन है और टेंडर कब हुआ, इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेज में कार्यरत 10 साल से अधिक अनुभव वाले शिक्षकों या पोस्ट ग्रैजुएट शिक्षक, जिनका अनुभव 5 साल से ज्यादा हो, उससे मूल्यांकन कार्य कराया जाना था, लेकिन इस परीक्षा में 2 साल अनुभव वाले गेस्ट फैकल्टी से उत्तर पुस्तिका की जांच करायी गयी। इसलिए मुख्य परीक्षा की मेरिट लिस्ट को खारिज करते हुए दोबारा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराया जाए।

## झारखंड की महिला एडीजे की छुट्टी मामले में सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने भेजा नोटिस



**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड की महिला एडीजे कशिका एम प्रसाद की मातृत्व अवकाश से संबंधित याचिका पर राज्य सरकार को फिर नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के बाद इस मामले में राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। साथ ही महिला एडीजे द्वारा दायर आइए पर चार सप्ताह बाद सुनवाई की तिथि निर्धारित करने का निर्देश दिया। महिला एडीजे ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें यह कहा गया था कि उन्होंने बच्चों की देखभाल के लिए 194 दिनों की छुट्टी मांग थी, लेकिन उनके आवेदन को रद्द कर दिया गया।

## शराब घोटाले के दो आरोपियों से एसीबी दो दिन करेगी पूछताछ

**रांची।** झारखंड में 38 करोड़ रुपए से अधिक के शराब घोटाले से जुड़े पूर्व उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे मामले में एसीबी पुख्ता सबूत जुटाने में लगी है। जेल में बंद झारखंड राज्य बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के वित्त महाप्रबंधक सुधीर कुमार दास, पूर्व महाप्रबंधक सुधीर कुमार और मेसर्स मार्शन इनोवेटिव सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड प्लेसमेंट एजेंसी के स्थानीय प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह से एसीबी दो दिनों तक पूछताछ करेगी। एसीबी कोर्ट ने बुधवार को दो दिनों की पुलिस रिमांड की अनुमति प्रदान की है। जांच अधिकारी ने 7 दिनों की पुलिस रिमांड की मांग की थी। यह पूछताछ 12 एवं 13 जून को की जायेगी। तीनों को एसीबी ने उक्त मामले में 21 मई को पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किया था। अदालत में पेशी के बाद तीनों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया गया है। तब से तीनों जेल में हैं।

# पांच लाख का इनामी सहित दो नक्सली ढेर

एजेंसी

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के कुकानार थाना क्षेत्र में बुधवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी एलएसओ कमांडर सहित दो नक्सली मारे गए। मरने वालों में एक महिला नक्सली भी शामिल है। मुठभेड़ स्थल से बंदूक और विस्फोटक सामग्री बरामद की गयी है। इलाके में अन्य नक्सलियों की तलाश जारी है।

पुलिस अधीक्षक एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि सुकमा जिले के थाना कूकानार क्षेत्रांतर्गत डुनमपारा पुसगुन्ना के जंगली पहाड़ी इलाके में कटेकल्याण एरिया कमेटी में सक्रिय माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी। जिसपर जिला पुलिस बल और डीआरजी की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी



सर्च अभियान में रवाना हुई थी। बुधवार दोपहर सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच कई बार मुठभेड़ हुई। सुरक्षा बल के जवानों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दो नक्सलियों को मार गिराया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मारे गए नक्सलियों में एक की पहचान पेदारास एलओएस कमांडर बमन के रूप में हुई है, जिस पर 5 लाख का इनाम घोषित था। एक महिला नक्सली का शव मिला है जिसकी पहचान की जा रही है। घटनास्थल से इंसास राइफल, 12 बोर राइफल सहित अन्य हथियार, गोला-बारूद एवं विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है।

**टेरर फंडिंग मामला**

## टीपीसी के रवींद्र गंझू की बेल पर एनआइए से मांगा जवाब

**रांची।** चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में आरोपित टीपीसी के रीजनल कमांडर आक्रमण उर्फ रवींद्र गंझू की जमानत याचिका पर एनआईए की विशेष अदालत में अब अगली 21 जून को सुनवाई होगी। बुधवार को एनआईए अदालत ने मामले की सुनवाई की और जांच एजेंसी से 21 जून से पहले जवाब दाखिल करने के लिए कहा। आरोपित ने 9 जून को याचिका दाखिल कर कोर्ट से जमानत की गुहार लगायी है।

जांच एजेंसी ने जांच में यह पाया कि सीसीएल, पुलिस, उग्रवादी व शांति समिति के बीच समन्वय से टेरर फंडिंग हो रही थी। टीपीसी को फंड देने की पुष्टि हुई है। टीपीसी को लेवी देने के लिए ही उसने ऊंची दर पर मगध और आम्रपाली प्रोजेक्ट से कोयला ढुलाई का ठेका लिया था।

## केंद्रीय कैबिनेट ने सात जिलों को कवर करने वाली दो रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी


# कोडरमा-बरकाकाना रेलखंड का होगा दोहरीकरण, 133 किमी तक बिछेगी पटरी, रामगढ़ वासियों को होगा सबसे ज्यादा लाभ

- पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का अहम हिस्सा है यह परियोजना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों को कवर करने वाली रेलवे की दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसमें झारखंड में कोडरमा-बरकाकाना और कर्नाटक में बेल्लारी-चिकजाजुर की करीब 318 किलोमीटर की रेलवे लाइनों के दोहरीकरण शामिल है।

इन परियोजनाओं से यात्रा सुविधा में सुधार होगा, लॉजिस्टिक लागत घटेगी, तेल आयात में कमी और कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन में गिरावट आएगी, जिससे टिकाऊ और कुशल रेल परिचालन को बढ़ावा मिलेगा।




परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 6,405 करोड़ रुपए है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ये रेल परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए भारत के विजन के अनुरूप हैं, जो क्षेत्र में व्यापक विकास के माध्यम से लोगों को आत्मनिर्भर बनाएगी, जिससे उनके लिए रोजगार/स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि पहली परियोजना 133 किलोमीटर लंबी कोडरमा-बरकाकाना रेल लाइन के दोहरीकरण की है जो झारखंड के एक प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्र से होकर गुजरती है। इसके अलावा, यह पटना और रांची के बीच सबसे छोटा और अधिक व्यावहारिक रेल संपर्क है। इसके बाद झारखंड से पटना जाने वाले लोगों को काफी सहूलियत हो जाएगी। सबसे ज्यादा लाभ इसका रामगढ़ वासियों को मिलेगा। इसके अलावा हजारीबाग, चतरा और कोडरमा जिले के निवासी भी इससे बड़े पैमाने पर लाभान्वित होंगे।

रेल मंत्री ने कहा कि दूसरी परियोजना 185 किमी बेल्लारी-चिकजाजुर रेल लाइन के दोहरीकरण की है और यह लाइन कर्नाटक के बल्लारी और चित्रदुर्ग जिलों और आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले से होकर गुजरती है। इस परियोजना से बेल्लारी एवं सिकदंराबाद के खनिज एवं अन्य उत्पादों को मेंगलूर बंदरगाह तक की आसान पहुंच हासिल होगी।

उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के सात जिलों को कवर करेंगी और दोनों दोहरीकरण परियोजना एक हजार 408 गांवों में कनेक्टिविटी बढ़ाएगी जिनकी आबादी लगभग 28.19 लाख है।

# झारखंड के मतदान केंद्रों की होगी जियो फेंसिंग

## मतदान केंद्रों पर वोटरों की संख्या 1200 के अंदर होगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1200 के अंदर ही होनी चाहिए, ताकि मतदान में क्यू-मैनेजमेंट और वोटिंग की स्पीड बढ़ायी जा सके। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए राज्य में विभिन्न मतदान केंद्रों की सीमाओं को जियो फेंसिंग से चिन्हित और ऑनलाइन किया जा रहा है। इससे बीएलओ को अपने क्षेत्र के मतदाताओं और उनके घरों तक पहुंचने में आसानी होगी। इस प्रक्रिया के पूरी होने के बाद सभी बीएलओ के अपने-अपने क्षेत्र निर्धारित होंगे व ऑनलाइन ऐप के जरिए मतदाता



मतदान केंद्र, उसका लोकेशन और बीएलओ को जान पाएंगे।

**13 जून तक ट्रेनिंग प्रोग्राम :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 13 जून तक चलने वाले ट्रेनिंग सत्र में सभी प्रतिभागियों को मतदान केंद्रों के मैप एवं जियो फेंसिंग के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को मतदान केंद्रों के मैप और जियो फेंसिंग के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी जाएगी।

## कार्टून कोना



# झारखंड में पेसा कानून पर कांग्रेस की मुहिम, ड्राफ्ट पर मंथन, मांगा सुझाव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस पेसा कानून लागू करने को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। इसे लेकर मंथन पर मंथन हो रहा है। बुधवार को गीतांजलि बैंक्वेचट हॉल में प्रदेश कांग्रेस के नेता जुटे। इसके ड्राफ्ट पर मंथन किया। कानून पर अपनी बात रखी। पार्टी के नेताओं को 20 जून पर अपना लिखित सुधाव देने को भी कहा गया।पेसा कानून, यानी पंचायत एक्सटेंशन टू शेड्यूल एरिया एक्ट, 1996 में केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया था। इसका उद्देश्य आदिवासी बहुल क्षेत्रों में पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करना और उनकी पारंपरिक स्वशासन प्रणाली को संरक्षित करना है। इस कानून के तहत ग्राम सभाओं को शक्तिशाली और अधिकार संपन्न बनाने का प्रावधान है।




**पेसा नियमावली ड्राफ्ट में होगा संशोधन, नये सिरे से बनेगा ड्राफ्ट :** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू ने कहा कि पेसा नियमावली ड्राफ्ट में संशोधन कर इसे नए सिरे से तैयार किया जाएगा। इसके लिए सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में रहने वाले जनजातीय समुदाय की पारंपरिक व्यवस्था और उनकी संस्कृति-सभ्यता का संरक्षण इस कानून के माध्यम से होगा।

**सरकार की प्रतिबद्धता :** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि कार्यशाला में कई महत्वपूर्ण सुझाव आए हैं, जिन्हें ध्यान में रखा जाएगा।
विभाग का मानना है कि अनुसूचित क्षेत्रों में रहने वाले जनजातीय समुदायों के पारंपरिक तौर-तरीकों और रूढ़िगत परंपराओं को संरक्षित करने के लिए सरकार के अन्य सहयोगी दलों के सुझावों के आधार पर कदम उठाए जाएंगे।

**पेसा नियमावली का महत्व :** कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि पेसा नियमावली जब कानून का रूप लेगी, तो 1996 में बने पेसा एक्ट की मूल भावना के अनुरूप आदिवासियों के रीति-रिवाज और परंपराएं संरक्षित होंगी। उन्होंने कहा कि यह कानून आदिवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उनकी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था और संस्कृति को संरक्षित करने में मदद करेगा।

### आदिवासी परंपरा और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए कृतसंकल्पित

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है। यहां उनकी परंपरा और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए पेसा कानून लागू करने को सरकार कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि यह कानून आदिवासियों के अधिकारों और उनकी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद करेगा।

### आवश्यक बदलाव की जरूरत

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पेसा कानून को महत्वपूर्ण बताते हुए इसकी नियमावली में आवश्यक बदलाव की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह कानून आदिवासियों के अधिकारों और उनकी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद करेगा, लेकिन इसके लिए नियमावली में आवश्यक बदलाव करना होगा। कार्यशाला में धन्यवाद ज्ञापन मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी ने किया। कार्यक्रम में सुधीर पाल, नमन विक्सल कोंगाड़ी, सुरेश बैठा, भूषण बारा, रामचंद्र सिंह, सोनाराम सिंकू, निशत आलम,अंबा प्रसाद, अजय नाथ शाहदेव जोसाई मार्डी, रमा खलखो, दयामणि बारला ने भी सुझाव रखे। मौके पर राकेश सिन्हा,राजीव रंजन प्रसाद, अशोक चौधरी,गजेंद्र सिंह, अभिलाष साहू,राजन वर्मा,सुनीत शर्मा,शांतनु मिश्रा,रियाज अंसारी पीटर मुंडू,राकेश किरण महतो, सुखेर भगत,चैतू उरांव,चंद्रशेखर दास उपस्थित थे।

## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन महाधिवेशन 28 को

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का आठवां महाअधिवेशन 28 जून को रांची के कांके रोड स्थित सीएमपीडीआई रविंद्र भवन में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रतिनिधि पंजीकरण और संगठन के ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा।

इसको लेकर केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। यूनियन के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर आयोजित इस बैठक में आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

**समितियों का पुनर्गठन :** बैठक में निर्णय लिया गया कि यूनियन की सभी शाखा, परियोजना, कोलियरी/क्षेत्रीय एवं जोनल कमिटियों को भंग कर दिया गया है। नए कार्यकाल के लिए नए सिरे से कमिटियों का गठन किया जाएगा।

**संयोजक मंडल का गठन :** तीन प्रमुख कोल इंडिया कंपनियों - सीसीएल, बीसीसीएल और ईसीएल के लिए संयोजक मंडल का गठन किया गया है। इन संयोजक मंडलों को निर्देश दिया गया है कि वे 20 जून तक सभी शाखा/परियोजना/क्षेत्रीय जोनल कमिटियों का पुनर्गठन कर उसकी कार्यवाही पुस्तिका की छायाप्रति केंद्रीय कार्यालय को प्रस्तुत करें।

**प्रतिनिधियों की संख्या और शुल्क :** प्रत्येक जोनल कमिटी में प्रतिनिधियों की संख्या न्यूनतम 150 और अधिकतम 200 होगी। प्रत्येक प्रतिनिधि को 1000 रुपए शुल्क देना होगा। सभी परियोजनाओं एवं कमिटियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएगी।

# राज्यपाल से मिले पूर्व मंत्री बंधु तिर्की उच्च शिक्षा व जनजातीय मुद्दों पर चर्चा

### विश्वविद्यालयों में कुलपति पदों पर स्थानीय व्यक्तियों की नियुक्ति के विचार करने का अनुरोध

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को राज भवन में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने भेंट की। इस अवसर पर शिष्टमंडल ने उन्हें विभिन्न विषयों से संबंधित एक ज्ञापन समर्पित किया। इंटरमीडिएट कक्षा के नामांकन पर पुनर्विचार का अनुरोध : शिष्टमंडल ने राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों के अधीनस्थ अंगीभूत महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट कक्षा में छात्र/छात्राओं के नामांकन पर पुनर्विचार का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। मौके पर रांची की पूर्व मेयर और कांग्रेसी नेता रमा खलखो समेत अन्य उपस्थित थे।

**जनजातीय समाज के शिक्षाविदों के साथ बैठक का आग्रह :** शिष्टमंडल ने राज्यपाल से जनजातीय समाज के शिक्षाविदों के साथ पृथक बैठक कर उच्च शिक्षा में सुधार संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे उच्च शिक्षा में सुधार के लिए नए दृष्टिकोण और समाधान प्राप्त हो सकते हैं।
पूर्व मंत्री श्री तिर्की ने राज्य में भूमि के अवैध हस्तांतरण की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सुझाव दिया कि इस विषय पर भी जनजातीय समाज के विशेषज्ञों के साथ संवाद कर आवश्यक कदम उठाए जाये।

### कुलपति पदों पर स्थानीय व्यक्तियों की नियुक्ति का अनुरोध

शिष्टमंडल ने राज्यपाल से राज्य के विश्वविद्यालयों में कुलपति पदों पर स्थानीय व्यक्तियों की नियुक्ति के लिए विचार करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इससे उच्च शिक्षा में स्थानीय आवश्यकताओं और समस्याओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी। महामहिम ने प्रतिनिधिमंडल की मांग पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन देते हुए कहा कि वे बहुत जल्द उच्च शिक्षा के क्षेत्र मे सुधार का आवश्यक कदम उठाते हुए विश्वविद्यालय शिक्षकों के प्रतिनिधियों से बैठक कर उनसे सुझाव आमंत्रित करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में शांतनु मिश्रा, रमा खालखो, शिवराम, रमेश महली, मंगल उरांव, करमा उरांव, मोहम्मद जमील और मोहम्मद सिद्दीकी शामिल थे।

## लालू यादव के 78 वें जन्मदिन पर झारखंड प्रदेश राजद ने 78 पाउंड का केक काटा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** प्रदेश राजद की ओर से राजद कार्यालय में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 78 वा जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने पार्टी चुनाव चिन्ह लालटेन से सजा हुआ सुसज्जित 78 पाउंड का केक काटकर दीघार्यु की कामना कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि राजद अध्यक्ष लालू प्र यादव का जन्म गोपालगंज के फुलवरिया गांव में पिता स्व. कुंदन राय और माता मरछिया देवी के परिवार में हुआ था।
लालू प्र यादव का राजनीतिक जीवन दलित दबे कुचले दलित पिछड़े अल्पसंख्यक आदिवासी एवं वंचित समाज के हक और अधिकार दिलाने के लिए जाना जाता रहा है। लालू जी गुदड़ी के लाल हैं उनके चाहने वाले करोड़ों लोगों का आस्था सदैव है उन्होंने हजारों कार्यकताओं को पार्टी से विधायक सांसद बनवाए। गैर बराबरी एवं समतामूलक समाज को बढ़ावा दिया वे सामाजिक परिवर्तन व सामाजिक न्याय के महानायक के रूप में जाने जाते हैं। वे देश के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं, आज लालू यादव जी का जन्मदिन को राजद ने सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप में मनाया। लालू प्रसाद यादव बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री के तौर पर कार्य किए।
विदित है कि प्रदेश राजद के निदेशार्नुसार सभी जिला अध्यक्ष अपने अपने जिले में गांव गांव जाकर गरीब जरूरतमंदों फल मिठाई वस्त्र कॉपी किताब वितरण कर भोजन कराया गया।
पार्टी कार्यालय में झोपड़पप्ती में रहने वाले सैकड़ों गरीब बच्चों एवं महिलाओं को फल मिठाई वितरण किया गया। मौके पर उपाध्यक्ष श्यामदास सिंह, महासचिव मनोज पांडेय, आबिद अली, प्रणय कु बबलू, मदन यादव, सुनीता चौधरी, विक्रम यादव, चंद्रशेखर भगत, सुधीर गोप, रामकुमार यादव, राजेश रौशन, विश्वनाथ राम घूरा, शब्बर फातमी, संजय यादव, राजकिशोर सिंह, संतोष यादव आदि मौजूद थे।

### झारखंड राज्य के समर्थक थे पायलट साहब : शशि भूषण राय

**रांची।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और किसान नेता स्वर्गीय राजेश पायलट की 25वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को उन्हें श्रद्धांजलि दी। यह आयोजन अमरावती कॉलोनी के शिव मंदिर प्रांगण के समीप किया गया। इस अवसर पर स्वर्गीय राजेश पायलट के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और उनके कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर शशि भूषण राय ने अपने युवा कांग्रेस के दिनों को याद किया जब उन्होंने राजेश पायलट से मुलाकात की थी। उन्होंने बताया कि झारखंड क्षेत्र की ऑटोनॉमस काउंसिल के विषय में गंभीरता से चर्चा की थी और उनके ही कार्यकाल में झारखंड ऑटोनॉमस काउंसिल का गठन किया गया था। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद बच्चों के बीच पुस्तकों का वितरण किया गया और उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर युवा नेता प्रशांत गौरव, महेश राय, विकास सिंह , रोहन सिंह और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सीएम के अपर मुख्य सचिव से मिला झारखंड सचिवालय सेवा संघ डेलिगेशन



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड सचिवालय सेवा संघ का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार तथा कार्मिक सचिव प्रवीण कुमार टोप्पो से शिष्टाचार मुलाकात किया। प्रतिनिधिमंडल में संघ के अध्यक्ष रितेश कुमार, महासचिव राजेश कुमार सिंह सहित धर्मेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, वैद्यनाथ मुर्मू, विवेक बास्के, राघवेन्द्र सिंह एवं रजनीश कुमार शुक्ला शामिल थे। उन्होंने बताया कि यह मुलाकात सौहार्द्र, पारस्परिक विश्वास और सहयोग की भावना के साथ सम्पन्न हुई।

### राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर जताया आभार

दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने नवगठित कार्यकारिणी को अपनी शुभकामनाएं दीं और संगठन के साथ सकारात्मक संवाद एवं सहयोग बनाए रखने का आश्वासन दिया। संघ की ओर से सचिव को संगठन के विषयों में रुचि लेने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यह भेंट संगठन एवं शासन के मध्य विश्वास और पारस्परिक सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

## खबर एक नजर में

### विनय चौबे की याचिका हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध



**रांची।** शराब घोटाला के गंभीर आरोपों में एसीबी द्वारा गिरफ्तार आइएएस अधिकारी विनय चौबे की याचिका झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हो गई है। हाईकोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक, विनय चौबे की याचिका पर 13 जून को सुनवाई होगी और उनका मामला जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हुआ है। दरअसल विनय चौबे ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में उनके खिलाफ एसीबी द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी और कार्रवाई को निरस्त करने और एसीबी द्वारा उनकी गिरफ्तारी करने को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की है। बीएनएस की धारा 482 के अंतर्गत उन्होंने याचिका दाखिल कर कहा है कि जिस मामले में उनके विरुद्ध एसीबी ने कार्रवाई की है वह पूरी तरह निराधार है और उनकी इस मामले में कोई संलिप्तता नहीं है। इसलिए उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द की जानी चाहिए और उन्हें न्यायिक हिरासत से रिहा किया जाना चाहिए। विनय चौबे की याचिका फिलहाल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि एसीबी ने 21 मई को राज्य के वरीय आइएएस अधिकारी विनय चौबे को शराब घोटाला से जुड़े मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। विनय चौबे फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं और राज्य सरकार ने उनपर लगे गंभीर आरोपों को देखते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया है।

### ग्रामीण विकास मंत्री का इंजीनियरों को निर्देश, गुणवत्ता में कोई कोताही नहीं

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने मुख्य अभियंता और कार्यपालक अभियंताओं को सख्त निर्देश दिए हैं कि रोड निर्माण में गुणवत्ता में कोई कोताही नहीं बरती जाए। अगर इस संबंध में कोई भी शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित अभियंताओं के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।
**केंद्र प्रायोजित योजनाओं का अधिक से अधिक चयन :** मंत्री ने सभी कार्यपालक अभियंताओं को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि केंद्र प्रायोजित योजना, पीएमजीएसवाई-4, पीएम जनमन के अंतर्गत अधिक से अधिक योजना का चयन कर स्वीकृति कराया जाए। अगर जिन सड़क, पुल निर्माण इन योजनाओं से नहीं हो सके, तो उसे राज्य योजना से चयन की कार्रवाई की जाएगी।

### शराब घोटाले के आरोपी की जमानत पर 21 जून को होगी सुनवाई



**रांची।** शराब घोटाले में जेल में बंद आरोपी मेसर्स मार्शन इनोवेटिव सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के स्थानीय प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर 21 जून को सुनवाई होगी। उसने जमानत की गुहार लगाते हुए नौ जून को याचिका दाखिल की है। एसीबी ने उसे 21 मई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तब से वह जेल में है। गौरतलब है कि जेपीएससी द्वितीय नियुक्ति घोटाले में चार्जशीटेड 18 आरोपियों को अदालत ने अग्रिम राहत की सुविधा प्रदान की है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत में बुधवार को दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई हुई। सुनवाई पश्चात अदालत ने शिवेंद्र, अमित कुमार, राम कृष्ण कुमार, इंद्रजीत सिंह, डॉ योगेंद्र सिंह, डॉ ओंकार नाथ सिंह, डॉ सुधीर कुमार शुक्ला, अमर नाथ सिंह, डॉ प्रदीप कुमार पांडेय, डॉ दिवाकर लाल श्रीवास्तव, डॉ मिथिलेश कुमार सिंह, डॉ सभाजीत कुमार यादव, डॉ बंशी कुमार यादव, डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ अशोक कुमार सिंह, डॉ शशि देवी, महेंद्र मोहन वर्मा और ओम प्रकाश सिंह को अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की। याचिकाकताओं ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये बीते 9 अप्रैल को याचिका दाखिल की थी। अदालत ने बीते 7 मार्च को 26 भ्रष्ट अफसरों समेत 64 आरोपियों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुये समन जारी किया है।

### नेक्सस के मालिक की बढ़ी मुश्किलें

**रांची।** राज्य में 38 करोड़ रुपये से अधिक के शराब घोटाले में आरोपी रांची के नेक्सस ऑटोमोबाइल कारोबारी विनय कुमार सिंह की मुश्किलें बढ़ गई है। उस पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी है। मामले के जांच अधिकारी ने एसीबी कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट प्राप्त कर लिया है। गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद उसकी गिरफ्तारी कभी भी कहीं से एसीबी की टीम कर सकती है। जांच अधिकारी ने पिछले दिनों गिरफ्तारी वारंट का आवेदन देकर इसे जारी करने का अनुरोध किया था। एसीबी पूछताछ के लिये कई समन कर चुकी है। बावजूद वह एसीबी के समक्ष पेश नहीं हुआ। इतना ही नहीं गिरफ्तारी के बचने के लिये उसने अदालत में अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की। जिस पर सुनवाई लंबित है। विनय कुमार सिंह निलंबित वरीय आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे के करीबी है। मामले में अब तक विनय कुमार चौबे समेत 5 की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### जीएसटी घोटाले के आरोपी की हुई आंशिक सुनवाई

**रांची।** 800 करोड़ रुपए से अधिक के जीएसटी घोटाले में जेल में बंद जमशेदपुर के जुगसलाई निवासी अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर बुधवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। मामले में ईडी को जवाब दाखिल करना है। इसके लिए अदालत ने एक सप्ताह का समय दिया है। साथ ही अगली सुनवाई की तारीख 19 जून निर्धारित की है। उसने जमानत की गुहार लगाते हुये 4 जून को याचिका दाखिल की है। यह मामला फर्जी शेल कंपनियों के नाम पर इनपुट टैक्स क्रेडिट का अवैध लाभ उठाकर बड़े पैमाने पर राजस्व चोरी से जुड़ा है। ईडी ने उक्त आरोप में 8 मई को गिरफ्तार किया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में है। मामले में ईडी ने अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# 30 जून के बाद उत्पाद विभाग खुद बेचेगा शराब!

## अभी लागू नहीं होगी नयी शराब नीति, जिले को मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार की शराब नीति कैबिनेट से पास तो हो गयी, लेकिन यह कब लागू होगा, यह तय नहीं है। लेकिन 30 जून के बाद जिले के उत्पाद कार्यालय को बिक्री की पूरी जिम्मेदारी दी जाएगी। विभाग खुद शराब बेचेगा। प्लेसमेंट एजेंसियों को हटा दिया जाएगा। हालांकि झारखंड में नयी शराब नीति के लागू होने से पहले ही उत्पाद विभाग में भूचाल आ गया। बताते चलें कि तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे और संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह के



अलावा वित्त महाप्रबंधक सुधीर कुमार दास और तत्कालीन वित्त महाप्रबंधक सुधीर कुमार को एसीबी ने गिरफ्तार कर लिया। इतना ही नहीं वर्तमान उत्पाद सचिव मनोज कुमार को भी एसीबी की तरफ से पूछताछ के लिए नोटिस भेजा जा चुका है। ऐसे में उत्पाद विभाग की स्थिति काफी लचर बतायी जा रही है। उत्पाद आयुक्त भी फिलहाल झारखंड में नहीं हैं, वो ट्रेनिंग के लिए राज्य से बाहर हैं।

**लॉटरी के लिए 45 दिनों का लगना था समय**

15 मई को झारखंड सरकार की तरफ से शराब नीति को कैबिनेट की मंजूरी मिली। उस वक्त बताया गया था कि कैबिनेट से पास होने के बाद 45 दिनों के अंदर लॉटरी कर खुदरा शराब दुकानों को निजी हाथों में दे दिया जाएगा। लेकिन, करीब एक महीना बीतने को है और इस दिशा में विभाग की तरफ से एक भी कदम आगे नहीं बढ़ाया गया है। उत्पाद विभाग के पुख्ता सूत्रों का कहना है कि विभाग में अधिकारियों की इतनी कमी है कि हर काम जस का तस पड़ा हुआ है। ऐसे में यह कतई संभव नहीं है कि 45 या 50 दिनों में विभाग लॉटरी करा पाये।

### क्या कहते हैं उत्पाद मंत्री

उत्पाद विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद के अनुसार 30 जून के बाद विभाग अपने हाथों में खुदरा शराब बिक्री का काम ले लेगा। उनका कहना है कि नयी शराब नीति को लागू करने में थोड़ी परेशानी आ रही है। 30 जून के बाद जिले के उत्पाद कार्यालय को बिक्री की पूरी जिम्मेदारी दी जाएगी। प्लेसमेंट एजेंसियों को हटा दिया जाएगा। बिक्री से लेकर मैनपावर की पूरी जिम्मेदारी जिले में पदास्थापित सहायक उत्पाद आयुक्त और टीम के ऊपर रहेगी। बाद में स्थिति बेहतर होते ही नयी शराब नीति को लागू कर दिया जाएगा।

## भाजपा ने हेमंत सरकार पर लगाया शिक्षकों का अपमान करने का आरोप

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा झारखंड प्रशिक्षित माध्यमिक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2025 के विज्ञापन पर सवाल उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि हेमंत सरकार गलत तरीके से नियमावली में बदलाव कर नये वेतनमान में शिक्षकों को बहाली कर अपमानित करना चाहती है। उन्होंने हेमंत सरकार को आड़े हाथों लेते हुये कहा है कि एक ओर हेमंत सरकार राज्य के नौकरियों को खत्म कर रही है। वहीं, दूसरी ओर बिना नियोजन नीति के गलत नियमावली थोपकर कम वेतनमान देकर राज्य के शिक्षित बेरोजगारों का शोषण करना चाहती है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने 102 उच्च विद्यालय में टीजीटी और पीजीटी शिक्षकों के स्थान पर माध्यमिक आचार्य का पद सृजित किया है। साथ ही नियमावली में बदलाव कर वेतनमान कम कर दिया है। इससे शिक्षकों के बीच विभेदीकरण होगा और शिक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में टीजीटी शिक्षकों की नियुक्ति 4600 ग्रेड पे एवं बेसिक वेतन 44900 पर होती थी। जबकि पीजीटी शिक्षकों की नियुक्ति 4800 ग्रेड पे एवं बेसिक वेतन 47600 पर होती थी। लेकिन, सरकार की नई नियुक्ति नियमावली के तहत उनके स्थान पर माध्यमिक आचार्य को 4200 ग्रेड पे एवं 35400 बेसिक वेतन दिया जायेगा। जो पूर्व के अपेक्षाकृत काफी कम है। शिक्षकों की भूमिका में बदलाव रू पहले नौवीं एवं दसवीं कक्षा को पढ़ाने के लिये टीजीटी तथा ग्यारहवीं एवं बारहवीं कक्षा को पढ़ाने के लिए पीजीटी शिक्षक होते थे।

### फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

# अहले सुबह तीन मंजिला इमारत में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

▶▶ हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र की घटना



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के मेन रोड स्थित हिंदपीढ़ी में एक घर में बुधवार सुबह पांच बजे अचानक एक तीन मंजिला इमारत में आग लग गई। इस अगलगी से पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का महौल उत्पन्न हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही हिंदपीढ़ी थाना की पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की कर्मियों के द्वारा आग पर काबू पाया गया। इस अगलगी में घर का सारा सामान जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार इस आगलगी के पीछे की वजह घर में खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी बताई गई है। इलेक्ट्रिक स्कूटी को चार्ज में लगाया गया था। जिसमें पहले शॉर्ट सर्किट से आग लगी और फिर आग की लपटें घर के समान को अपने चपेट में ले लिया। जिससे पूरा घर आग की लपटों से घिर गया। देखते ही देखते घर में रखे इलेक्ट्रिक ऑटो समेत लाखों के सामान जलकर खाक हो गए। हालांकि इस अगलगी की घटना में घर के सदस्यों ने वहां से भाग कर अपनी जान बचायी। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

प्रत्यक्षदर्शी डॉ असलम ने बताया कि आग की सूचना उन्होंने एडीएम आलोक और फायर डिपार्टमेंट को दी। जिसके बाद दस मिनट के अंदर ही फायर ब्रिग्रड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घर में आग लगने से आस पास में अफरा तफरी मच गई, क्योंकि आग भयानक रूप ले चुकी थी। अगर समय रहते काबू न पाया जाता तो दूसरे घरों को भी आग अपनी चपेट में ले लेती।

इस संबंध में हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी सुनील कुशवाहा ने बताया कि योहन सुलेमान के घर में अगलगी की घटना घटी है। घर का सारा सामान जलकर राख हो गया है। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की दो वाहनों ने घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने में सफल रही। घर मालिक के द्वारा अबतक लिखित आवेदन नहीं दिया गया है।

### मंत्री ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा

# अस्पतालों में अब एक ही छत के नीचे इलाज, जांच और दवा : स्वास्थ्य मंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि जब तक संस्थानों को मजबूत नहीं किया जाएगा, तब तक स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ नहीं हो सकती। सरकार की प्राथमिकता है कि स्वास्थ्य विभाग को एक मजबूत और आत्मनिर्भर संस्थान के रूप में विकसित किया जाए। इसके लिए तेजी, पारदर्शिता और समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तेजी का अर्थ किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य आपात स्थितियों को ध्यान में रखते हुए सुव्यवस्थित ढंग से कार्य करना है। राज्य के हर सरकारी अस्पताल को इस प्रकार विकसित किया जाएगा कि मरीजों को इलाज के लिए बाहर जाने की आवश्यकता न पड़े। एक ही छत के नीचे इलाज, जांच और दवा की सम्पूर्ण व्यवस्था हो। डॉ अंसारी बुधवार को नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान सभागार में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निविदा प्रक्रियाओं में शिथिलता पर असंतोष व्यक्त करते हुए प्रत्येक सप्ताह समीक्षा किए जाने का निर्देश दिया।



#### स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक समीक्षा

स्वास्थ्य मंत्री ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत स्वास्थ्य अनुदान, रेडियोलॉजी-पैथोलॉजी, डायलसिस, एनसीडी, सीटी स्कैन, एमआरआई, आईईसी, पीएसए प्लांट सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक अबु इमरान, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ चन्द्र किशोर शाही, प्रशासी पदाधिकारी लक्ष्मी नारायण किशोर समेत राज्य स्तर के विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभारी व परामर्शदाता उपस्थित थे।

**स्वास्थ्य संस्थानों में सुधार का दिया निर्देश :** मंत्री ने कहा कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों में रंग-रोगन व मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ हो। संस्थान परिसरों में रात्रि में हाई मास्ट व सोलर लाइट की व्यवस्था हो। स्वास्थ्य उपकरणों की खरीद, रख-रखाव और संचालन के लिए विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाये। निविदा प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और एकीकृत की जाये।

**रेडियोलॉजी-पैथोलॉजी और डायलसिस सेवाओं में सुधार:** डॉ अंसारी ने निर्देश दिया कि राज्य के सभी अस्पतालों में रेडियोलॉजी-पैथोलॉजी और डायलसिस जांच की स्वयं की यूनिट स्थापित हो। उन्होंने बिचौलियों पर कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि मरीजों से अवैध रूप से पैसे मांगने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी।

**रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति का निर्देश :** ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सक, चिकित्सा पदाधिकारी, एएनएम, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, सीएचओ तथा प्रबंधन पदों की रिक्तियों की जानकारी ली गई। मंत्री ने निर्देश दिया कि सभी पदों पर नियुक्ति की एकीकृत प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए।

**अस्पतालों में यूट्यूबर्स और अनधिकृत मीडिया पर रोक :** स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में अनधिकृत यूट्यूबर्स और मीडिया कर्मियों के प्रवेश पर रोक लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ये तत्व संस्थानों की छवि धूमिल कर रहे हैं और ऐसे लोगों की पहचान कर कार्रवाई जरूरी है।

**रेडियोलॉजी जांच प्रणाली का एकीकरण :** बैठक में अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने रेडियोलॉजी जांच को एकीकृत प्रणाली से जोड़ने का प्रस्ताव तैयार करने को कहा, जिससे राज्य भर में इस सेवा की उपलब्धता और गुणवत्ता में सुधार आएगा।

# हटिया रेलवे स्टेशन में लावारिस बैग से चोरी के 18 मोबाइल मिले

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रेल सुरक्षा बल रांची द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन 'सतर्क' के तहत हटिया रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को प्रतिबंधित सामग्रियों की सघन जांच की गई। शाम चार बजे से शुरू इस जांच अभियान में आरपीएफ पोस्ट हटिया तथा फ्लाइंग टीम रांची के अधिकारियों और कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से ट्रेन संख्या 15027 (एक्सप्रेस) के सामान्य डिब्बे में एक काले रंग का पिठू बैग लावारिस हालत में मिला। बैग की पहचान के प्रयास किए गए, लेकिन कोई भी व्यक्ति उसका दावा करने सामने नहीं आया। बैग को डिब्बे से नीचे उतारकर प्लेटफॉर्म पर जांच की गई। जिसमें बैग से विभिन्न कंपनी के 18 मोबाइल फोन, एक आधार कार्ड और कुछ पुराने कपड़े बरामद किए गए। मोबाइल फोन चालू अवस्था में थे, जिनमें से दो अनलॉक स्थिति में पाए गए। उन पर सहेजे गए संपर्क नंबरों से संपर्क किया गया, जिससे यह ज्ञात हुआ कि ये दोनों मोबाइल फोन अलग-अलग स्थानों से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी किए गए थे। एएसआई अनिल कुमार ने सभी 18 मोबाइल फोन, आधार कार्ड व पिठू बैग को विधिवत रूप से जब्त किया तथा इसे जीआरपीएस हटिया को सुपुर्द किया। जीआरपीएफ हटिया द्वारा उक्त प्रकरण में मामला दर्ज कर लिया गया है। बरामद सामानों की अनुमानित कुल कीमत लगभग दो लाख पचास हजार आंकी गई है।

## नाबालिग को आ रही थी मां की याद छात्रावास से भागकर पहुंचा स्टेशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची रेल मंडल में मंडल सुरक्षा आयुक्त, पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ बेहद सतर्क है। 10 जून को लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर नियमित जांच के दौरान, आरपीएफ लोहरदगा द्वारा एक नाबालिग लड़का को प्लेटफॉर्म नंबर 01 पर बेंच पर अकेले बैठा हुआ देखा गया। जिसके बाद आरपीएफ ने संदेह होने पर नाबालिग से पूछताछ की, लड़के ने अपनी पहचान शिवराज उरांव, उम्र 12 वर्ष, पिता अरविंद ओरांव, निवासी करक, पुलिस स्टेशन कुरू, जिला लोहरदगा, झारखंड के रूप में बताई। टीम को उसने आगे बताया कि वह सेंट पॉल पब्लिक स्कूल, भंडरा में कक्षा-चार का छात्र है और उसी स्कूल के छात्रावास में रहता है। उसने कहा कि उसने अपनी मां को याद करने के कारण छात्रावास से भाग गया था। इस मामले की जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन लोहरदगा को मोबाइल फोन के माध्यम से दी गई और बचाए गए नाबालिग लड़के को सभी कानूनी औपचारिकताओं का पालन करने के बाद उन्हें सौंप दिया गया। टीम में एसआई एल. के. मिश्रा, एएसआई एम. सिंह सहित अन्य शामिल थे।

## अवैध शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** रांची रेल मंडल के तहत रेल सुरक्षा बल द्वारा अपराध नियंत्रण व प्रतिबंधित सामग्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सतर्क में सफलता हासिल हुई है। 10 जून को आरपीएफ, हटिया पोस्ट एवं फ्लाइंग टीम रांची द्वारा हटिया रेलवे स्टेशन पर जांच अभियान चलाया गया। मंगलवार शाम दो संदिग्ध व्यक्तियों को दो पिठू बैग के साथ बैठे हुए पाया गया। संदेह के आधार पर दोनों व्यक्तियों को रोका गया और उनके बैग की तलाशी ली गई। इस तलाशी के दौरान 23 बोतल अवैध शराब बरामद की गई। आरपीएफ टीम के द्वारा पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम संजू तिर्की और प्रभात कुमार बताया कि वे इन शराब की बोतलों को हटिया से खरीदकर बिहार में अधिक कीमत पर बेचने के लिए ले जा रहे थे, जिससे उन्हें निजी लाभ हो सके।

### खबर एक नजर में

#### पांच-पांच सौ रुपये के आठ नकली नोट सहित नाबालिग पकड़ाया

**रांची।** लोअर बाजार थाना अंतर्गत सुधा कांपलेक्स से नाबालिग को नकली नोट के साथ पकड़ा गया है। नाबालिग के पास से पांच-पांच सौ के आठ नकली नोट बरामद की गई है। इस संबंध में लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद प्रसाद ने बताया कि पुलिस के द्वारा नाबालिग से पूछताछ की जा रही है।

#### चुटिया थाना पुलिस ने तीन वारंटियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

**रांची।** चुटिया थाना की पुलिस ने तीन वारंटी हीरालाल साहु, रवि साहु( चुटिया) और अमन तुषार मिंज (कृष्णापुरी,चुटिया) को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस संबंध में चुटिया थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि न्यायालय से तीनों अभियुक्तों के खिलाफ गैर जमानतीय वारंट निर्गत किया गया था। तीनों अभियुक्त काफी दिनों से फरार चल रहे थे। तीनों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

#### अनिल टाइगर हत्याकांड के आरोपी देवव्रत शाहदेव को हाईकोर्ट से जमानत

**रांची।** भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या के मामले में आरोपी बनाए गए देवव्रत नाथ शाहदेव को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने बुधवार को उन्हें 50-50 हजार रुपये के दो निजी मुचलकों पर अग्रिम जमानत देने का आदेश दिया है। अनिल टाइगर की गोली मारकर हत्या बीते 26 मार्च को की गई थी। इस घटना के बाद रांची में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया था। बंद का भी आह्वान किया गया था। हालांकि, पुलिस जांच में यह सामने आया कि यह हत्याकांड जमीन से जुड़ा विवाद था। इस मामले में देवव्रत नाथ शाहदेव को साजिशकर्ता बताते हुए पुलिस ने आरोपी बनाया है।

#### छुरेबाजी की घटना में दो युवक घायल



**रांची।** डोरंडा थाना अंतर्गत पत्थर रोड, मनी टोला में बुधवार सुबह दो गुट में आपसी विवाद में छुरेबाजी की घटना घटी। इस घटना में सोहन कच्छप और राहुल कुमार घायल हो गया। अस्पताल में दोनों का प्राथमिक इलाज कर घर भेज दिया गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन युवक सरताज, मेंहदी और राजा को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस घटना के संबंध में आसपास के लोगों ने बताया कि मोहल्ला में आये दिन नशेड़ियों का अड्डाबाजी लगा रहता है। आपसी विवाद में युवकों के बीच छुरेबाजी की घटना घटी है। क्षेत्र में नशीला पद्धार्थो की खरीद-ब्रिकी होती रहती है। क्षेत्र में जुआ और नशा चरम पर है। पुलिस को इसकी जानकारी देने पर भी किसी प्रकार की कार्रवाई नही होती है।

# देर रात संदीप थापा सहित दो लोग पुलिस हिरासत में, पूछताछ जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**


**रांची।** कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में सुखदेव नगर थाना की पुलिस टीम ने मंगलवार देर रात सिमालिया और कटहल मोड़ में छापामारी कर संदीप थापा व बिट्टू सिंह को हिरासत में ली है। दोनों से सुखदेव नगर थाना में पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने संदीप थापा को सिमालिया स्थित घर से और बिट्टू सिंह को कटहल मोड़ स्थित घर से पकड़ा गया है। पुलिस के द्वारा संदीप के घर से मसर्डिज कार व उसके निजी अंगरक्षक आदित्य सिंह के दो लाईसेंसी हथियार को जब्त की गई है। आर्म्स लाईसेंस यूपी का है,जिसकी जांच पुलिस कर रही है। वहीं बिट्टू सिंह के स्कार्पियों को पुलिस ने थाना लाया है।

कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने संदीप थाना और आदित्य सिंह को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। इस मामले को लेकर कोतवाली डीएसपी ने बताया कि संदीप थापा को लेकर कई शिकायत मिली थी, इसके बाद पूछताछ के लिए लाया गया है। इसके अलावा पुलिस के द्वारा संदीप थाना और आदित्य सिंह के कार को थाना लाया गया है। वहीं दो हथियार भी बरामद किया गया है, जिसके लाइसेंस जांच की जा रही है। इस पूरे मामले को लेकर पुलिस की टीम जांच कर रही है।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए रांची जिला के पांच कुख्यात अपराधियों को जिलाबदर किया गया था। इनमें संदीप प्रधान उर्फ संदीप थापा, विजय सिंह उर्फ गेंदा सिंह, राजीव कुमार उर्फ बिट्टू मिश्रा, बलिराम साहू व मटका किंग आनंद वर्मा शामिल था।

# लोहरदगा स्टेशन पर छूटा यात्री का बैग आरपीएफ ने सुरक्षित लौटाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची से सासाराम जा रही एक्सप्रेस ट्रेन (संख्या 18635) से लोहरदगा स्टेशन पर एक किशोर यात्री का बैग छूट गया था, जिसमें मोबाइल फोन और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। मात्र कुछ ही घंटों के भीतर आरपीएफ पोस्ट लोहरदगा की टीम ने तत्परता और ईमानदारी से कार्य करते हुए उक्त बैग को सुरक्षित रूप से बरामद कर यात्री को लौटा दिया। यात्री गोपी आनंद, आयु 16 वर्ष, पुत्र श्री सुनील राम, निवासी - तेलारी, थाना - छतरपुर, जिला - पलामू ने आरपीएफ के एएसआई महेश सिंह को सूचना दी कि वह रांची से डाल्टनगंज के लिए जनरल टिकट पर यात्रा कर रहा था। ट्रेन के लोहरदगा स्टेशन पर रुकने के दौरान वह नाश्ता व चाय लेने नीचे उतरा और इसी दौरान ट्रेन रवाना हो गई, जिससे उसका बैग प्लेटफॉर्म पर ही रह गया। यात्री की सूचना मिलते ही एएसआई महेश सिंह ने तत्परता दिखाते हुए टोरी स्टेशन पर तैनात आरपीएफ जॉइंट चेकिंग स्टाफ को सूचित किया। मुन्ना महतो एवं संत राज चौहान ने तुरंत कार्यवाही करते हुए बैग को सुरक्षित बरामद किया और आरपीएफ पोस्ट लोहरदगा पहुंचाया। अगले दिन 10 जून को सुबह लगभग 08:00 बजे गोपी आनंद आरपीएफ पोस्ट लोहरदगा पहुंचे, जहां विधिवत सत्यापन के उपरांत उनका बैग, जिसमें रेडमी कंपनी का मोबाइल फोन और दस्तावेज थे, सुरक्षित रूप से उन्हें सौंप दिया गया।

### उपायुक्त ने सदर अपस्ताल गवर्निंग बॉडी की बैठक की, निरीक्षण भी किया

# सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, बुनियादी ढांचे का विकास और रोगी कल्याण योजनाओं में होगी बढ़ोत्तरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को सदर अस्पताल में सदर अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक हुई। जिसमें सिविल सर्जन सदर रांची डॉ. प्रभात कुमार, आयुष्मान भारत के नोडल पदाधिकारी, चिकित्सा विशेषज्ञों, रोगी कल्याण समिति के सदस्यों और अन्य हितधारकों ने भाग लिया। उधर, दूसरी ओर डीसी ने अस्पताल का निरीक्षण किया और दवाईयों, इमेरजेंसी और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, बुनियादी ढांचे का विकास, और रोगी कल्याण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए।

**पेट स्कैन सेवा :** सदर अस्पताल में अत्याधुनिक पेट स्कैन सेवाओं की स्थापना का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। यह सुविधा कैंसर और अन्य जटिल रोगों के निदान में मील का पत्थर साबित होगी, जिससे मरीजों को सुविधा होगी।

**मैमोग्राफी सेवा :** महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए, अस्पताल में मैमोग्राफी सेवाओं की शुरूआत का निर्णय लिया गया। यह सुविधा स्तन कैंसर की प्रारंभिक जांच और रोकथाम में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

**रेडियोलॉजी सेवा :** आपातकालीन और नियमित चिकित्सा जरूरतों को पूरा करने के लिए चौबीस घंटा सातों दिन रेडियोलॉजी सेवाएं शुरू करने का फैसला लिया गया।

**ब्लॉक स्तर पर रक्त नमूना संग्रह और परिवहन :** बैठक में ब्लॉक स्तर पर रक्त नमूना संग्रह केंद्र स्थापित किए जाने पर विचार किया गया। यह प्रणाली ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों के लिए जांच सुविधाओं को सुलभ बनाएगी।

**लीज लाइन कनेक्शन की स्थापना:** अस्पताल में निर्बाध डिजिटल संचालन और टेलीमेडिसिन सुविधाओं के लिए लीज लाइन कनेक्शन स्थापित करने पर विचार किया गया। यह अस्पताल के डिजिटलीकरण और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगा।

**ऑडिटोरियम और डाइनिंग एरिया की दर निर्धारण:** अस्पताल परिसर में ऑडिटोरियम और डाइनिंग एरिया के उपयोग के लिए उचित दरें निर्धारित की गयीं। यह सुविधाएं प्रशिक्षण, सेमिनार और कर्मचारी कल्याण के लिए उपयोगी होंगी।

**उपकरणों का रख रखाव :** अस्पताल के चिकित्सा उपकरणों के रखरखाव और कार्यक्षमता के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध लागू करने का निर्णय लिया गया।

**मुद्रित रजिस्टर और प्रारूप :** ओपीडी और आईपीडी के सभी विभागों के लिए मानकीकृत मुद्रित रजिस्टर और प्रारूप लागू किए जाएंगे।

**गैर आयुष्मान/नकद सर्जिकल रोगियों के लिए दर निर्धारण :** उपायुक्त द्वारा गैर आयुष्मान भारत योजना के तहत आने वाले मरीजों और नकद भुगतान करने वाले सर्जिकल रोगियों के लिए पारदर्शी और किफायती दरें निर्धारित करने का निर्देश दिया गया।

**पूर्ण सेटअप 2 मॉड्यूलर ओटी :** सदर अस्पताल में दो अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर (ओटी) स्थापित करने का प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया गया।

**क्षतिग्रस्त उपकरण :** अस्पताल में मौजूद क्षतिग्रस्त और अप्रचलित उपकरणों को बदलने की मंजूरी दी गई, ताकि नए उपकरणों के लिए स्थान और संसाधन उपलब्ध हो सकें।

**अस्पताल उपकरणों की खरीद :** अस्पताल की चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नए और उन्नत उपकरणों की खरीद के लिए बजट और प्रक्रिया पर विचार किया गया।

**स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा और सुधार पर विशेष चर्चा :** अस्पताल में आपातकालीन सेवाओं, मातृ-शिशु स्वास्थ्य देखभाल, और संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया गया।

ओपीडी विभाग के समय को और अधिक प्रभावी बनाने का निर्णय लिया गया। निदान सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए डिजिटल एक्स-रे मशीन और अल्ट्रासाउंड उपकरणों की मरम्मत और नए उपकरणों की खरीद की योजना को मंजूरी दी गई।

मरीजों के परिजनों के लिए विश्राम कक्ष और स्वच्छ पेयजल सुविधा को बढ़ाने पर जोर दिया गया।

रोगी कल्याण समिति के तहत गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए मुफ्त दवाओं और जांच की सुविधा को और व्यापक करने का निर्णय लिया गया।

गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए विशेष देखभाल इकाई की स्थापना के लिए बजट आवंटन पर सहमति बनी।

**कर्मचारी प्रशिक्षण और भर्ती पर जोर :** चिकित्सकों और पैरा-मेडिकल स्टाफ के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया को तेज करने और विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति पर जोर दिया गया।

डॉग बाइट की घटना पर विस्तृत चर्चा

भविष्य में रोबोटिक सर्जरी भी की जाएगी

कोविड गाइडलाइन्स का सतर्कता से पालन करने के निर्देश।

# सीयूजे के राहुल ने चीनी ब्रिज प्रतियोगिता में पाया दूसरा स्थान, अब जायेंगे चीन




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के छात्र राहुल पंडित ने देशभर में आयोजित चीनी ब्रिज प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया है। इस बड़ी कामयाबी के बाद अब राहुल चीन की 15 दिन की यात्रा पर जाएंगे। जहां वे बीजिंग, शंघाई और शजियाझुआंग जैसे शहरों में वहां की संस्कृति को जानने और देखने का मौका पाएंगे।

राहुल, सीयूजे के चीनी भाषा विभाग में बीए के दूसरे साल के छात्र हैं। उन्होंने इस प्रतियोगिता में अपनी चीनी भाषा की समझ, आत्मविश्वास और अच्छा प्रदर्शन दिखाकर देशभर के छात्रों में दूसरा स्थान पाया। इस प्रतियोगिता में भारत के कई बड़े विश्वविद्यालयों के छात्र शामिल हुए थे, जैसे जेएनयू, बीएचयू, एमिटी और सिक्किम विश्वविद्यालय। सीयूजे के कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने राहुल और पूरे विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह हमारे छात्रों और शिक्षकों की मेहनत का नतीजा है। विभागाध्यक्ष प्रो रबिंद्रनाथ सरमा और अन्य शिक्षकों ने भी राहुल की तारीफ की और कहा कि यह सफलता पूरे विभाग के लिए गर्व की बात है।

## उपायुक्त ने दिये डीजे संचालकों के लिए अनिवार्य रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश

# 24 जून तक कराना होगा रजिस्ट्रेशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने उच्च न्यायालय के आदेशानुसार डीजे संचालकों के लिए अनिवार्य रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिये। जिला प्रशासन द्वारा सभी डीजे संचालकों को सूचित किया जाता है कि उन्हें अपने डीजे संचालन का रजिस्ट्रेशन अपने क्षेत्र के संबद्ध पुलिस थाने में दिनांक 24 जून 2025 तक अनिवार्य रूप से कराना होगा। यह कदम सार्वजनिक शांति, सुरक्षा, और ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में उठाया गया है, ताकि डीजे संचालन से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को नियंत्रित किया जा सके।

**रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया**

सभी डीजे संचालकों को अपने निकटतम पुलिस थाने में संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज, जैसे पहचान पत्र, व्यवसाय का विवरण, और उपकरणों की जानकारी, स्वघोषणा पत्र के साथ रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा



करना होगा एवं सभी नियमों और दिशा-निर्देशों का अनुपालन करना होगा।

**अंतिम तिथि**

रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 24 जून 2025 निर्धारित की गई है। इस तिथि के प™ात रजिस्ट्रेशन न कराने वाले संचालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कानूनी कार्रवाईः माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन करने वाले डीजे संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जुमार्ना, उपकरण जब्ती, और अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती हैं।

ध्वनि प्रदूषण नियमों का पालन

रजिस्ट्रेशन के साथ-साथ, सभी डीजे संचालकों को ध्वनि प्रदूषण (नियंत्रण और विनियमन) नियम, 2000 और स्थानीय प्रशासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करना होगा।

**जिला प्रशासन की अपील**

जिला प्रशासन सभी डीजे संचालकों से अपील करता है कि वे इस निर्देश का गंभीरता से पालन करें और निर्धारित समय-सीमा के भीतर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण करें।

## राज्यपाल से मिले देवेंद्र महतो, राहे में डिग्री कॉलेज निर्माण कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ कराने की मांग

- राज्यपाल ने कॉलेज निर्माण कार्य प्रारंभ करने का दिया आश्वासन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सिल्ली विधान सभा की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने में जेएलकेएम केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो निरंतर सक्रियता निभा रहे हैं। सिल्ली विधान सभा सभा क्षेत्र में सरकारी महाविद्यालय के कमी दूर करने के लिए बुधवार को उन्होंने झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल से राहे में अतिशीघ्र सरकारी महाविद्यालय का निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि आजादी के 78 वर्ष और झारखंड गठन हुए 25 साल बाद भी 21वीं सदी वैज्ञानिक युग में सिल्ली विधान क्षेत्र में एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं है। इस कारण सिल्ली विधान सभा क्षेत्र से लाखों छात्र उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विधान सभा चुनाव से पूर्व सरकारी डिग्री कॉलेज बनने का सरकार द्वारा स्वीकृति भी प्रदान की जा चुकी है। सिल्ली विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखण्ड/ अंचल राहे, मौजा- खटंगा में कुल 5 एकड़ जमीन डिग्री कॉलेज की स्थापना के लिए निःशुल्क भूमि हस्तांतरित भी की जा चुकी है। लेकिन अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। इससे क्षेत्र के छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में बहुत परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि अतिशीघ्र सरकारी डिग्री कॉलेज निर्माण कार्य शुरू किया जाये ताकि एक-दो वर्ष बाद नामांकन प्रक्रिया शुरू हो सके। मौके पर मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्यपाल संतोष गंगवार ने अतिशीघ्र कार्य प्रारंभ करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वाशन दिया।

# एनसीसी कैडेटों को संजय सेठ ने किया सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपने दिल्ली आवास पर एनसीसी कैडेटों को सम्मानित किया। इस अवसर पर एनसीसी के महानिदेशक गुरबीरपाल सिंह और संयुक्त सचिव पवन शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। दरअसल, राष्ट्रीय कैडेट कोर के माउंट एवरेस्ट अभियान दल ने 18 मई 2025 को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी, माउंट एवरेस्ट 8,848.86 मीटर को सफलतापूर्वक फतह किया। जो युवा रोमांच और प्रशिक्षण के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 2013 और 2016 के पिछले ऐतिहासिक अभियानों के बाद यह एनसीसी द्वारा तीसरी सफल एवरेस्ट चढ़ाई थी। 2025 का अभियान 10 एनसीसी कैडेटों, 5




लड़कियों और 5 लड़कों से बना था। जो सभी पहली बार चढ़ाई करने वाले थे। इनका चयन एक कठोर राष्ट्रीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया था। कैडेटों ने एक साल से अधिक समय तक विशेष पर्वतारोहण प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसकी शुरूआत पर्वतारोहण संस्थान, दार्जिलिंग अगस्त-सितंबर 2024 में बुनियादी और उन्नत पाठ्यक्रमों से हुई। इसके बाद सेना पर्वतारोहण संस्थान, सियाचिन बेस कैंप जनवरी 2025 में उच्च ऊंचाई वाले शीतकालीन प्रशिक्षण हुये। खास बात यह है कि सबसे कम उम्र के कैडेट, जिनकी उम्र सिर्फ 16 साल थी, ने सबसे कम उम्र के प्रतिभागी के रूप में इतिहास रचा। पूरी टीम ने शारीरिक सहनशक्ति, मानसिक दृढ़ता और टीम भावना का प्रदर्शन किया और 100 प्रतिशत शिखर सफलता दर हासिल की। यह एक ऐसी उपलब्धि है जिसकी अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोहियों और शेरपा गाइडों ने समान रूप से प्रशंसा की।

## हिंदी साहित्य भारती के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को दिया न्योता



**रांची।** हिंदी साहित्य भारती के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार मुलाकात कर आगामी जुलाई माह में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य गोष्ठी के लिए को आमंत्रण पत्र सौंपा। इस अवसर पर हिंदी साहित्य भारती की ओर से राज्यपाल को साहित्यिक कृतियों की तीन चयनित पुस्तकें, पुष्प गुच्छ एवं एक पारंपरिक शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रतिनिधि मंडल में डॉ अरुण सज्जन के साथ रांची जिला अध्यक्ष बलराम पाठक, संगठन महामंत्री अजय राय, तथा उपाध्यक्ष संजय सर्राफ शामिल थे।

### खबर एक नजर में

### रांची जिला मलखंभ प्रशिक्षण शिविर का समापन



**रांची।** समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट एवं रांची जिला मलखंभ संघ कि ओर से आयोजित 15 दिवसीय रांची जिला मलखंभ ग्रीष्मकालीन बालक बालिका मलखंभ प्रशिक्षण शिविर का समापन बुधवार को बंगीय सांस्कृतिक परिषद् उच्च विद्यालय सेक्टर 02 धुर्वा के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी आनंद केडिया, उमेश केडिया, स्मिता केडिया, बी एस पी विद्यालय सचिव सजल बनर्जी, रांची जिला मलखंभ संघ के अध्यक्ष अजय झा, रांची जिला मलखंभ संघ के महासचिव आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी डॉ अनिल कुमार, संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन मलखंभ कि वरीय राष्ट्रीय खिलाड़ी दिव्या कुमारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रशिक्षण शिविर संयोजक सह प्रशिक्षक विवेक कुमार ने किया।

## स्वस्थ रहने के लिये मन की शुद्धता और शांति जरूरी : आरएन सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एचईसी सेक्टर तीन के धर्मपरायण रविंद्र नाथ सिंह ने कहा कि स्वच्छ मन और स्वस्थ तन, दोनों ही हमारे जीवन के लिये महत्वपूर्ण हैं। मन की शुद्धता और शांति न केवल हमारे मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है। बल्कि यह हमारे शारीरिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती है। उन्होंने कहा कि मन की शुद्धता और शांति हमें आंतरिक शक्ति और संतुष्टि प्रदान करती है। जब हमारा मन शुद्ध और शांत होता है, तो हम अपने जीवन को अधिक सकारात्मक और अर्थपूर्ण बना सकते हैं। मन की शुद्धता और शांति हमें तनाव, चिंता और अवसाद जैसी मानसिक समस्याओं से बचाती है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन के लिये मन की शुद्धता और शांति बहुत महत्वपूर्ण है। जब हमारा मन शुद्ध और शांत होता है, तो हमारा शरीर भी स्वस्थ रहता है। मन की शुद्धता और शांति हमें शारीरिक समस्याओं जैसे कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोग से भी बचाती है। उन्होंने बताया कि ध्यान और योग हमें मन की शुद्धता और शांति प्रदान करते हैं। इसलिये, ध्यान और योग को अपनी दिनचर्या में अवश्य शामिल करें। प्राणायाम और व्यायाम हमें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इसलिये, नियमित रूप से व्यायाम करें। सकारात्मक सोच हमें शांति प्रदान करती है। इसलिए सदैव सकारात्मक सोचें।

# भारतीय युवक संघ -भूमि पूजन के साथ दुर्गा पूजा की शुरुआत

- कंबोडिया स्थित विश्व धरोहर अंकोरवट मंदिर का बनेगा प्रारूप
- 150 से अधिक कारीगर कर रहे हैं पंडाल का निर्माण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** भारतीय युवक संघ बकरी बाजार के संरक्षक रमेश खेमका एवं सचिव रवि रोहत्गी ने बुधवार को पूजा स्थान पर स्तंभ पूजन एवं भूमि पूजन कर पूजा पंडाल के निर्माण का श्रीगणेश किया। इस अवसर पर आचार्यों के द्वारा विधिवत भगवान का आह्वान करते हुए भूमि पूजन किया गया। अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष पूजा पंडाल में दर्शनार्थियों को कई तरह से सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। पूजा पंडाल का थीम अपने आप में एक विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक धरोहर है। पंडाल इतना बड़ा बनाया जाएगा कि बिना किसी दिक्कत और तकलीफ के लाखों लोग पंडाल की सुंदरता सहित मां के दर्शन कर सकेंगे। इस शुभ अवसर पर मुख्य रूप से रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष अशोक पुरोहित साथ ही संस्था के शंभू अग्रवाल, रमेश खेमका, राहुल अग्रवाल, अरविंद चौधरी, अमर पोद्दार, मुकेश जालान, रवि रोहत्गी, कमल जालान, अमित सोनी, सिद्धांत तोदी, विवेक अग्रवाल, सत्येंद्र जालान, संजय चौधरी, अमित बजाज, दीपक चौधरी, किशन मोदी, मनीष साहू, अभय बजाज, प्रमोद बगड़िया, किशोरी पोद्दार, सुनील अग्रवाल, प्रथम धेलिया, देवेश झा व अन्य सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी समिति के प्रवक्ता अमित बजाज ने दी।

### मन्मुख एजुकेशन में ईमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन कोर्स के दूसरे बैच का चल रहा प्रशिक्षण



**रांची।** मन्मुख एजुकेशन कांके रोड रांची एवं सी.सी.एल के द्वारा ईमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन का कोर्स दूसरे बैच को कराया जा रहा है। जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों के युवक–युवतियों ने भाग लिया है। संस्था के संस्थापक मनोज कुमार झा ने मौके पर प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग मन लगाकर ट्रेनिंग प्रोग्राम को पूरा करें और अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। साथ ही अपने अगल–बगल के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा में सहयोग करें, जो कि आपको हमेशा याद रखेंगे। प्रोग्राम मैनेजर मनजीत कुमार झा ने भी अपनी बातों को रखा और कहा कि आप लोगों के लिए ही खास करके इस प्रोग्राम को कराया जा रहा है। जिससे कि आप लोग अपने आप को आर्थिक रूप से भविष्य को मजबूत कर सकें।

### समाजसेवी रवींद्र नाथ महतो की प्रथम पुण्य तिथि मनी



**रांची।** पूर्व पंचायत सेवक, समाजसेवी एवं भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता रवीन्द्र नाथ महतो की प्रथम पुण्य तिथि आज सोनाहातु प्रखंड के बांकू गांव में मनायी गयी। इस अवसर पर आयोजित स्व. रवीन्द्र नाथ महतो के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही दो मिनट का मौन रखकर स्व. रवीन्द्र नाथ महतो को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो ने कहा कि रवीन्द्र नाथ महतो सरकारी नौकरी में रहते पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने में लगे रहे। स्व. महतो को प्रकृति प्रेमी और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए भी याद किया जाएगा। वे बालिका शिक्षा के प्रबल समर्थक थे उनकी इच्छा थी कि बांकू गांव में एक बालिका उच्च विद्यालय बने। डॉ राजाराम महतो ने कहा कि उनके अधूरे सपनों को साकार करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर कुरमाली भाषा परिषद की ओर से एक पुस्तक प्रकाशित किया जाएगा जिससे आने वाली पीढ़ी उससे प्रेरणा ले सके। इस अवसर पर भवेश्वरी देवी, अधिवक्ता विजय कुमार, ब्रजेंद्र नाथ महतो, मृत्युंजय प्रसाद, प्रदीप कुमार महतो, ओंकार महतो, राजकुमार सिंह निराला, नवल किशोर सिंह निराला, सुभद्रा, आरती, पुष्पा, गीता, आदित्य, श्रेया, दिव्या, भोला महली, ललित कुमार, पदमलोचन महतो, रामेश्वर महतो, रोहित कुमार, ललित कुमार महतो, कार्तिक महतो, रमेश कुमार महतो, सुधीर सिंह मुंडा, विक्की समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## हम किसी भी जांच से नहीं भाग रहे हैं : अजीत सिन्हा

- रांची विवि के वीसी ने मीडिया के समक्ष रखा अपना पक्ष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के कार्यकाल के दौरान हुई कथित प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितताओं की जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले को लेकर उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है, जो पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच करेगी। इस पर रांची विवि के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वे किसी भी तरह की जांच से नहीं भाग रहे हैं। जांच हो जाए, दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। उन्होंने दावा किया कि उनके पास सभी कार्यों से संबंधित दस्तावेज,



बिल और स्वीकृतियां मौजूद हैं।

**विश्वविद्यालय के लिए कई सुधारात्मक कदम उठाये :** कुलपति ने कहा कि जब उन्होंने विश्वविद्यालय का कार्यभार संभाला, तब यूनिवर्सिटी भवन की हालत बेहद जर्जर थी। उन्होंने तात्कालिक रूप से सुधारात्मक कदम उठाए, ताकि छात्रों और शिक्षकों को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिल सके।

**अब तक का क्या है घटनाक्रम : राज्यपाल ने जांच के आदेश दिये :** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति के कार्यकाल के दौरान हुई कथित अनियमितताओं की जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है।

**कुलपति पर आरोप :** बिना टेंडर प्रक्रिया के निर्माण कार्य करवाने, शिक्षकों का स्थानांतरण दुर्भावना से प्रेरित होकर करने और नैक दौरे के नाम पर अनावश्यक सरकारी खर्च करने का आरोप है।

**कुलपति का पक्ष :** कुलपति ने जांच का स्वागत किया है और कहा है कि उनके पास सभी कार्यों से संबंधित दस्तावेज मौजूद हैं।

**जांच समिति की रिपोर्ट का इंतजार :** समिति की रिपोर्ट ही यह तय करेगी कि रांची विश्वविद्यालय में सच में कोई अनियमितता हुई है या नहीं।

### श्री हरगोबिंद साहिब जी का प्रकाश पर्व आज

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में आज सिख पंथ के छठे गुरु श्री हरगोबिंद साहिब जी का प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। सुबह आठ बजे विशेष दीवान सजाएगा। दीवान की शुरूआत भाई महिपाल सिंह द्वारा आसा दी वार के कीर्तन से होगी। सुबह 8:45 बजे से 9:15 बजे तक गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेन्द्र सिंह जी द्वारा कथा वाचन होगा तदोपरांत हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह शबद गायन कर साथ संगत को निहाल करेंगे। सुबह 10:00 बजे श्री अनंद साहिब जी का पाठ होगा एवं अरदास एवं हुक्मनामा के साथ दीवान की समाप्ति सुबह 10:30 बजे होगी। दीवान समाप्ति के पश्चात मिस्सी प्रस्सादे (मिस्सी रोटी) का गुरु का अटूट लंगर चलाया जाएगा। गुरु नानक सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने समूह साध संगत से प्रकाश पर्व में शामिल होकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त करने की अपील की है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने दी।

## झारखण्ड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के सदस्य पल्ली पुरोहित से मिले



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के सदस्यों ने सिमडेगा बोलबा प्रखंड के समसेरा पारिस के पल्ली पुरोहित फादरों के साथ हुई मारपीट एवं लूटकांड की घटना की निंदा की है।

बुधवार को सदस्यों ने पीड़ित फादरों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना एवं सिमडेगा एसपी से मिलकर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाने का मांग की।

मौके पर मुख्य संरक्षक अलबिन लकड़ा, अध्यक्ष कुलदीप तिर्की सहित दीपक लकडा, रामकुमार नायक, रोहित केरकेट्टा, प्रवीन तिर्की, रवि प्रभाकर तिर्की उपस्थित थे।

# कोल इंडिया परिवार के वैभव कुमार ने यूपीएससी-2024 में पाया 90वां रैंक, सीसीएल ने किया सम्मानित

- यूपीएससी-2024 में 90वां रैंक पाने वाले वैभव कुमार ने की सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह से मुलाकात

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** यूपीएससी-2024 परीक्षा में 90वां रैंक हासिल करने वाले, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड , कुजू क्षेत्र के अमला अधिकारी(प्रोजेक्ट एंड प्लानिंग) वीरेश कुमार के सुपुत्र वैभव कुमार से सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने वैभव के माता-पिता वीरेश कुमार एवं सुनीता कुमारी को भी शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस खास मौके पर सीसीएल सीएमडी के साथ-साथ निदेशक(वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार सहित सीसी एवं पीआर विभाग के विभागाध्यक्ष आलोक गुप्ता सहित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने कहा कि, वैभव की यह सफलता केवल उनके परिवार की नहीं, बल्कि पूरे सीसीएल परिवार की सफलता है। आपने न सिर्फ अपने माता-पिता, बल्कि पूरे कोल इंडिया समूह को राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है। आप जिस पद पर होंगे, वहाँ से समाज के लिए सकारात्मक बदलाव की दिशा में कई कार्य कर सकते हैं। हमें गर्व है कि आप कोल इंडिया परिवार का हिस्सा हैं। सीसीएल वृहद परिवार की तरफ से आपको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

उल्लेखनीय है कि वैभव कुमार ने वर्ष 2023 में भी यूपीएससी परीक्षा में 151वीं रैंक प्राप्त की थी और वर्तमान में वे भारतीय राजस्व सेवा में कार्यरत हैं। इस बार की बेहतर रैंकिंग से उनके उज्जवल भविष्य की संभावनाएं और भी प्रबल हुई हैं। वैभव कुमार की इस प्रेरणादायक यात्रा पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म सीसीएल सीएमडी के सामने भी प्रदर्शित की गई, जिसमें उनके संघर्ष, समर्पण और सफलता की कहानी को भावनात्मक रूप से चित्रित किया गया था। इस फिल्म ने वैभव की उपलब्धि के पीछे की मेहनत और परिवार के योगदान को उजागर किया।

सीएमडी सिंह द्वारा ऐसे प्रेरणादायी सम्मान समारोहों का आयोजन ऐसे उपलब्धियों के समय किया जाता रहा है, ताकि सीसीएल परिवार के सदस्य एक-दूसरे की उपलब्धियों को साझा कर सकें और एकजुटता व प्रेरणा का भाव बना रहे। सीसीएल परिवार की ओर से वैभव कुमार को हार्दिक बधाई एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं।

# टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा ने वित्तीय वर्ष 25 में 30 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की

- पहली बार साड़ियों पर लेकर आई 40 फीसदी की छूट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** टाटा की प्रोडक्ट तनाएरा ने वित्तीय वर्ष 25 में 30 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की और वित्तीय वर्ष 26 में भी शानदार शुरूआत की है। अपने उपभोक्ताओं को शादी-ब्याह की खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करते हुए तनाएरा विकास के इन रूझानों को लगातार जारी रखे हुए है। इसी क्रम में ब्राण्ड देश भर में अपनी पहली सेल लेकर आई है। जिसके तहत शुद्ध एवं प्राकृतिक फैब्रिक से बने परिधानों की सभी कैटेगरीज- साड़ियों, रैडी-टू-वियर एन्सेम्बल्स, अनस्टिच्ड कुर्ता सेट और फेस्टिव लहंगा पर 40 फीसदी तक की छूट की घोषणा की गई है।




बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत मे कंपनी के सीनियर मार्केटिंग मैनेजर आनंद श्रीनिवास ने बताया कि देश के 41 शहरों में 80 स्टोर्स के नेटवर्क के साथ तनाएरा ने उपभोक्ताओं के पसंदीदा एथनिक वियर डेस्टिनेशन के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत बना लिया है।

गुणवत्ता के लिए प्रतिबद्ध तनाएरा शुद्ध जरी कांजीवरम की असली कारीगरी का सर्टिफिकेट भी देती है। उन्होंने बताया कि झारखण्ड में ब्राण्ड ने वित्तीय वर्ष 25 के दौरान 60 फीसदी की शानदार सेल्स दर्ज की। इस मौके पर बिजनेस एसोसिएट दिव्यांशु भी मौजूद थे।

## हनुमान मंदिर की छत ढलाई संपन्न



ठाकुरगांव। थाना क्षेत्र के उरुगुट्ठू महतोटोली में निमार्णाधीन संकट मोचन हनुमान मंदिर का छत ढलाई बुधवार को संपन्न हुआ। विधिवत पूजा अर्चना के बाद ढलाई कार्य का शुभारंभ हुआ। मौके पर अतिथि समाजसेवी चंद्र कांत गिरि, मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार महतो, सचिव धर्मनाथ महतो व कोषाध्यक्ष मनोज महतो ने संयुक्त रूप से छत ढलाई के मसाला का पहला कड़ाही डालकर ढलाई कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सभी धर्मप्रेमी ग्रामीणों के सहयोग से जल्द ही मंदिर निर्माण कार्य को पूर्ण किया जायेगा। मौके पर जगमोहन महतो, जगु महतो, बिनोद महतो, बिजय महतो,चरका महतो, दया महतो समेत दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे।

## पुलिस ने बंगाल के फर्जी जमीन मालिक को भेजा जेल

# ओरमांझी में चल रहा फर्जी मालिक बनाकर जमीन खरीद-ब्रिकी का खेल

- गलत वंशावली बनाने वाले मुखिया भी जांच के घेरे में

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पुलिस की गिरफ्त में बंगाल का फर्जी जमीन मालिक।



फर्जी जमीन मालिक को पकड़ कर ले जाती पुलिस।

**ओरमांझी।** ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा बंगाल के एक फर्जी जमीन मालिक को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने के बाद खुलासा हुआ है कि क्षेत्र में जमीन दलालों द्वारा फर्जी जमीन मालिक बनाकर जमीन खरिद बिक्री की जा रही है। इस षड़यंत्र में मुखिया की भी संलिप्ता से इंकार नही किया जा सकता है। बताया गया कि थाना क्षेत्र आनंदी मौजा की खाता 02 प्लाट 2314 की 1.15 एकड़ जमीन को दलालों द्वारा बंगाल के सुखनबाड़ी टी-गार्डेन नगरकाटा निवासी सेवक साहू को जमीन मालिक बना कर रजिस्ट्री करा लिया गया। जिसकी जानकारी होने पर खतियान धारी तुलसी साहू द्वारा ओरमांझी थाना में मामला दर्ज कराया गया था। बताया गया कि जमीन दलालों द्वारा बारीडीह की मुखिया के अनुशंसा पर फर्जी वंशावली भी बनावा गया है। पुलिस की जांच में पता चला की जमीन की बिक्री करने वाला का आधार व वोटर कार्ड बंगाल का है, और वह चाय फैक्ट्री में काम करता है। वहीं पकड़े जाने के बाद आरोपी ने भी पुलिस को जमीन दलालों की षड़यंत्र की सारी जानाकारी दे दी है। बताया उसे धोखे में रखकर व लालच देकर उसे जमीन मालिक बना दिया गया था। इधर मामले पर पुलिस की कार्रवायी देखते हुए बंगाल के व्यक्ति को जमीन मालिक बनाकर खरिद-बिक्री करने वाले गिरफ्तारी से बचने के लिए न्यायलय से बेल ले लिए हैं। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी ने कहा है, फर्जी व षड़यंत्र के तहत जमीन खरिद-बिक्री करने व गलत वंशावली बनाने में सहयोग करने वाले मुखिया के खिलाफ भी पुलिस जांच कर रही है। षड़यंत्र में शामिल जमीन दलालों के साथ मुखिया पर भी कार्रवायी होगी। पुलिस की इस कार्रवायी की लोग सरहाना कर रही है। वहीं क्षेत्र के जमीन दलालों में हड़कंप है।

## हनुमान मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव संपन्न



**अनगड़ा।** हरातू पंचायत के आगर टोली स्थित हनुमान मंदिर का तीन दिवसीय द्वितीय वार्षिकोत्सव का बुधवार को समापन हुआ। समापन मौके पर 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन, पूणार्हूति, नगर भ्रमण व शाम में भंडारा किया गया। भंडारा में आसपास के गांव से काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अखंड हरिकीर्तन में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार व विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा शामिल हुये। मौके पर जैलेन्द्र कुमार ने कहा सनातनी समाज लगातार अपने धर्म संस्कृति को लेकर जागरूक हो रहा है। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष नागेश्वर महतो, सचिव संजय करमाली, कोषाध्यक्ष राजेश महतो, चंदन मुंडा, उपाध्यक्ष हरिकिशुन महतो, मुख्य संरक्षक तीरथनाथ महतो, धनकिशोर महतो (डीके महतो), हरातू मुखिया राजेंद्र बेदिया, संतोष पाहन, सचिव संजय करमाली, तुलसी मुंडा आदि का योगदान रहा।

## वृद्ध का शव बरामद

**रातू।** पुलिस ने बुधवार की शाम झिरी आनंदनगर स्थित नगर निगम के कचरा डंप किनारे मृत पड़े अज्ञात वृद्ध का शव बरामद किया है। उसकी उम्र करीब 60 वर्ष थी। स्थानीय लोगों के समक्ष उसका पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि वृद्ध दो दिनों से यहां था। उसे सोया समझ लोग उठा नहीं रहे थे। लेकिन, मक्खियों के भिनभिनाने के बाद पता चला कि उसकी मृत्यू हो चुकी है। थानेदार आरएन सिंह ने जानकारी दी कि रिम्स निदेशक को पत्राचार कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के उपरांत, अगले 72 घंटे तक डीप फ्रीजर में रखने का आग्रह किया गया है। ताकि, परिजन उसकी पहचान कर अंतिम संस्कार कर सकें।


**AFFIDAVIT**

Series No. 23-24/VI 17048

Before

The Executive Magistrate, Sadar, Ranchi

I, PINTU KUMAR SINGH S/o Parasnath Singh resident of Anugarah Nagar, P.O. & P.S. Dhansar, Dist. Dhanbad, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That I am Indian Citizen and resident of above mentioned address.
2. That my son was previously known as Rudra Singh.
3. That now on my son's will be known as Rudra Pratap Singh.
4. both the names ie. Rudra Singh and Rudra Pratap Singh is the name of same and one person ie. my son.
5.That the statement made herein above are true and correct to the best of my knowledge.

Sworn and signed as this affidavit on this the 09th day of June 2025 at Ranchi.

340

09/06/2025.


## राजकिला : देवस्नान के बाद एकांतवास में गये जगन्नाथ स्वामी



भाई-बहन संग भगवान जगन्नाथ।

- 26 को होगी नेत्रदान पूजा
- 27 जून को होगी रथयात्रा
- 6 जुलाई की शाम घुरती रथयात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** राजकिले की जगन्नाथ मंदिर में बुधवार को ज्येष्ठ पुर्णिमा के अवसर पर देवस्नान अनुष्ठान किया गया। इसके साथ ही भगवान जगन्नाथ स्वामी एकांतवास में चले गये। देवस्नान अनुष्ठान के दौरान जगन्नाथ स्वामी, भाई बलराम व बहन सुभद्रा के विग्रहों को सिंहासन से नीचे उतार सुगंधित जल व चंदन से स्नान करा कर राजपुरोहित भोलानाथ मिश्र की अगुआई में पुजारी करुणा मिश्र व अन्य पुजारियों ने पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत, मंदिर का पट्ट 15 दिनो के लिये बंद कर दिया गया। मंदिर का कपाट 26 जून को नेत्रदान पूजा के बाद श्रद्धालुओं के लिये खोल दिया जायेगा। अगले दिन किले में रथयात्रा और 6 जुलाई की शाम घुरती रथयात्रा होगी। इधर, किले के परंपरागत रथ को सजाने-सवांरने का काम शुरू कर दिया गया है।

## स्मार्ट मीटर के नाम पर अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं की जाएगी : बीडीओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**


**ग्रामीणों ने स्मार्ट मीटर का विरोध करते हुए इसे गरीब गुरबों व दिहाड़ी मजदूरों के कंधों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ने की आशंका जताई है।**



स्मार्ट मीटर।

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के लिए रकम वसूल किए जाने की शिकायत को बीडीओ राहुल उरांव ने संज्ञान में लेते हुए सख्त नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है कि स्मार्ट मीटर निःशुल्क लगाया जाना है। इसके लिए उपभोक्ताओं को कोई शुल्क या पैसा नहीं दिया जाना है। यदि किसी के द्वारा स्मार्ट मीटर के नाम पर पैसे का मांग किया जाता है तो वह अवैध है। बीडीओ ने कहा कि पैसा उगाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसे हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बिजली की उपभोक्ताओं को भी यह स्पष्ट रूप से कहा कि स्मार्ट मीटर के नाम पर किसी तरह का कोई भी पैसा किसी को नहीं दिया जाना है। इधर बिजली विभाग के बेड़ो क्षेत्र के जेइ द्वारा भी इस बात की पुष्टि की गई है कि स्मार्ट मीटर के लिए किसी भी तरह का शुल्क नहीं लिया जाना है। यह बिल्कुल मुफ्त सेवा है। अगर कोई किसी प्रकार का शुल्क लेता है तो वह अवैध माना जाएगा। इधर ग्रामीणों ने बेड़ो क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का पुरजोर विरोध किया है। ग्रामीणों ने कहा कि स्मार्ट मीटर के लगने से यहा के गरीब गुरबों का बोझ बढ़ेगा। गांव स्तर पर ग्रामीण दिहाड़ी मजदूरी कर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। स्मार्ट मीटर के लगने से उनके समक्ष बिजली बिल का अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। ग्रामीणों ने कहा कि स्मार्ट मीटर को सरकार शहर तक ही सीमित रखें गांव में स्मार्ट मीटर लगने से इसका नुकसान केवल गरीबों पर ही पड़ेगा।

### सीमेंट लदा ट्रक पलटा, चालक और महिला बाल-बाल बचे



**अनगड़ा।** रिंग रोड पर हेसल टॉल प्लाजा के निकट एक महिला को बचाने में बुधवार करीब आठ बजे रात मेंएक सीमेंट लदा हुआ ट्रक बीच सड़क पर पलट गया। इस दुर्घटना में महिला और ट्रक चालक बाल बाल बचे लेकिन सीमेंट की बोरी बीच सड़क पर बिखर गए। बताया गया कि ट्रक के आगे आगे एक ऑटो तेज गति से जा रहा था इसी बीच ऑटो पर बैठी महिला बीच सड़क पर गिर गई जिसको बचाने के लिए ट्रक के चालक ने अचानक ट्रक को मोड़ दिया जिसके कारण ट्रक असंतुलित होकर पलट गया। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## शिविर का आयोजन

**इटकी।** इटकी अंचल द्वारा कुल्ली पंचायत सचिवालय में बुधवार को भूमि से संबंधित ऑन लाईन पंजी में दस्तावेजों के त्रुटि सुधार को लेकर त्रुटी सुधार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में त्रुटि सुधार के लिए 11 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें ऑन लाईन पंजी में संधारित भूमि दस्तावेज में प्लाट इंट्री कराने और लगान रशीद निर्गत कराने सहित अन्य मामलों से संबंधित थे। सभी प्राप्त आवेदनों को सुधार प्रक्रिया में रखी गई है। शिविर में हल्का कर्मचारी अनिता व कंपूटर ऑप्रेटर अजीत के अलावा ग्रामीण व रैयत मौजूद थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्नलिखित के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं; क्रमांक संख्या; निविदा सूचना संख्या; कार्य का नाम; निविदा मूल्य; बयाना राशि मूल्य: [1]: डीआरएमईएनजीआरएनसी -39-2025; रांची मंडल में [illegible] का निर्माण करके मानवयुक्त एलसी संख्या [illegible]-29, [illegible]-22, [illegible]-55 और एमएए-1 को हटाना। ₹ 34,38,41,585.98; ₹ 18,69,200.00; [2]: डीआरएमईएनजीआरएनसी -40-2025; रांची मंडल में [illegible] प्रदान करके एलसी का उन्नयन। ₹ 65,00,486.35; 1,30,000.00; निविदा बंद करने की तिथि और समय: 30.06.2025 को 15.00 बजे। निविदाकर्ता ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। (PR-257)


## चान्हो पुलिस ने फरार आरोपी को भेजा जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चान्हो।** पुलिस ने एक पुराने कांड में फरार चल रहे प्राथमिक अभियुक्त राहुल साहू को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। वह बिहार के वैशाली जिला अंतर्गत मैसोर, थाना जनदाहा का रहने वाला है, जो अभी उड़ीसा के सुंदरगढ़ जिला के टाउन थाना अंतर्गत भितरीयापाड़ा नामक स्थान में छिपकर रह रहा था। चान्हो थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता ने बताया कि महिला का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने और जहर देकर हत्या करने के आरोपी राहुल साहू को उड़ीसा के सुंदरगढ़ से गिरफ्तार किया गया है। चान्हो थाना के कांड 40/2020 में राहुल साहू का सहोदर भाई जितेन्द्र साहू और मृतका का बहनोई पहले ही जेल जा चुका है। फरवरी 2020 में चान्हो थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती को उसके सगे बहनोई ने उड़ीसा लें जाकर बेच दिया था और वहां उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद उसे जहर देकर चान्हो थाना क्षेत्र स्थित उसके घर के सामने छोड़कर सभी आरोपी फरार हो गए थे। घटना के बाद से ही पुलिस सभी आरोपियों की तलाश में थी और एक-एक कर उन्हें जेल भेजते जा रही थी।

## एयरोसॉफ्ट हेल्थकेयर का प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित

- 75 प्रशिक्षुओं ने लिया हिस्सा
- 24 को मिला ऑफर लेटर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू (रांची)।** झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी की प्रमुख योजना मुख्यमंत्री सारथी योजना में सक्षम झारखंड कौशल विकास योजना के तहत एयरोसॉफ्ट हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य प्रशिक्षित युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार का अवसर देकर आत्मनिर्भर बनाना था। समारोह में 75 प्रशिक्षुओं ने हिस्सा लिया। इसमें 24 प्रशिक्षुओं को प्रतिष्ठित कंपनियों का ऑफर लेटर मिला। प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान 12 मल्टी स्किल टेक्नीशियन प्रशिक्षुओं को एब्सोल्यूट बारबेक्यू प्राइवेट लिमिटेड और 12 जनरल ड्यूटी असिस्टेंट प्रशिक्षुओं को 2050 हेल्थकेयर में रोजगार मुहैया कराया गया। ड्राइव के जरिये युवाओं को रोजगार के लिये प्रेरित करने और उन्हें व्यावसायिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास था।

### प्रशिक्षुओं का औद्योगिक भ्रमण



ऑफर लेटर के साथ युवा।

मिशन निदेशक शैलेंद्र कुमार लाल के निर्देश पर दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र व सक्षम झारखंड कौशल विकास सेंटर के विभिन्न ट्रेड में प्लेसमेंट ड्राइव औद्योगिक भ्रमण और ऑन जॉब ट्रेनिंग कराया जा रहा है। एब्सल्यूट बारबेक्यू प्राइवेट लिमिटेड के राजीव गुप्ता ने कंपनी प्रोफाइल, कार्य संरचना और वेतन संरचना साझा किये।

### स्वास्थ्य सेवा में मांग बढ़ी

2050 हेल्थकेयर से आये गौरव गुंजन ने प्रतिभागियों को बताया कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की भारी मांग है। केपीआर की सुशीला शर्मा (अम्मा), कौशल विकास मिशन सोसाइटी से संयुक्त राष्ट्र विकास के परियोजना सहायक अमित कुमार विजय ने अपनी बातें रखी। मौके पर राज्य प्लेसमेंट प्रमुख पवन कुमार, केंद्र प्रबंधक रणजीत वर्मा व अन्य कर्मचारी मौजूद थे।


**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

**अनुमति वाद संख्या–115/2025 आम इस्तेहार**

आवेदक साहेब गंझू, पिता–कईल गंझू, ग्राम–खिजुरीयाडीह बनवार, पो0–चेड़रा, थाना–बारियातु, जिला–लातेहार द्वारा मेसर्स एस0एम0 स्टील्स एण्ड पॉवर लिमिटेड, कार्यालय पता–ब्लॉक डी0पी0 पांचवा टॉवर, प्रथम तल्ला यूनिट 504 सेक्टर–5 कोलकत्ता वेस्ट बंगाल–700058 के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

भूमि का विवरण

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा |
|---|---|---|---|
| बनवार | 7 | 6 | 0.24 |
| | | 5 | 0.15 |
| | | कुल– | 0.39 डी0 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 354669 (District)25-26*D


## मंदिर के द्वितीय स्थापना दिवस पर तीन दिनी अनुष्ठान का समापन



**सिकिदिरी।** प्रखंड के आगर टोली में हनुमान मंदिर के द्वितीय वार्षिकोत्सव में तीन दिवसीय अनुष्ठान का बुधवार को अखंड हरिकीर्तन के समापन और भंडारा के साथ सम्पन्न हो गया। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार और विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा ने लोगों के बीच भंडारा का प्रसाद वितरण किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के यज्ञ मानव को ईश्वर के करीब ले जाता है। वातावरण शुद्ध और भक्तिमय हो जाता है। जय हनुमान और जय श्रीराम के गगन भेदी नारे से पूरा क्षेत्र गूंजयमान हो गया। इससे पूर्व जैलेन्द्र अखंड हरिकीर्तन में शामिल होकर मंदिर की परिक्रमा की। पुरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। मौके पर अध्यक्ष नागेश्वर महतो, संजय नायक, हरातू मुखिया राजेंद्र बेदिया संरक्षक तीर्थनाथ महतो, संतोष पाहन, सचिव संजय करमाली, कोषाध्यक्ष राजेश महतो, धनकिशोर महतो, तुलसी मुंडा आदि शामिल हुए।

## बारूहातु से हुवांहातु तक सड़क जर्जर
## आवागमन में ग्रामीणों को हो रही कठिनाई



**बुंडू।** बुंडू प्रखंड के बारुहातु पंचायत के हुवांगहातु से कराम्बु तक जाने वाली 4 किलोमीटर कच्चा सड़क में काफी जर्जर हो गई है। जिससे लोगों का आगमन में काफी कठिनाई हो रही है। ग्रामीणों ने बताया विधानसभा चुनाव के पूर्व स्थानीय विधायक विकास मुंडा की ओर मुरूम मिट्टी सड़क में डाली गई थी। अब सड़क पर गड्ढे होने से लोगों को आगमन में दिक्कत का सामना करना पड़ता है बरसात के मौसम में सड़क स्थिति ओर दयनीय हो जाती है। कि एम्बुलेंस हुवांगहातु गांव तक जाना मुश्किल होती है। बच्चों को स्कूल जाने में भी परेशानी हो रही है। इस बिषय पर बारुहातु पंचायत के मुखिया रेखा देवी ने बताया सड़क निर्माण के लिए स्थानीय सांसद कालीचरण मुंडा को लिखित सूचना दी गई है।


**झारखण्ड सरकार**
**स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग**
**(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि WP(C) No. 4070/2021, राधेश्याम सिंह बनाम् झारखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक 02.05.2022 को माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, रांची द्वारा पारित न्यायादेश के अनुपालन हेतु माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 1785 दिनांक 05.06.2025 द्वारा वादी श्री राधेश्याम सिंह, सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक, परियोजना उच्च विद्यालय, देवीपुर को दिनांक 11.06.2025 को आहूत सुनवाई में उपस्थित होने हेतु पंजीकृत डाक के माध्यम से सूचित किया गया था तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय द्वारा Whatsapp एवं दूरभाष से भी सूचित किया गया, परंतु उनके द्वारा निर्धारित सुनवाई में न ही स्वयं उपस्थित हुए और न ही अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपनी उपस्थिति अथवा प्रतिनिधित्व दर्ज करायी गयी।

अतः इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से वादी श्री राधेश्याम सिंह, सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक, परियोजना उच्च विद्यालय, देवीपुर को सूचित किया जाता है कि दिनांक 24.06.2025 को अपराह्न 12:30 बजे स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, एम.डी.आई. बिल्डिंग, धुर्वा, रांची में स्वयं उपस्थित होकर अथवा स्वयं द्वारा विधिवत् प्राधिकृत किए गए अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि को पक्ष नहीं रखे जाने की स्थिति में विभाग द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर नियमानुकूल निर्णय लिया जायेगा।

ह0/–
संयुक्त सचिव,
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,
झारखण्ड, रांची

PR 354766 School Education and Literacy(25-26)#D


# सड़क पर बाजार नहीं लगने दिया जाएगा : अंचलाधिकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**अनगड़ा।** गोन्दली पोखर बाजार की जमीन को अतिक्रमण कर लिए जाने तथा बजार के लिए अब जमीन कम पड़ जाने के कारण पिछले कुछ समय से अब रांची पुरुलिया सड़क पर हीं बाजार लगाया जा रहा है साथ हीं बाजार के दिन बीच सड़क पर दो पहिया और चार पहिया वाहन भी खड़ा कर दिए जाते हैं। सड़क पर बाजार लगने तथा बीच सड़क पर दुकाने लगाने से सड़क पर चलने वाले आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ साथ दूर्घना की भी आशंका बनी रहती है। यहां सप्ताह मे दो दिन रविवार और गुरुवार साप्ताहिक हाट लगता है। इसी को लेकर आज प्रशासन की ओर से विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। अंचल अधिकार राजू कमल सिल्ली डीएसपी अनुज उरांव थाना प्रभारी हीरालाल शाह और राजस्व कर्मचारी सुखदेव उरांव की टीम ने बाजार क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण किया। अंचल अधिकारी राजू कमल ने बताया कि बाजार की व्यवस्थित रूपरेखा तय करने और सड़क को अतिक्रमण से मुक्त रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

प्रशासन ने सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि जो भी दुकानदार अतिक्रमण किए हुए हैं, वे स्वेच्छा से दो दिन के भीतर अपना अतिक्रमण हटा लें। सड़क पर किसी भी हालत में दुकानें नहीं लगने दी जाएंगी। इसके लिए आज मापी का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।यह अभियान बाजार को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और दुर्घटना-मुक्त बनाने की दिशा में प्रशासन का एक अच्छा कदम माना जा रहा है।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़**

**ई० अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :–*RE-01/RDSD/RAMGARH/01/2025-26 (2ND CALL)*

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– DMFT मद अन्तर्गत।

| क्र | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | ग्राम/पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RE/01/RDSD/RAMGARH/DMFT/06/2025-26 | रामगढ़ | वार्ड नं०– 02 | वार्ड नं०– 02 (छावनी परिषद) सतकौड़ी नगर में सुनिल बंसल के घर से मुकेश कुमार के घर तक पी०सी०सी० पथ, गार्डवाल एवं ढक्कल सहित नाली का निर्माण। | 6446400 | 129000 | 10000 | 06 (छः माह) |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 14.06.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.06.2025 से 20.06.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 23.06.2025 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :– 9162178293
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित संवेदक की होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *Jharkhandtenders.gov.in* एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,रामगढ़

PR 354643 (Rural Work Department)25-26*D

## विवाह संस्था पर चोट

देश भर में विवाह के बाद तुरंत बाद पति के हत्या के आरोप के मामले से पत्नी की गिरफ्तानी से सनसनी फैल गयी। सोनम की भूमिका, उसके पिता की फर्म के कर्मचारी की गिरफ्तारी तथा सोनम की रहस्यपूर्ण ढंग से गाजीपुर पहुंचने की कहानी कई संदिग्ध सवालों को जन्म दे रही है। लोगों के दिमाग में सवाल है कि दोनों परिवारों की सहमति से 11 मई को हुई शादी का यह दुखांत क्यों? हालांकि, राजा की हत्या बहुत ही सुनियोजित तरीके से की गई, लेकिन गाइड द्वारा राजा-सोनम के साथ तीन अन्य लोगों की उपस्थिति की बात ने मेघालय पुलिस को हत्या के तार जोड़ने में मदद की। हनीमून के दौरान हत्या की साजिश रचने वाली उसकी पत्नी भी शामिल है। सवाल है कि जब दोनों परिवारों की सहमति से विवाह हुआ तो यह दुखांत क्यों? हाल के दिनों में मेरठ व देश के अन्य भागों में प्रेमी से मिलकर पति की हत्या करने के कई मामलों ने विवाह संस्था पर मंडराते संकट पर चिंता बढ़ाई है। जैसा कि आरोप है कि उसने अपने पुराने प्रेम संबंधों के लिये राजा को अपनी राह से हटाया। हाथ की मेंहदी सूखने से पहले कत्ल किया जाना, हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता व अविश्वास को ही उजागर करता है। आखिर क्यों विवाह से पूर्व आरोपी ने घर वालों को दो टूक नहीं कहा कि वह किसी और से प्यार करती है? क्यों अपने व ससुराल पक्ष के लाखों रुपये शादी के नाम पर यूं ही जाया किये? घर में शादी की रौनक के बीच बेटे की लाश के आने का गम राजा के परिवार को सालों साल सालता रहेगा। निश्चित रूप से यह घटना करोड़ों रिश्तों में एक हुई है, लेकिन समाज में अविश्वास के बीज बोती तो नजर आती है।

# भारत के नए सामर्थ्य का जयघोष

केंद्रीय रेल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना और प्रसारणमंत्री अश्विनी वैष्णव के इस लेख को अंग्रेजी के अखबार द इंडियन एक्सप्रेस ने 11 जून, 2025 के अंक में छापा है। प्रधानमंत्री ने इसी लेख का जिक्र एक्स पोस्ट पर किया है। वैष्णव ने लिखा है कि 11 वर्षों के समावेशी विकास ने लोगों को बेहतर भविष्य का दृढ़ विश्वास दिलाया है। हमने शुरू से ही 'अंत्योदय' पर काम किया। हमारा लक्ष्य पिरामिड के निचले हिस्से में रहने वाले लोगों का उत्थान रहा। इस लेख का भावानुवाद आप भी पढ़ सकते हैं।

वैष्णव लिखते हैं, एक नया भारत आकार ले रहा है- जहां प्रगति को केवल जीडीपी में नहीं, बल्कि सम्मान और अवसर में मापा जाता है। कड़पा की एक गृहिणी अन्नम लक्ष्मी भवानी ने एक सफल जूट बैग निर्माण इकाई शुरू करने के लिए मुद्रा ऋण प्राप्त किया। हरियाणा में जगदेव सिंह एक एआई ऐप का उपयोग करके अपनी फसलों से संबंधित निर्णय लेते हैं। मीरा मांझी को उज्ज्वला के तहत एलपीजी कनेक्शन मिलता है। इससे उनकी रसोई धुआं रहित हो जाती है और वे अपने बच्चों के साथ अधिक गुणवत्तापूर्ण समय बिता पाती हैं। ये भारत भर के गांवों, कस्बों और शहरों की रोजमर्रा का सच है। ये परिवर्तन संरचनात्मक सुधारों और एक ऐसे नेतृत्व से उत्पन्न होते हैं जो अंतिम नागरिक (अंत्योदय) को सशक्त बनाने में विश्वास करता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निर्देशित यह दृष्टि चार सरल लेकिन शक्तिशाली स्तंभों पर आधारित है। इनके तहत ऐसा बुनियादी ढांचा बनाना पड़ता है जो जोड़ता हो। विकास समावेशी हो। विनिर्माण रोजगार पैदा करने वाला हो। सशक्त करने वाली ऐसी प्रणालियों को सरल बनाना भी इसमें प्रमुख कारक है। पिछले 11 वर्षों में पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 2025-26 में 11.2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। सार्वजनिक निवेश में यह उछाल भारत के बुनियादी ढांचे-भौतिक, डिजिटल और सामाजिक में सबसे अधिक दिखाई देता है। इस अवधि में लगभग 59,000 किलोमीटर राजमार्ग बनाए गए हैं और 37,500 किलोमीटर से अधिक रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। हाल ही में चिनाब और अंजी पुलों का उद्घाटन किया गया। यह एक आधुनिक भारत के प्रतीक हैं। कश्मीर के लोगों को इन पुलों के माध्यम से वंदे भारत



का आगमन एक सपने जैसा लगा।

कनेक्टिविटी की यह भावना रेलवे से आगे बढ़कर डिजिटल हाइवे तक जाती है। भारत का डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा (डीपीआई) एक वैश्विक बेंचमार्क बन गया है। यूपीआई, आधार और



-अश्विनी वैष्णव

सार्वजनिक निवेश में यह उछाल भारत के बुनियादी ढांचे-भौतिक, डिजिटल और सामाजिक में सबसे अधिक दिखाई देता है। इस अवधि में लगभग 59,000 किलोमीटर राजमार्ग बनाए गए हैं और 37,500 किलोमीटर से अधिक रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। हाल ही में चिनाब और अंजी पुलों का उद्घाटन किया गया। यह एक आधुनिक भारत के प्रतीक हैं।

डिजिलॉकर का अब उनके पैमाने और समावेशिता के लिए वैश्विक स्तर पर अध्ययन किया जाता है। हर दिन 141 करोड़ से अधिक आधार प्रमाणीकरण और 60 करोड़ यूपीआई लेनदेन उनकी पहुंच और स्वीकृति को दर्शाते हैं कि इसके पीछे का विचार प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण करना है। यही दृष्टिकोण इंडिया एआई मिशन को आगे बढ़ाता है। 34,000 से अधिक हाई-स्पीड कंप्यूटर चिप्स, जिन्हें जीपीयू के नाम से जाना जाता है, अब सभी के लिए वैश्विक लागत के सिर्फ एक-तिहाई पर उपलब्ध हैं। एआई विकास के हिस्से के रूप में इन चिप्स की जरूरत है। इसे और ज्यादा समर्थन देने के लिए,एआईकेओएसएचअ प्लेटफर्म सीखने और नवाचार के लिए 370 से अधिक डेटासेट और 200 से अधिक इस्तेमाल के लिए तैयार एआई मॉडल पेश करता है।

सुलभता पर यह फोकस तकनीक से आगे बढ़कर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और बुनियादी सेवाओं तक फैला हुआ है। पिछले 11 वर्षों में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 780 हो गई है और एम्स संस्थानों की संख्या सात से बढ़कर 23 हो गई है। एमबीबीएस और पीजी सीटें भी दोगुनी से ज्यादा हो गई हैं। 530 मिलियन से अधिक जन धन खाते खोले गए हैं - जो यूरोप की आबादी से भी ज्यादा है। चालीस मिलियन घर बनाए गए हैं, 120 मिलियन शौचालयों का निर्माण किया गया है और 100 मिलियन परिवार अब लकड़ी की आग के बजाय स्वच्छ एलपीजी से खाना बनाते हैं। हर घर जल के तहत 140 मिलियन घरों में नल के पानी के कनेक्शन भी पहुंच गए हैं। आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य बीमा 350 मिलियन लोगों को कवर करता है और 110 मिलियन किसान अब पीएम-किसान के माध्यम से प्रत्यक्ष आय सहायता प्राप्त करते हैं। अब उनके घर में नल का पानी, हर महीने मुफ्त राशन और उज्ज्वला योजना के तहत धुआं रहित रसोई है।

यह समावेशी विकास का ऐसा आयाम है जो हमारे हाल के इतिहास में किसी भी अवधि में नहीं देखा गया। साल 2015 में हमने रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को पुनर्जीवित करने के लिए मेक इन इंडिया की शुरुआत की। आज, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण छह गुना बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात आठ गुना बढ़कर तीन लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है और शीर्ष निर्यातित वस्तुओं में से एक बन गया है। भारत अब दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन उत्पादक है। हम अब नई इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माण योजना के तहत इलेक्ट्रॉनिक घटकों का उत्पादन करके विनिर्माण मूल्य श्रृंखला को गहरा कर रहे हैं। इसके साथ ही, भारत का सेमीकंडक्टर मिशन ब्लूप्रिंट से सफलता की ओर बढ़ रहा है। देश की पहली वाणिज्यिक प्रयोगशाला निर्माणाधीन है। पांच ओएसएटी इकाइयां चल रही हैं। देश में छात्रों और इंजीनियरों के स्वदेशी आईपी वाले 20 से अधिक चिपसेट डिजाइन किए गए हैं। हमने 270 विश्वविद्यालयों को विश्व स्तरीय ईडीए उपकरणों से जोड़ा है। यह एक सेमीकंडक्टर प्रतिभा पाइपलाइन की नींव है जिस पर दुनिया भरोसा कर सकती है।

पिछले दशक की एक खामोश क्रांति हमारे शासन में हुई है। 1,500 से ज्यादा पुराने कानून निरस्त किए गए और 40,000 से अधिक अनुपालन समाप्त किए गए। टेलीकॉम एक्ट और डीपीडीपी एक्ट जैसे नए कानून विश्वास और सरलता पर आधारित हैं, जो नागरिकों के साथ सम्मान के साथ पेश आते हैं। इसने निवेश, नवाचार और औपचारिकता को बढ़ावा दिया है, जिससे एक सद्गुणी विकास चक्र बना है। आतंकवाद के प्रति भारत का दृष्टिकोण भी बदल गया है। सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर एयर स्ट्राइक और अब ऑपरेशन सिंदूर तक। यह तीन स्तंभों पर आधारित है। भारत की शर्तों पर निर्णायक जवाबी कार्रवाई, परमाणु ब्लैकमेल के लिए शून्य सहिष्णुता और आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों के बीच कोई भेद नहीं। इस बार हमारी प्रतिक्रिया ने स्वदेशी तकनीकों और क्षमताओं का उपयोग करके इसे और भी महत्वपूर्ण बना दिया। 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी जी के कार्यकाल के अंत में भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। 2004 से 2014 के बीच भारत 11वें स्थान पर ही रहा। यह एक दशक की चूक को दर्शाता है।

(केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार)

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

देश में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और उसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

-राहुल उपाध्याय, रांची

### नशे का कारोबार

देश में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। - रवि, गुमला

## ट्वीट

कोडरमा-बरकाकाना रेल लाइन के दोहरीकरण को स्वीकृति देने हेतु माननीय प्रधानमंत्री जी एवं रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी का आभार।133किमी लम्बी यह परियोजना कोडरमा सहित पूरे क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नई रफ्तार देगी,यात्रियों का समय बचेगा और माल ढुलाई और तेज होगी।- अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री

सामाजिक समरसता के प्रति आजीवन समर्पित रहे संत कबीरदास जी को उनकी जयंती पर मेरा कोटि-कोटि नमन। उनके दोहों में जहां शब्दों की सरलता है, वहीं भावों की प्रगाढ़ता भी है। इसलिए आज भी भारतीय जनमानस पर उनका गहरा प्रभाव है।

- नरेन्द्र मोदी, पीएम

## आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होगा। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## नौपता के बाद झुलसता जीवन

सामयिक

मुकुंद

मान्यता है कि भारत में नौपता के दिनों में सबसे अधिक गर्मी पड़ती है। यह बात अलग है कि इस बार नौतपा के नौ दिनों ने अधिक नहीं सताया। नौतपा खत्म होने के बाद पड़ रही गर्मी ने हाल-बेहाल कर दिया है। नौतपा पर कहावत है,"तपै नवतपा नव दिन जोय, तौ पुन बरखा पूरन होय" । इसका अर्थ है कि यदि नौतपा के नौ दिन खूब तपते हैं, तो बारिश अच्छी होगी।

यह एक अवधि है मानी जाती है। अब तक का यह शाश्वत सत्य है कि जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तो गर्मी अपने चरम पर होती है। यह कहावत नौतपा के गर्मी के प्रभाव और उसके मानसून पर पड़ने वाले प्रभाव के बीच सीधे संबंध को रेखांकित करती है। दो दिन हवा न चले तो कातरे (फसलों को नष्ट करने वाले कीट) बहुत होंगे । तीसरे दो दिन हवा न चले तो टिड्डी दल के आने की आशंका रहती है । चौथे दिन हवा न चलने पर बुखार आदि रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है । पांचवें दो दिन हवा न चलने पर अल्प वर्षा होती है । छठे दो दिन लू न चले तो जहरीले जीव-जन्तुओं (सांप-बिच्छू आदि) की बहुतायत हो जाती है। सातवें दो दिन हवा न चले तो आंधी चलने की आशंका रहती । सरल अर्थ में सार यह है कि अधिक गर्मी पड़ने से चूहों, कीटों व अन्य जहरीले जीव-जन्तुओं के अंडे समाप्त हो जाते हैं, क्योंकि यह उनका प्रजनन काल होता है। इस समय लगभग सारा देश गर्मी से झुलस रहा है। कुछ राज्य बरसात होने से राहत महसूस कर रहे हैं। झुलसाती गर्मी रात को भी पीछा नहीं छोड़ रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग के आज सुबह के पूर्वानुमान ने तो डरा ही दिया है। इसमें साफ कहा गया है कि अगले चार दिन तक उत्तर-पश्चिम भारत में बढ़ते अधिकतम तापमान से कोई राहत मिलने के आसार नहीं हैं। हालांकि उसके बाद धीरे-धीरे दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने से गर्मी से राहत मिल सकती है। इसके अलावा अगले दो से तीन दिन के दौरान मध्य और पूर्वी भारत में अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है।

इस समय देश की राजधानी दिल्ली भी भीषण गर्मी से कराह रही है। 10 जून को तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। आज अधिकतम तापमान के 44 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का पूर्वानुमान लगाया है। नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद जैसे पड़ोसी शहर भी गर्मी के प्रकोप से अछूते नहीं हैं। कल यानी 10 जून को तो पंजाब के भटिंडा में अधिकतम तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इसके उलट महाराष्ट्र के नांदेड़ में न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 16 जून तक पश्चिमी राजस्थान के कई इलाकों में गर्म हवाएं चलने का पूर्वानुमान जारी किया है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश भी तप रहा है। पंजाब, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तरी मध्य प्रदेश को 12 जून को भी झुलसाने वाली हवा से छुटकारा मिलने के आसार नहीं हैं। पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, पंजाब और हरियाणा में सूरज आग उगल रहा है। वैज्ञानिकों को मौसम में बदलाव 16 जून से शुरू होने की उम्मीद है। मगर कुछ जगह इससे पहले ही कुछ राहत मिल सकती है। मसलन उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में 12 जून से ही गरज के साथ बादल जमकर बरस सकते हैं।

हालांकि देश के अलग-अलग हिस्सों में जारी चक्रवाती प्रसार व हवाओं के ट्रफ से आंध्र प्रदेश, तटीय कर्नाटक, आंतरिक कर्नाटक, केरल और माहे, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल और तेलंगाना के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश होने की आशंका जताई गई है। इन सभी राज्यों में 64.5 से 115.5 मिलीमीटर तक बारिश हो सकती है।

असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं के साथ भारी बारिश के बीच आसमानी बिजली गिरने के आसार हैं। पूर्वोत्तर भारत के इन राज्यों में भी 64.5 से 115.5 मिलीमीटर तक पानी बरस सकता है। बिहार, छत्तीसगढ़ और विदर्भ के अलग-अलग हिस्सों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तूफानी हवा चलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, 14 जून के आसपास मध्य और आसपास के पूर्वी भारत के कुछ और हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बताई जा रही हैं।

## .जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय

समाज

योगेश कुमार गोयल

मध्यकालीन युग के महान कवि संत कबीर दास की 11 जून को जयंती है। इस अवसर पर उनका प्रसिद्ध दोहा याद आता है- बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय, जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय इसका अर्थ है कि जब मैं दूसरों की बुराई देखने निकला, तो मुझे कोई भी बुरा नहीं मिला। लेकिन जब मैंने अपने दिल में झांककर देखा, तो मुझे समझ आया कि मुझसे बुरा कोई नहीं है। यह दोहा हमें आत्म-चिंतन करने और खुद को सुधारने की प्रेरणा देता है। कबीर दास कहते हैं कि दूसरों की बुराई देखने से बेहतर है कि हम खुद को देखें और अपनी गलतियों को सुधारें। इस दोहे की शिक्षा है-हमें दूसरों की बुराई देखने के बजाय अपनी कमियों पर ध्यान देना चाहिए। हमें बदलाव की शुरुआत खुद से करनी चाहिए। हमें हमेशा विनम्र रहना चाहिए। यह दोहा हमें आत्म-चिंतन के लिए भी प्रेरित करता है।संत कबीर ने अपना सारा जीवन देशाटन करने और साधु-संतों की संगति में व्यतीत किया है और अपने उन्हीं अनुभवों को उन्होंने मौखिक रूप से कविताओं अथवा दोहों के रूप में लोगों को सुनाया। अपनी बात लोगों को बड़ी आसानी से समझाने के लिए उन्होंने उपदेशात्मक शैली में लोक प्रचलित और सरल भाषा का प्रयोग किया। उनकी भाषा में ब्रज, अवधी, पंजाबी, राजस्थानी तथा अरबी फारसी के शब्दों का मेल है। अपनी कृति सबद, साखी, रमैनी में उन्होंने काफी सरल और लोक भाषा का प्रयोग किया है। गुरु के महत्व को सर्वोपरि बताते हुए समाज को उन्होंने ज्ञान का मार्ग दिखाया।

कबीर जयंती प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। यह इस वर्ष 11 जून को मनाई जाएगी। माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत 1455 सन 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था। संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई। उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया।


संत कबीर नित्य प्रति सत्संग किया करते थे और लोग दूरदराज से भी उनके प्रवचन सुनने आया करते थे। उनकी वाणी में ऐसी अद्भुत ताकत थी कि लोग उनका सत्संग सुनने अपने आप ही दूर-दूर से उनकी ओर खिंचे चले आते थे। लालटेन जलाते हैं और मीठे के बदले यहां नमकीन मिलता है। यही सोचकर उसने चुपचाप वहां से खिसकने के इरादे से कहा कि महाराज! मैं अब चलता हूं।

कबीर ने उससे पूछा कि आपको अपनी समस्या का समाधान मिला या अभी भी कोई संशय शेष है? उस व्यक्ति को कुछ समझ नहीं आया और वह आश्चर्य से उनकी ओर देखने लगा तो संत कबीर ने उसे समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार मैंने दोपहर की रोशनी में भी लालटेन मंगवाई तो मेरी धर्मपत्नी मुझे ताना मारते हुए कह सकती थी कि मैं सठिया गया हूं, जो इस दोपहरी में भी लालटेन मंगवा रहा हूं लेकिन उसने सोचा कि अवश्य ही मुझे किसी काम के लिए लालटेन की जरूरत होगी। इसी प्रकार मेरे मीठा मंगवाने पर जब वह नमकीन देकर गई तो मैं भी उससे बहस कर सकता था लेकिन मैंने विचार किया कि संभवतः घर में कोई मीठी वस्तु नहीं होने पर ही वह नमकीन देकर गई है। आखिर गृहस्थ जीवन में ऐसे बातों को लेकर तकरार का क्या अर्थ? अगर पति से कोई गलती हो जाए तो पत्नी संभाल ले और पत्नी से कोई गलती होने पर पति उसे नजरअंदाज कर दे।

भारत-पाक तनाव के बीच उधमपुर से श्री नगर की रेललाइन पर सफलता पूर्वक रेल संचालन का ट्रायल। सौजन्य अजय सानी




## कार्टून वर्ल्ड



# हजारीबाग में डॉक्टर या जादूगर?

## एक ही इंसान दो जगह कैसे कर रहा ड्यूटी

खबर मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग।** क्या कोई इंसान दो जगह एक साथ मौजूद हो सकता है? विज्ञान का जवाब होगा, नहीं! लेकिन झारखंड के स्वास्थ्य महकमे में यह अब आम होता जा रहा है। हजारीबाग और टंडवा के बीच चल रही एक डॉक्टर की आवाजाही ने मेडिकल सिस्टम की पोल खोल दी है।

पूरा मामला डॉक्टर सुदीप कुमार का है, जिनका नाम हजारीबाग के नवाबगंज इलाके के एक निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर परमार्थी अल्ट्रासाउंड में दर्ज है। लेकिन रुकिए, सरकारी दस्तावेजों के अनुसार, डॉ. सुदीप की पोस्टिंग टंडवा के एक सरकारी अस्पताल में है। तो सवाल ये है कि जब डॉक्टर सरकारी ड्यूटी पर टंडवा में होने चाहिए, तो हजारीबाग के इस सेंटर पर अल्ट्रासाउंड कौन कर




रहा है? हमारे संवाददाता जब मंगलवार को दोपहर 12:30 बजे अल्ट्रासाउंड सेंटर पहुंचे, तो वहां दर्जनों मरीज मौजूद थे, अल्ट्रासाउंड हो रहे थे, लेकिन डॉक्टर खुद नदारद थे। पूछने पर स्टाफ ने बताया कि डॉक्टर साहब अभी टंडवा निकल गए। यानी डॉक्टर कुछ ही मिनट पहले वहां थे। अब असली रहस्य यहीं से शुरू होता है। क्या डॉक्टर टंडवा में भी अपनी हाजिरी लगा रहे हैं? अगर हां, तो फिर वे हजारीबाग में कैसे सेवा दे रहे हैं? और अगर नहीं, तो क्या सरकारी रिकॉर्ड में फर्जी हाजिरी लग रही है? सिविल सर्जन डॉ. सत्य प्रकाश सिंह ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर किसी सेंटर पर बिना रजिस्ट्रेशन के अल्ट्रासाउंड हो रहा है या डॉक्टर की उपस्थिति संदिग्ध है, तो यह मेडिकल एक्ट का गंभीर उल्लंघन है, और कड़ी कार्रवाई होगी। जब डॉक्टर सुदीप से सीधे सवाल किया गया, तो उन्होंने सफाई दी कि वे छुट्टी के दिन ही निजी सेंटर में कार्य करते हैं। लेकिन सवाल यह है कि हर बार क्या छुट्टी ही होती है? उन्होंने पत्रकार से मिलकर बात करने की बात कही। अगर डॉक्टर दो जगह सेवा दे रहे हैं, तो सिस्टम से कौन खेल रहा है, सरकारी नौकरी, मरीजों का भरोसा या कानून का मजाक? जवाब अब प्रशासन के पास है।

## स्पीड न्यूज

### सयाल मोड़ तक बनेगा टु-लेन रोड



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी के पहल पर पतरातू प्रखंड के चैनगडा से चोरधरा होते हुए सयाल मोड तक टू लेन सड़क का निर्माण के लिए पथ निर्माण विभाग रांची द्वारा डीपीआर तैयार करने का आदेश दिया गया है। यह सड़क पहले कोल माइंस हजारीबाग के अधीन था जिसके कारण इस सड़क पर कोई मरम्मति का कार्य नहीं हो पा रहा था। हजारीबाग के तत्कालीन सांसद सह वित एवं विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा के पहल पर सीमा सड़क संगठन भारत सरकार के द्वारा इस पथ की मरम्मती हुई थी। जिसके बाद इस सड़क का ना तो कोई मरम्मती कार्य हुई और ना ही कोई मरम्मति करने का पहल किया गया। विधानसभा चुनाव के दौरान रोशन लाल चौधरी ने जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र की जनता ने टु लेन सड़क निर्माण की मांग की थी। जिसके आलोक में विधायक रोशन लाल चौधरी के पहल पर पथ निर्माण विभाग रांची ने टू लेन सड़क निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने का आदेश दिया है। साथ ही निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द सड़क का डीपीआर तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराया जाए। उक्त जानकारी भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र कुमार महतो ने दी जानकारी।

### सेवानिवृत शिक्षिका शशिकला का निधन



**रामगढ़।** श्री श्री चित्रगुप्त महापरिवार रामगढ़ के पैटर्न सदस्य सह विद्यानगर रामगढ़ कैंट निवासी बी पी सिन्हा की धर्मपत्नी शशिकला देवी का मंगलवार को निधन हो गया। बुधवार को उनकी अंतिम यात्रा में समाज के कई लोग शामिल हुए। वह अपने पीछे पांच पुत्र एवं तीन पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। वह छावनी परिषद कन्या मध्य विद्यालय से सेवानिवृत हुई थी। उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर समाज सेवी सहित कई राजनीतिक दलों के नेता भी पहुंचे। मुखाग्नि छोटे पुत्र राजेश सिन्हा ने दी। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने केंद्रीय विद्यालय रामगढ़ के अध्यापक रहे वासुदेव प्रसाद सिन्हा की धर्मपत्नी शीशकला देवी के निधन पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आकस्मिक निधन से कायस्थ समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा हमने अपने परिवार के एक महत्पूर्ण स्तंभ को खो दिया है। वह शिक्षिका के रूप में प्रसिद्ध थीं। निधन पर राष्ट्रीय मंत्री अमित कुमार सिन्हा, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री डॉ शंभु प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिन्हा, वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, रणंजय कुमार उर्फ कुंटु बाबू, डॉ के चंद्रा आदि ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### सीकेएस ने जीएम को सौंपा ज्ञापन




**कुजू।** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के कुजू क्षेत्रीय सचिव रतन प्रसाद ने विभिन्न समस्याओं को लेकर सीसीएल महाप्रबंधक को आवेदन सौंपा है। जिसमे उन्होंने कहा है कि जेबीसीसीआई की बैठक में यह तय हुआ था कि सीसीएल सभी कर्मचारियों को माह में एक गैस सिलेंडर मुफ्त दिया, जाएगा। जिसके एवज में गैस सिलेंडर मूल्य का भुगतान होगा। लेकिन पिछले कुछ माह से बढ़े हुए सिलेंडर के दाम के जगह पूर्व के दाम 860.50 रुपए भुगतान किया जा रहा है। जबकि वर्तमान में गैस सिलेंडर 910.50 रुपए में मिल रहा है। उन्होंने जब से सिलेंडर में वृद्धि हुई है, तब से लेकर कुल राशि का भुगतान करने का मांग किया है। वही उन्होंने सीसीएल कर्मचारियों के बकाया 13 दिन के वेतन भुगतान की भी मांग किया है।

### कुजू : घायल बाइक सवार की मौत

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के सांडी स्थित प्रेम लाइन होटल के पास से पूराना एनएच 33 सड़क पर मंगलवार को ट्रक की चपेट में आकर घायल हुए बाइक सवार की मौत इलाज के दौरान रांची रिम्स में हो गयी। कुजू पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया। ज्ञात हो कि कोयला लोड ट्रक संख्या जेएच 02 बीएन- 6237 रामगढ़ से कुजू की ओर आ रहा था। इसी बीच पल्सर बाइक संख्या जेएच24जी-7361 को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पर रमेश करमाली (40 वर्ष) पिता लालजी करमाली चौरा कसमार बोकारो निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। जहां उसकी मौत हो गयी।

### रेवाली में लाखों की संपत्ति चोरी



**कटकमदाग।** थाना क्षेत्र के रेवाली गांव में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है, जहां एक बंद घर को चोरों ने निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरात और नगद राशि पर हाथ साफ कर दिया। पीड़िता रूनम श्रीवास्तव, पति राजीव रंजन ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है कि 6 जून को वे अपने परिवार सहित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाहर गई थीं और 11 जून की सुबह लगभग 5 बजे जब वे घर लौटीं, तो देखा कि मुख्य दरवाजे के ताले टूटे हुए थे। घर के अंदर रखी गोदरेज की अलमारी का लॉक भी टूटा हुआ पाया गया, और सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे सोने-चांदी के गहनों समेत नगद 10,000 गायब थे। चोरी गए सामान में चार जोड़ी चांदी की पायल, दो सोने के नेकलेस, तीन सोने की चेन, मंगलसूत्र, दो टीका, दो नथ, तीन नाक की अंगूठी, चार कंगन, चांदी का ग्लास, मछली, चम्मच, पानपत्र, कोली, लोटा, बिछिया (5 जोड़ी), बालक का चांदी का सामान, और चांदी का सूप शामिल है। पीड़िता ने थाना प्रभारी से निवेदन किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित जांच की जाए और चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके चोरी गए सामान को बरामद किया जाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

# अशोक हेल्थ केयर में महिला की मौत

## परिजनों ने अस्पताल में किया तोड़फोड़

खबर मन्त्र संवाददाता




**कुजू।** दिगवार चौक स्थित अशोक हेल्थ केयर एंड ट्रामा सेंटर में बुधवार को इलाजरत महिला की मौत हो गयी। मौत की सूचना के बाद मृतका के मायके वाले व ग्रामीणों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा व तोड़फोड़ किया। घटना की सूचना पाकर पहुंचे कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष सिंह सदलबल के साथ अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मामले को शांत कराने का प्रयास किया। जिस पर परिजनों ने मुआवजा देने व आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की। 3 घंटे के मशक्कत के बाद आशुतोष सिंह ने मामले को शांत कराया। शव को अंत्यपरीक्षण के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। अस्पताल संचालक अशोक कुशवाहा ने कुजू ओपी पहुंचकर पुलिस को अपने आप को हवाले किया। मामले को लेकर कुजू पुलिस जांच में जुटी है। वहीं मृतका के पिता सुगदेव यादव ने अपनी पुत्री के मौत पर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कुजू ओपी में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। आशा देवी (24 वर्ष) पति त्रिगुनि गोप अंगवाली पेटवार निवासी एक माह पूर्व अपने मायके दिगवार पोचरा नीम टोला आयी हुई थी। इस बीच मंगलवार को सास लेने में समस्या को लेकर अशोक हेल्थ केयर एंड ट्रामा सेंटर में भर्ती हुई। बुधवार सुबह करीब 9 बजे आशा देवी को सांस लेने में अधिक समस्या होने लगी। इसके बाद नर्स ने आशा को इंजेक्शन दिया। जिसके बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत के बाद परिजनों सहित ढाई साल की पुत्री व दो माह का पुत्र का रो-रो कर बुराहाल था।

## सांसद मनीष जायसवाल का प्रयास लाया रंग

**कोडरमा-हजारीबाग-बरकाकाना रेल लाइन दोहरीकरण को कैबिनेट दी मंजूरी**

**हजारीबाग।** 11 जून हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक बन गया है। केंद्र सरकार की कैबिनेट बैठक में कोडरमा-हजारीबाग-बरकाकाना रेल मार्ग के दोहरीकरण को मंजूरी दे दी गई है। यह मंजूरी सांसद मनीष जायसवाल के लगातार प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने संसद से लेकर रेल मंत्रालय तक इस योजना के लिए आवाज बुलंद की थी। 133 किलोमीटर लंबे इस रेल मार्ग के दोहरीकरण पर लगभग 3,063 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें 17 बड़े पुल, 180 छोटे पुल, 42 आरओबी और 13 आरयूबी शामिल हैं। परियोजना से हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा और चतरा जिले के 938 गांवों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे 15 लाख से ज्यादा लोगों को लाभ मिलेगा। यह रेल मार्ग पटना और रांची के बीच सबसे कम दूरी वाला रूट बनेगा और इस पर 30.4 मिलियन टन अतिरिक्त माल ढुलाई की क्षमता होगी। साथ ही, हर साल 32 करोड़ लीटर डीजल की बचत और 163 किलोटन CO2 उत्सर्जन में कमी आएगी, जो लगभग 7 करोड़ पेड़ों के बराबर पर्यावरणीय प्रभाव रखेगा। सांसद मनीष जायसवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक विकास के लिए गेमचेंजर साबित होगी और रोजगार, व्यापार एवं पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

# शहीद विद्यानंद सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि

मुकेश सिंह




**चरही।** कारगिल युद्ध और नागालैंड सैन्य अभियानों में शौर्य का परिचय देने वाले वीर शहीद विद्यानंद सिंह को समर्पित 26वां शहादत दिवस बुधवार को परियोजना बालिका उच्च विद्यालय, चरही में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि कैप्टन डॉ. एसके पांडेय ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्दी पहनने वाले सपूत मौत से नहीं डरते, बल्कि देश के लिए मर-मिटने को तैयार रहते हैं। उन्होंने कारगिल युद्ध की परिस्थितियों और भारतीय सेना की वीरगाथा साझा करते हुए युवाओं में देशभक्ति का संचार किया। शहीद के पुत्र रविशंकर सिंह ने पिता की शहादत पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें मिला सम्मान पूरे देश की ओर से एक सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, स्वामी विवेकानंद और शहीद विद्यानंद सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भावुक कर दिया। छात्रा सुमन भाषण देते हुए रो पड़ीं, जबकि प्रधानाध्यापिका अंजनी कुमारी ने 'तेरी मिट्टी में मिल जावां' गीत गाकर श्रोताओं की आंखें नम कर दीं। अंत में शहीद के पुत्र को पौधा और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के शिक्षकों और छात्राओं की अहम भूमिका रही।

## उपायुक्त ने की सभी अंचल अधिकारियों के साथ बैठक

**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व विभाग की बैठक हुयी। उपायुक्त ने पीजी पोर्टल, सरकार आपके द्वार, ई रेवेन्यू कोर्ट की स्थिति, अंचलवार सीमांकन वाद, अंचलवार नामांतरण वाद, खतियानी रैयत के उत्तराधिकारियों एवं आपसी बंटवारा के आधार पर दाखिल खारिज, ऑनलाइन लगन वसूली, जमीन का म्यूटेशन, सक्सेशन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन, म्यूटेशन अपील, भूमि सीमांकन, परिसोधन, ऑनलाइन लगान, रजिस्ट्रेशन भू-अधिग्रहण, अंतर्विभागीय निःशुल्क भूमि हस्तांतरण की स्थिति, अंतर्विभागीय सशुल्क भूमि हस्तांतरण की स्थिति सहित अन्य मामलों में प्रगति की समीक्षा की। लंबित म्यूटेशन के आवेदनों को लेकर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि निर्धारित समय सीमा में ही आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित करें। वैसे आवेदन जो 90 दिनों से ज्यादा लंबित हैं उन्हें यथाशीघ्र निष्पादित करें। उपायुक्त ने सभी सीओ को निर्देशित दिया कि तकनीकी रूप से भी अपने आप को तैयार कीजिए। कार्यालय के कैशबुक, निर्गत पंजी एवं अन्य पंजी को नियमित रूप से अपडेट कीजिए। बैठक में अपर समाहर्ता संतोष सिंह, डीसीएलआर राजकिशोर प्रसाद, सभी सीओ सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## कन्या मध्य विद्यालय दारु में भवन निर्माण मुखिया ने रूकवाया

**दारू।** प्रखंड अंतर्गत राजकीय कन्या मध्य विद्यालय दारु में डीएमएफटी से 1 करोड़ के लागत से भवन निर्माण व चारदीवारी निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य मे घोर अनियमितता बरती जा रही है। सूचना पाते ही दारु मुखिया सुनील कुमार व उप मुखिया दशरथ प्रसाद व अन्य ग्रामीणों के साथ कार्य का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य मे हो रहे घटिया किस्म के ईंट के प्रयोग को देखते ही संवेदक के व्यक्तियों पर मुखिया भड़क गए। वहीं विद्यालय प्रभारी धीरज कुमार से पूछा गया कि विद्यालय में इतना घटिया काम हो रहा है तो आपने रोका क्यों नही। इस प्रभारी ने बताया कि मैं रोका था परंतु नही माना जबकि संवेदक के लोग बोल रहे थे कि प्रभारी द्वारा ऐसी कोई बात नही कही गई थी। फिलहाल मुखिया के द्वारा काम को रोक देने को कहा गया है।

# 9 जुलाई की हड़ताल को ऐतिहासिक बनायें : रमेंद्र

- यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का 13वां केंद्रीय सम्मेलन संपन्न
- अध्यक्ष का हुआ चयन, छह प्रस्ताव हुए पारित, चार कानून को वापस लेने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन का बुधवार को भुरकुंडा ऑफिसर्स क्लब में 13वां एक दिवसीय केंद्रीय सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें छह प्रस्ताव पारित किये गये। कार्यक्रम की शुरूआत सुशील कुमार सिन्हा द्वारा झंडोत्तोलन कर किया गया। सम्मेलन में अध्यक्ष मंडली का चयन किया गया। जिसमें एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह यूसीडब्ल्यूयू के महासचिव रमेंद्र कुमार, यूनियन के अध्यक्ष सह विधायक शत्रुघन महतो, उपाध्यक्ष लखन लाल महतो, केंद्रीय सचिव अशोक यादव, विंध्याचल बेदिया, नरेश मंडल, रामस्वरूप, रामजी शाह, सतीश केसरी शामिल हैं। सम्मेलन में यूनियन के महासचिव रमेंद्र कुमार ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। रमेंद्र कुमार ने कहा कि देश और कोयला उद्योग में राजनीतिक एवं आर्थिक रूप से काफी बदलाव आया है। केंद्र सरकार की किसान और मजदूर विरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि आज देश की आम जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। सरकार को चारों काले कानूनों को हर हाल में वापस लेना होगा, क्योंकि ये नीतियां न तो किसानों के हित में हैं और न ही श्रमिकों के। उन्होंने 9 जुलाई को आहूत कोयला उद्योग में होने वाली देशव्यापी हड़ताल को ऐतिहासिक बनाने के लिए मजदूर संगठन और कर्मचारियों को अपनी एकजुटता दिखाकर केंद्र सरकार को करारा जवाब देने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा संसद में गुपचुप तरीके से बिना बहस किये 44 श्रम कानून को बदलकर चार कोड में तब्दील कर दिया गया है जो की सरासर गलत है। यह नया कानून चार कोड मजदूर विरोधी, उद्योग विरोधी और देश विरोधी कानून है। प्रतिवेदन पर बहस हुई, जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इसके बाद यूनियन के कोषाध्यक्ष जेपीएन सिन्हा ने आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। नये कार्यकारिणी और पदाधिकारियों का चयन किया गया। सम्मेलन में सीसीएल, बीसीसीएल और ईसीएल कंपनी से करीब 300 प्रतिनिधि शामिल हुए। जिसमें बरका-सयाल एरिया के 36 प्रतिनिधि और भुरकुंडा के 8 प्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन में केंद्रीय सचिव व शाखा अध्यक्ष सह संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य विकास कुमार, सुरक्षा समिति लखेन्द्र राय, अनुज कुमार, विपिन राय, सुदेश प्रसाद, महादेव मांझी, संजीवन कुमार, एसएन, जाफरी, ललीत नारायण राय, बलराम नायक, भीम महतो व अन्य हुए शामिल।

## एक नजर में

### डीसी ने अंचल व अस्पताल का किया निरीक्षण



**बरही।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने बुधवार को बरही के प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त के साथ उप विकास आयुक्त भो इश्तियाक एवं बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू मौजूद थे। उपायुक्त ने प्रखंड में चल रही विकास योजनाओं की जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो से ली। मनरेगा के तहत पंचायतों में कितने कार्य चल रहे हैं। कितने मजदूर मनरेगा के तहत काम कर रहे हैं। आवास निर्माण की क्या स्थिति है। कितने अबुआ आवास बन रहे हैं, कितने लोगों को पीएम आवास की दूसरी किस्त की राशि मिली है। उपायुक्त ने सभी विभागों से एक-एक कर जानकारी ली। उन्होंने अंचल कार्यालय में प्रेरणा की अद्यतन स्थिति, लंबित मामलों की जानकारी ली। उपायुक्त को बताया गया कि बरही में राजस्व कर्मचारियों की कमी है। 8 अंचलों में मात्र 2 कर्मचारी हैं। प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का निरीक्षण करने के बाद डीसी अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण करते हुए कार्यरत चिकित्सकों की संख्या, विशेषज्ञ चिकित्सकों, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, आपातकालीन चिकित्सा स्थिति, ओपीडी एवं इमरजेंसी में मरीजों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं के बारे में उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी से जानकारी ली। जनरल ओपीडी, एक्सरे रूम, ट्रॉमा सेंटर, लेबर रूम, आयुष्मान सहित अन्य विभागों का निरीक्षण किया। डीसी को बताया गया है कि अनुमंडलीय अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया है लेकिन वह पिछले कुछ महीनों से खराब है, साथ ही एंबुलेंस की भी कमी है। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि ऑक्सीजन प्लांट को जल्द ही दुरुस्त किया जाएगा तथा एंबुलेंस व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जाएगा।

### कव्वाली में शामिल हुये इरफान अंसारी



**बरही।** कोनरा पंचायत के दरगाह मोहल्ला में उर्स मेला के अवसर पर मंगलवार रात कव्वाली प्रतियोगिता में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी और पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू, पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक जानकी यादव, आजसू नेता संजय मेहता, बरही अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू, एसडीपीओ अजीत कुमार विमल तथा अल्पसंख्यक कल्याण महासभा के अध्यक्ष मो कयूम उपस्थित थे। जहां सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उर्स कमेटी की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। इसमें शाने अहमद शाबरी तथा जारा डिस्को के बीच कव्वाली प्रतियोगिता हुई, जिसे देखकर अतिथियों ने प्रतियोगिता की खूब प्रशंसा की। कव्वाली की प्रस्तुति ने लोगों को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। जबरदस्त कव्वाली प्रतियोगिता के दौरान दर्शक रात भर झूमते रहे। आधी रात के बाद मुकाबले में महिला और पुरुष कव्वाल एक-दूसरे पर हावी रहे। कव्वाली के दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किये गये थे। मौके पर समिति के अध्यक्ष भगवान केशरी, सचिव मो रिजवान, पप्पू खान, मो तौकीर, पप्पू चंद्रवंशी, रितेश गुप्ता, मो महताब, सूरज दास व मो सगीर समेत हजारों लोग मौजूद थे।

### पिपचो में पलटा पिकअप, बाल-बाल बचा चालक

**दारु।** पिपचो जंगल के पास खेत मे एक पिकअप वैन पलट गया। हादसे में बाल बाल चालक बचा। जानकारी के अनुसार पिकअप वैन संख्या यूपी 32 एमएन 0590 झारखण्ड सरकार द्वारा नशा मुक्ति प्रचार कार्य मे उक्त वाहन चल रहा था यह पिकअप वैन डालटनगंज से प्रचार कार्य के लिए जामताड़ा जा रहा था। इसी बीच पिपचो के पास सिवाने नदी से पहले वाहन पलट गई। सूचना पाकर दारु पुलिस ने वाहन को थाना ले गई। जहां से कागजी खानापूर्ति के बाद वाहन को छोड़ दिया गया।

### महिला को पोकलेन से गड्ढे में गिराने का आरोप

**बरही।** बेलहारा गांव में एक महिला ने गांव के ही 7 लोगों पर पोकलेन मशीन से मार कर गड्ढे में डाला का आरोप लगा कर थाने में आवेदन देकर करवाई की मांग किया। महिला ने बताया कि प्रदीप यादव वैगर ने पोकलेन मशीन से मिट्टी काट कर मेरे खेत में गिरा दे रहा था। मना की इसी बीच प्रदीप यादव पिता महादेव यादव, लक्ष्मण यादव पिता प्रमेश्वर यादव, कलावती देवी पति महादेव यादव, बतेसिया देवी पति प्रमेश्वर यादव, सरिता देवी पति सुरेश यादव, अंकित यादव पिता सुरेश यादव सभी ग्राम बेलहारा निवासी ने गाली गलौज करते हुए पोकलेन ऑपरेटर पोकलेन ऑपरेटर सुनिल यादव पिता सुरेश यादव को कहा कि इसे पोकलेन से मार कर खेत में डाल दो। इसके बाद पोकलेन ऑपरेटर सुनिल यादव ने पोकलेन के बकेट से मुझे गड्ढे में ढकेल दिया जिससे मैं लगभग 15 फिट नीचे गड्ढा में गिर गई जिससे मेरे माथे एवं पैर में काफी चोट लगा और पुरा शरीर में अधिक चोट लगने से बेहोश हो गई। ये लोग मुझे गड्‌ढा में भरकर जान मारने का कोशिश कर रहे थे। इसी बीच हो हल्ला सुनकर मेरे पति प्रभु यादव, एवं ग्रामीणों में विजय यादव पिता महादेव यादव, बहादुर यादव पिता कोशी महतो एवं अन्य लोग दौड़कर आए और मेरी जान बचाया। घायल महिला को इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई।

### कटकमसाडी में दो ड्रग तस्कर गिरफ्तार



कटकमसाडी। नशे कि लत से हजारीबाग जिला के कटकमसाडी प्रखंड में विभिन्न स्थानों पर नशे पर गांजा, चरस, ब्राउन शुगर, अफीम का सेवन चरम पर है। ताजा मामला कटकमसाडी पुलिस ने दो नशे के सौदागर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी राज बल्लभ कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था कि दो व्यक्ति अपाचे मोटरसाइकिल से ब्राउन शुगर की तस्करी करने के उद्देश से चतरा से हजारीबाग की ओर आने वाला है। जिसकी सूचना जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को अवगत कराते हुए वाहन चेकिंग लगाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान दो व्यक्ति 7.10 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा गया। पकड़े गए ब्राउन शुगर तस्कर अनिल कुमार यादव पिता तारकेश्वर यादव ग्राम द्वारी थाना गिद्धौर जिला चतरा, उज्जवल कुमार पिता जागेश्वर राम ग्राम बाबू पार बादाम, थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग को 7.10 ग्राम ब्राउन शुगर एक छोटा वेट मशीन, दो स्मार्टफोन एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। छापेमारी दल का नेतृत्व अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, एवं थाना प्रभारी कटकमसाडी राजबल्लभ कुमार के द्वारा किया जा रहा था वही छापेमारी दल में पु अ नि बिरजा कुजूर योगेंद्र कुमार मेहता जैप के जवान तैनात थे।

# संकल्प से सिद्धि: मोदी युग ने गढ़ी नए भारत की सशक्त, सुरक्षित और विकसित तस्वीर



पियूष गोयल

वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब भारत एक अहम मोड़ पर खड़ा था। एक ऐसा देश, जहां आकांक्षाएं तो थीं लेकिन उनके पूरे होने की दिशा स्पष्ट नहीं थी। लेकिन बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जिस दिशा और गति से विकास की यात्रा तय की है, वह आज ह्यन्यू इंडिया के रूप में दुनिया के सामने खड़ा है। आज भारत आत्मविश्वास से भरा, आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर और वैश्विक मंच पर अपनी स्पष्ट आवाज रखने वाला राष्ट्र है।

इस बदलाव की शुरूआत गरीबों के जीवन स्तर को सुधारने से हुई। आजादी के छह दशकों बाद भी भारतवासी घर, शौचालय, जल और स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे। इस दिशा में पहल करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत अभियान के तहत करोड़ों गरीब परिवारों को पक्के घर और शौचालय बनाकर दिए गए। उज्ज्वला योजना के माध्यम से निशुल्क गैस कनेक्शन देकर करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई जबकि आयुष्मान भारत जैसी स्वास्थ्य योजनाओं ने गरीबों को ?5 लाख तक की बीमा सुरक्षा देकर उन्हें आर्थिक आपदा से बचाया। हर घर जल अभियान के माध्यम से करोड़ों ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया गया। ये योजनाएं सिर्फ कागजों की नीतियां नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत में तब्दील होकर आम जनजीवन को बदल चुकी हैं। जन धन योजना के माध्यम से आजादी के बाद पहली बार करोड़ों भारतीयों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा गया, जिससे देश में आर्थिक समावेशन को मजबूती मिली है। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी भारत ने ऐतिहासिक प्रगति की है। जिन गांवों में कभी बिजली और पक्की सड़कें एक सपना हुआ करती थीं, वहाँ अब सोलर लाइटें जलती हैं। दूर-दराज गांवों की राष्ट्रीय राजमार्गों से कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जा चुकी है। शहरों में स्मार्ट सिटी मिशन और मेट्रो परियोजनाओं ने जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार किया है।

भारत की यह विकास यात्रा डिजिटल रूप से भी क्रांतिकारी रही है। डिजिटल इंडिया अभियान ने देश को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया और यूपीआई ने आज भारत को दुनिया में सबसे अधिक डिजिटल लेन-देन करने वाला देश बना दिया है। आधार, मोबाइल और जनधन की त्रिमूर्ति ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर को सहज बनाते हुए भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका को लगभग समाप्त कर दिया। इससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्ति तक पहुँच रहा है। महिला सशक्तिकरण नरेन्द्र मोदी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में रहा। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान से लेकर मातृत्व अवकाश में वृद्धि और सुकन्या समृद्धि योजना जैसी योजनाओं ने महिलाओं और बेटियों को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त किया है। एनडीए और भारतीय सेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन जैसी पहलों ने यह साबित किया कि सरकार के लिए महिला सशक्तिकरण केवल स्लोगन नहीं, बल्कि नीति और नीयत दोनों का हिस्सा बन चुका है।

कृषि प्रधान देश होने के बावजूद देश का कृषि क्षेत्र लंबे समय तक उपेक्षित रहा, सरकारों के तमाम कागजी दावों के उलट स्थिति ये थी कि किसान खेती छोड़कर नौकरी के लिए पलायन करने को मजबूर थे। बीते



एक दशक में कृषि क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आए। आज पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से देश के हर छोटे किसान को प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता दी जा रही है। फसल बीमा योजना, ई-नाम पोर्टल, माइक्रो सिंचाई योजनाएं, और ड्रोन टेक्नोलॉजी के प्रयोग ने कृषि को सिर्फ उपज की दृष्टि से नहीं, बल्कि आय के स्रोत के रूप में मजबूत किया गया है। इसी तरह शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में भी कई ऐतिहासिक पहल की गईं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक में गुणात्मक परिवर्तन आए। मातृभाषा में पढ़ाई को बढ़ावा, कौशल आधारित शिक्षा और डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म जैसे दीक्षा, स्वयम, और पीएम ई-विद्या ने शिक्षा को अधिक सुलभ और समावेशी बनाया है। स्किल इंडिया के अंतर्गत लाखों युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे युवा अब नौकरी मांगने वाले नहीं, देने वाले बन रहे हैं।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान जो साहसिक और तेज निर्णय लिए, वे पूरी दुनिया में सराहे गए। स्वदेशी वैक्सीन निर्माण और कोविन पोर्टल का सफल संचालन यह दशार्ता है कि भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं, तकनीक और विज्ञान का निमार्ता भी है। साथ ही फिट इंडिया, योग दिवस और आयुष मंत्रालय की सक्रियता ने भारतीय जीवनशैली को फिर से प्रासंगिक बनाया है। प्रधानमंत्री मोदी की लोकल को ग्लोबल बनाने की दूरदर्शी सोच ने मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से घरेलू उद्योगों और नवाचारों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में उतारने की शक्ति दी है। भारत आज तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है, और पीएलआई स्कीम जैसे प्रोत्साहनों मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोटिव और रक्षा विनिर्माण में भी भारत आत्मनिर्भर बनता जा रहा है।

दशकों तक बुनियादी ढांचा निर्माण के क्षेत्र में उस प्रगति से कार्य नहीं हुए जिसकी देश को जरूरत थी। बीते एक दशक में भारत माला, सागर माला, और उड़ान जैसी योजनाओं ने देश के दूरस्त इलाकों को सड़क, रेल, जल और वायु मार्गों से जोड़ने में नई ऊंचाई दी है। वंदे भारत ट्रेनें, बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट और रेलवे के विद्युतीकरण से न केवल यात्रा की गति बढ़ी है, बल्कि यात्रा को पर्यावरण के अनुकूल भी बनाया गया है। रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी भारत ने अभूतपूर्व आत्मनिर्भरता दिखाई है। दशकों से लंबित वन रैंक, वन पेंशन लागू हुआ, ब्रह्मोस, आकाश जैसे रक्षा उपकरणों से सेनाओं की न सिर्फ. ताकत बढ़ी बल्कि भारत दुनिया में हथियार निर्यात भी कर रहा है। विक्रांत का निर्माण, अग्नि मिसाइलों की श्रृंखला और सीमा पर तेजी से इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण भारत की सुरक्षा प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं।

एक ओर जहां आर्थिक और तकनीकी विकास हुआ, वहीं सांस्कृतिक और धार्मिक पुनर्जागरण ने भी समाज में नई चेतना पैदा की है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक और केदारनाथ पुनर्निर्माण जैसे प्रकल्पों ने सांस्कृतिक आस्था को सम्मान और भव्यता दोनों दिए है। योग दिवस को वैश्विक मान्यता दिलाकर भारत ने पूरी दुनिया को भारतीय दर्शन से जोड़ने का भी कार्य किया है। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन ने समाज में जागरूकता की नई क्रांति लाई। भारत अब नेट जीरो 2070 के लक्ष्य की ओर कार्यरत है, और सौर ऊर्जा व इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भी भारत ने पहली बार फॉलोवर से लीडर की भूमिका निभाई है। ऋ20 की अध्यक्षता, वैक्सीन मैत्री, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन, वॉइस ऑफ ग्लोबल साउथ जैसे प्रयासों ने भारत को विकासशील देशों का नेतृत्वकर्ता बना दिया है। भारत अब संयुक्त राष्ट्र की स्थायी सदस्यता की दिशा में गंभीर दावेदारी कर रहा है। नरेन्द्र मोदी सरकार की सबसे बड़ी विशेषता उसकी राजनीतिक इच्छाशक्ति रही है, चाहे वह धारा 370 को हटाने का ऐतिहासिक निर्णय हो, तीन तलाक जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करना हो, या एक देश-एक कर जैसी जटिल लेकिन आवश्यक व्यवस्था को लागू करना हो। पारदर्शी शासन और टेक्नोलॉजी का उपयोग कर देश में अंत्योदय को व्यवहारिक रूप दिया गया है।

आज जब बीते 11 वर्षों की ओर पीछे देखें, तो यह स्पष्ट दिखता है कि यह केवल योजनाओं की सूची नहीं है, बल्कि एक राष्ट्रीय पुनर्जागरण की जीवंत तस्वीर है। यह कालखंड केवल आर्थिक या भौतिक उपलब्धियों का नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और राजनीतिक जागरूकता का युग रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का संकल्प लिया था वह अब सिर्फ एक नारा नहीं, भारत की पहचान बन चुका है। यह सिद्धि केवल सरकार की नहीं, हर उस नागरिक की है जिसने इस संकल्प में आस्था रखी और यही 21वीं सदी के भारत का असली परिचय है।

(केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार)

## रखें ध्यान कायदे-कानूनों का जंगल सफारी

अन्नू अंबालिका

**भारत** की अद्वितीय जैवविविधता की प्रसिद्धि दुनिया में है। हर साल दुनिया से लाखों पर्यटक यहां घूमने के लिए आते हैं। पूर्व हो या पश्चिम, उत्तर हो या दक्षिण, भारत के जंगलों में दुनिया के दुर्लभतम जानवर पाये जाते हैं। इन घने जंगलों, घास के मैदानों और दलदलों में स्थित भारत के जंगलों में देखने के लिए बहुत कुछ होता है। अगर आप भी गर्मी के इन छुट्टियों में कहीं घूमने के लिए जा रहे हैं तो जंगल की सफारी का भी मजा ले सकते हैं। इसके कुछ नियम कायदे-कानून होते हैं।

हर जंगल सफारी में अनुभवी गार्ड और पार्क के अधिकारियों द्वारा जो सुरक्षा निर्देश जारी किए जाते हैं, उनके बारे में पर्यटकों को पहले से अवगत कराया जाता है। उनकी जरा-सी भी अनदेखी पर्यटकों के लिए ही नहीं बल्कि वन्यजीव दोनों की सुरक्षा के लिए खतरा साबित हो सकती है। सफारी के लिए सबसे पहला नियम तो यह है कि जंगल के भीतर कोई भी अपना पर्सनल वाहन नहीं ले जा सकता। इसके लिए जंगल प्रशासन द्वारा ही गाड़ी मुहैया करायी जाती है। सफारी के दौरान रंग-बिरंगे कपड़े पहनने की बजाय ब्राउन और हरे रंग के कपड़े जो वहां के वातावरण से मेल खाते हैं, उन्हें ही पहनकर जाना चाहिए। सफारी के दौरान गाड़ी से बाहर नहीं निकलना चाहिए। जानवरों को नजदीक से देखने का मोह नहीं पालना चाहिए। सफारी की गाड़ी खुली होती है, जिसमें आप इत्मीनान से अगर जंगली जानवर दिखता है तो उसे देख सकते हैं।

हालांकि यह जरूरी नहीं कि आपको जानवर पास से देखने को मिले, क्योंकि सफारी द्वारा जंगल के भीतर जो रास्ता बनाया जाता है, उसी सड़क पर चलना होता है। इन रास्तों को पर्यटकों की सुरक्षा और वन्यजीवों के संरक्षण को मद्देनजर रखते हुए बनाया जाता है। गाड़ी से बाहर निकलकर जानवर को नजदीक से देखने के चक्कर में या उसको करीब से फोटो लेने से भी बचना चाहिए। वैसे तो जंगल की सफारी में फ्लैश फोटोग्राफी की अनुमति नहीं दी जाती; क्योंकि कैमरे की फ्लैश से जानवर परेशान हो सकते हैं और वो घबराकर आप पर हमला भी कर सकते हैं।

सफारी का उद्देश्य वन्यजीवों को दूर से देखना होता है। उनको बहुत करीब से देखने के चक्कर में उनके पास नहीं जाना चाहिए। क्योंकि इससे वे डर सकते हैं, तनाव में आ सकते हैं और आप पर हमला भी कर सकते हैं। यदि आपके साथ गाइड है तो आप उसे ज्यादा करीब ले जाने के लिए नहीं कह सकते। उसे देखने के लिए दूरबीन या लंबी दूरी के कैमरा लैंस रखने चाहिए।

जानवरों को देखकर उन्हें आवाजें लगाना, भयानक आवाजें निकालना, इससे उनका प्राकृतिक व्यवहार बिगड़ सकता है। उनके पास जाकर अनावश्यक शोर नहीं करना चाहिए, न ही संगीत बजाना चाहिए। तेज आवाज वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की मनाही होती है। इससे भी बचना चाहिए। यदि आपको जानवर पास से दिखाई दे तो उन्हें खाने के लिए कुछ न दें। इससे उनको स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें पैदा हो सकती हैं और उनके भोजन का चक्र बदल सकता है। सफारी से उतरकर इधर उधर पैदल न घूमें। यदि गलती से आप रास्ता भटक गये हैं या खो जाते हैं तो हो सकता है खतरनाक जीवों से आपका सीधे सामना हो जाए और आपकी जान भी जा सकती है।

जंगल में खाने के लिए आप जो भी सामान लेकर जाते हैं, कोल्ड ड्रिंक की बोतल, पानी की बोतलें, चिप्स के पैकेट इन सबका कूड़ा वहां न छोड़कर आएं बल्कि इन्हें अपने साथ लाएं। जंगल में रहने वाले स्थानीय आदिवासियों से भी अनावश्यक मेलमिलाप न करें। उनकी तस्वीर उनकी अनुमति के बगैर न लें। आदिवासियों की संस्कृति और रीति-रिवाजों का सम्मान करते हुए उनकी गरिमा बनाये रखें और उनकी परंपराओं तथा प्रथाओं का उल्लंघन न करें।

सफारी के लिए राज्य

जवाई बांध तेंदुआ संरक्षण रिजर्व ऑफ, राजस्थान

काबिनी वाइल्ड लाइफ सेंचुरी, कर्नाटक

जिम कार्बेट नेशनल पार्क उत्तराखंड

रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान, राजस्थान

काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, असम

कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, मध्य प्रदेश, सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान, पश्चिम बंगाल, पेरियार राष्ट्रीय उद्यान, केरल

बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान, मध्य प्रदेश,बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान, कर्नाटक

## उमंग से बाल विवाह में आई कमी, किशोरियों में हौसला बढ़ा


फलक फातिमा

मन में है कि एक दिन आगे पढ़ लिखकर भारतीय प्रशासनिक सेवा का अभिन्न अंग बनू। परंतु सामाजिक कुरीतियां व परिवारिक पृष्ठभूमि ऐसी कि उसे लंबी उड़ान के लिए बाधा बन रही थी।

यह कहानी है झारखंड के अति पिछड़े जिले **जामताड़ा के सत्तसाल गांव** की। जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय से ताल्लुक रखने वाली आशिया और पूजा जो 11 वीं की परीक्षा लिख चुकी थी और अब 12 वीं की कक्षा में जाने के बाद आगे भी पढ़ाई-लिखाई जारी रखना चाहती थी। परंतु परिवार वालों ने बीच मझधार में साथ छोड़ दिया और इन्हें बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई की ओर धकेलने का मार्ग तैयार करने लगे। परंतु उमंग से जुड़ने के बाद इन किशोरियों के जीवन में बदलाव आया। जो बाते ये परिवार वालों से बोल नहीं पाती थी, वे खुलकर अपनी इच्छाओं व आगे बढ़ने लालसा को साझा की। परिणाम यह हुआ कि सामूहिक प्रयास से दोनों के अभिभावकों को समझाया गया और जो दोनों के लिए रूकावटें थी, एक हद तक दूर हो पाई। ऐसी ही कई कहानियां है, जो जामताड़ा और गोड्डा जैसे जिले में मिल जाएंगी। परंतु इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिसर्च ऑन विमेन (आईसीआरडब्ल्यू), बदलाव फाउंडेशन, साथी संस्था, ढउक( प्रोजेक्ट कंसर्न इंटरनेशनल) द्वारा एवं झारखण्ड सरकार के सहयोग से चलाई जा रही इस कार्यक्रम के कारण किशोरियों के सशक्त होने के कारण बाल विवाह जैसे आंकड़ों में 2024 में कई परिवर्तन देखने को मिला।

### क्या कहते है बाल विवाह के आंकड़े

एनएफएचएस - 5 (2020-21) के सर्वे के अनुसार गोड्डा जिला में 59 प्रतिशत और जामताड़ा जिले में 58 प्रतिशत बाल विवाह दर के आंकड़े सामने आए है। इसी को देखते हुए उमंग कार्यक्रम को गोड्डा के 44 स्कूलों और 128 गावों और जामताड़ा जिला के 27 स्कूलों और 81 गावों में चलाया गया जिससे बाल विवाह की दर और स्कूल ड्रॉप आउट दर में कमी लाया जा सके। टीम द्वारा गांव में पहुंचकर ड्रॉप आउट बच्चियों-बच्चों से बातचीत की और कारणों को समझने का प्रयास किया। **एनएफएचएस - 4** के (2015-2016) के आंकड़ों पर गौर करे तो झारखंड में 37.9 प्रतिशत महिलाओं की 20-24 वर्ष वालों की पूर्व में 18 वर्ष से पहले कर दी गई थी। 12 प्रतिशत लड़कियां



जिनकी उम्र 15-19 वर्ष थी, मां बन चुकी थी या गर्भवती थी। 59 प्रतिशत साक्षर महिलाओं में से सिर्फ 28.7 प्रतशित महिलाओं ने 10 या अधिक कक्षा तक की पढ़ाई की थी। विवाहिता महिलाओं में से 34 प्रतिशत ने पति या साथी द्वारा कई तरह के हिंसा का अनुभव किया। जबकि 35.2 प्रतिशत महिलाओं के पास मोबाइल फोन था। जिसका वे उपयोग कर सकती थी।

### क्या कहते है जामताड़ा के आंकड़े व क्या है बाल विवाह के दुष्परिणाम :

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जामताड़ा जिले में कुल जनसंख्या 791,042 है, जिसमें 404,830 पुरुष और 386,212 महिलाएं है। पूरे जिले में 155,275 परिवार रहते हैं। औसतन लिंग अनुपात 954 हैं। इसमें 9.6 प्रतिशत शहरों, 90.4 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में रहते है। शहरी क्षेत्रों का औसतन साक्षरता दर 82.6 प्रतिशत, ग्रामीण क्षेत्रों का साक्षरता दर 62.6 प्रतिशत है। पुरुषों का साक्षरता दर 63.79 प्रतिशत और महिलाओं का साक्षरता दर 43.51 प्रतिशत हैं। जामताड़ा में अनुसूचित जाति की संख्या 9.2 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति 30.4 प्रतिशत है। धर्म के आधार पर इस जिले में हिंदूओं की आबादी 69.6 प्रतिशत, मुसलमानों की आबादी 20.78 प्रतिशत, ईसाईयों की आबादी 0.56 प्रतिशत, सिख की 0.07 प्रतिशत, बौद्ध की 0.01 प्रतिशत, जैन की 0.1 प्रतिशत हैं। वहीं अन्य धर्म में सरना-आदिवासी धर्म मानने वालों की संख्या 8.67 प्रतिशत हैं।

यदि आंकड़ों पर गौर करे तो बहुसंख्यक वाले आबादी में बाल विवाह के ज्यादा मामले आते हैं, इसमें 12 से 13 वर्ष की उम्र में शादी करवा दी जाती है।

शोध में पाया कि जिन किशोरियों की विवाह 15-16 वर्ष की आयु में होता है, वे इस उम्र में दो बच्चों की मां बन जाती हैं और कम उम्र में बच्चें जनने के कारण बच्चा व जच्चा दोनों की स्वास्थ्य हालत खराब रहती हैं। इसमें पोषण, विटामिन, खून की कमी के कारण अधिकतर मामलों में बच्चा और मां की मौत ज्यादा होती हैं।

## एमएसपी में वृद्धि और किसानों के लिए समर्थन करती हमारी सरकार

नरेन्द्र मोदी

2014-15 से 2024-25 की अवधि के दौरान, 14 खरीफ फसलों की खरीद 7871 एलएमटी थी, जबकि 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान खरीद 4679 एलएमटी थी।

### गेहूं एमएसपी वृद्धि और रिकॉर्ड खरीद

गेहूं के लिए एमएसपी 2013-14 में 1,400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2024-25 में 2,425 रुपये प्रति क्विंटल हो गई, जिससे गेहूं उत्पादकों को बेहतर रिटर्न सुनिश्चित हुआ। 2014-2024 के दौरान गेहूं के लिए एमएसपी भुगतान के रूप में कुल 6.04 लाख करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं, जो 2004-2014 के दौरान भुगतान किए गए 2.2 लाख करोड़ रुपये की तुलना में काफी अधिक है।

### धान एमएसपी वृद्धि और रिकॉर्ड खरीद

धान के लिए एमएसपी 2013-14 में 1,310 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2025-26 में 2,369 रुपये प्रति क्विंटल हो गई, जिससे लाखों धान किसानों को लाभ हुआ। 2014-15 से 2024-25 की अवधि के दौरान धान की खरीद 7608 एलएमटी थी, जबकि 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान धान की खरीद 4590 एलएमटी थी। 2014-15 से 2024-25 की अवधि के दौरान धान उत्पादक किसानों को भुगतान की गई एमएसपी राशि 14.16 लाख करोड़ रु. जबकि 2004-05 से 2013-14 की अवधि में किसानों को भुगतान की गई राशि 4.44 लाख करोड़ रुपये थी।

ग्रेड-ए धान के लिए एमएसपी 2013-14 में 1,345 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2025-26 में 2,389 रुपये प्रति क्विंटल हो गया

दालें

पिछले ग्यारह वर्षों में, सरकार दालों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाई है। पहले कम खेती, सीमित खरीद, उच्च आयात निर्भरता और उच्च उपभोक्ता कीमतों से ग्रसित यह क्षेत्र अब बढ़ी हुई खेती, उच्च एमएसपी द्वारा संचालित पर्याप्त खरीद, कम आयात निर्भरता और उपभोक्ताओं के लिए बेहतर मूल्य स्थिरता प्रदर्शित करता है।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर दालों की खरीद में 7,350% की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो 2009-2014 के दौरान 1.52 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) से बढ़कर 2020-2025 के दौरान 82.98 एलएमटी हो गई।

### एमएसपी पर तिलहन की खरीद

पिछले ग्यारह वर्षों में एमएसपी पर तिलहन खरीद में 1,500% से अधिक की वृद्धि हुई है, जो तिलहन किसानों के लिए सरकार के मजबूत समर्थन को दशार्ता है।

### पीएम-किसान सम्मान निधि

* अब तक 11 करोड़ से ज्यादा किसानों को 3.7 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है।

किसान-केंद्रित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, बिचौलियों को खत्म करते हुए, देश भर के किसानों को पारदर्शी और सीधे लाभ पहुँचाने



को सुनिश्चित करता है।

फरवरी 2019 में शुरू की गई केंद्र की योजना, पीएम-किसान योजना का उद्देश्य भूमि-धारक किसानों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करना है। यह प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से आधार से जुड़े बैंक खातों में सीधे तीन बराबर किस्तों में प्रति वर्ष 6,000 रुपये प्रदान करता है, छोटे और सीमांत किसानों को गुणवत्तापूर्ण इनपुट में निवेश करने और उपज बढ़ाने के लिए समय पर सहायता सुनिश्चित करता है।

### किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी)

* अब तक 7.71 करोड़ किसानों को 10 लाख करोड़ रु का ऋण दिया जा चुका है।

केसीसी के तहत ऋण सीमा 2025-26 के लिए 3 लाख रु से बढ़ाकर 5 लाख रु की गई।

किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) योजना किसानों को अल्पकालिक और दीर्घकालिक खेती, कटाई के बाद के खर्चों और उपभोग की जरूरतों के लिए परेशानी मुक्त और किफायती ऋण सुनिश्चित करती है। यह कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए ऋण तक आसान पहुंच प्रदान करता है, जिससे किसानों की वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा मिलता है।

### जोखिम कम करना और सुदृढ़ता बढ़ाना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

अब तक इस योजना के तहत 63.23 करोड़ किसान आवेदन कर चुके हैं।

19.91 करोड़ से ज्यादा किसानों (अनंतिम) को बीमा दावे मिले।

*** किसानों को दावों के रूप में 1.75 लाख करोड़ रु (अनंतिम) का भुगतान किया गया।**

2016 में शुरू की गई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) का उद्देश्य भारतीय किसानों को एक सरल, किफायती और व्यापक फसल बीमा उत्पाद प्रदान करना है। यह योजना सभी गैर-रोकथाम योग्य प्राकृतिक जोखिमों को कवर करती है बुवाई के पहले से लेकर कटाई के बाद तक के प्राकृतिक जोखिम, प्राकृतिक आपदाओं, कीटों या बीमारियों के कारण फसल खराब होने की स्थिति में वित्तीय सहायता सुनिश्चित करना।

₹एक राष्ट्र, एक फसल, एक प्रीमियम₹ सिद्धांत का पालन करते हुए, पीएमएफबीवाई अप्रत्याशित प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले फसल नुकसान के खिलाफ एक व्यापक सुरक्षा प्रदान करता है।

यह सुरक्षा न केवल किसानों की आय को स्थिर करती है बल्कि उन्हें नवीन प्रथाओं को अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित करती है।

### प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना

**अब तक 2021-26 के लिए 93,000+ करोड़ रु आवंटित किए गए हैं।**

112 सिंचाई परियोजनाएँ लागू की गई हैं, जिससे मानसून पर निर्भरता कम हुई है।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) वर्ष 2015-16 के दौरान शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य खेत पर पानी की भौतिक पहुँच को बढ़ाना और सुनिश्चित सिंचाई के तहत खेती योग्य क्षेत्र का विस्तार करना, खेत पर पानी के उपयोग की दक्षता में सुधार करना, स्थायी जल संरक्षण प्रथाओं को शुरू करना आदि है।

स्पीड न्यूज

## पानी के बिना विकसित कृषि का संकल्प पूरा नहीं हो सकता : जोबा

**राजनगर, सरायकेला-खरसावां।** राजनगर प्रखंड के गम्हरिया पंचायत में कृषि विज्ञान केंद्र सरायकेला-खरसावां के तत्वावधान में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सिंहभूम की सांसद जोबा माझी उपस्थित रही। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में पर्यावरण विद सह पद्मश्री चामी मुर्मू, जिला परिषद सदस्य सुलेखा हासदा, प्रभारी मुखिया दुम्बी बारी उपस्थित रहे।

## कृषक मित्रों ने की मानदेय की मांग

**सोनुवा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के कृषक मित्रों ने जिलाध्यक्ष रामप्रेश महतो के नेतृत्व में मानदेय लागू करने की मांग को लेकर बुधवार को मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगत माझी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कृषक मित्रों ने कहा पिछले 15 वर्षों से आत्मा परियोजना के तहत कार्य करते आ रहे हैं। हम कृषक मित्रों की बहाली आत्मा से जुड़े कार्यों का प्रचार प्रसार के लिए किया गया था।

## एमपी : बन्ना ने कांग्रेस नेताओं संग की बैठक

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से मध्यप्रदेश के छतरपुर जिला में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त पूर्व मंत्री झारखंड सरकार बन्ना गुप्ता ने छतरपुर परिसदन और जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पीसीसी पर्वेक्षकों, जिला अध्यक्ष, वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक, लोक सभा प्रत्याशी, पीसीसी सदस्य, फ्रंटल अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष,ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष, वरीय पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ जिला स्तरीय बैठक कर कांग्रेस पार्टी के संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने पर विचार विमर्श किया।

## सुरभि शाखा के शिविर में 15 यूनिट रक्त संग्रह

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच रक्तदान महा उत्सव एवं रक्तदान सम्मान पखवाड़ा के तहत मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा पांच दिवसीय रक्तदान पखवाड़ा का शुभारंभ बुधवार को किया गया।

## देवस्नान के बाद एकांतवास में गये भगवान जगन्नाथ

**इटकी।** स्थानीय जगन्नाथ मंदिर में बुधवार को देव स्नान अनुष्ठान विधिवत रूप से किया गया। इसके बाद मंदिर का पट 15 दिनों के लिए बंद कर दिया गया। इस दौरान भगवान का दर्शन वर्जित होगा। देव स्नान अनुष्ठान के तहत मंदिर के गर्भ गृह में विराजमान भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा व भाई बलराम सहित अन्य विग्रहों व प्रतिमाओं को पूजा-अर्चना के बाद स्नान कराया गया। देव स्नान के साथ ही भगवान एकांतवास में चले गये। देव स्नान अनुष्ठान लाल आशीष नाथ शाहदेव, लाल अश्विनी नाथ शाहदेव व पुजारी सुंदर श्याम तिवारी के नेतृत्व में किया गया। आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा यानी 26 जून को भगवान अज्ञातवास से बाहर आएंगे और इसी दिन नेत्रदान होगा, 27 जून को रथ यात्रा निकाली जाएगी। मौके पर लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, लाल गौरव नाथ शाहदेव, सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

# प्रभु जगन्नाथ ने बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र संग किया महास्नान, बीमार पड़े

खबर मन्त्र ब्यूरो







1. धालभूम क्लब में महास्नान विधि के दौरान भगवान जगन्नाथ, बहन देवी सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र जी। 2. महास्नान के दौरान जय जगन्नाथ का जयकारा लगाती महिलाएं। 3. उत्कल एसोसिएशन साकची में महा स्नान पूजा कराते पुजारीगण।

**जमशेदपुर।** प्रभु जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र जी संग स्नान उत्सव किया। इस्कॉन की ओर से धालभूम क्लब,साकची में प्रभु को हरे-रामा, हरे कृष्णा, हरे-हरे... भजनों के साथ महास्नान के लिए विशाल हॉल में लाया गया। प्रभु और उनके भाई-बहन को 108 मटकों से महा स्नान कराया गया। इस दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरी फिजां जय जगन्नाथ... जय जगन्नाथ के गगनभेदी नारों से गूंजता रहा। इस दौरान कीर्तन मंडली के कीर्तन पर भक्त जम कर झुमते रहे। जब प्रभु और उनके भाई बहन को बारी-बारी से महा स्नान कराने के लिए मंच पर लाया गया तो स्त्री-पुरुष, तरुण-तरुणियां और बच्चे सभी उनका दर्शन कर मुग्ध हो गए।

इस्कॉन के तत्वावधान में ही जमशेदपुर में सबसे बड़ी रथ यात्रा निकलती है। इस्कॉन रथ यात्रा के संयोजक चंद्रशेखर पर्वत ने बताया कि 35 किग्रा आम का रस, 55 पीस तरबूज, 11 पीस अनानास, अनार 5 किग्रा, गन्ना रस 11 लीटर, गंगा जल एक मटका, गुलाब, गेंदा फूल लाल और पीला, रजनीगंधा फूल, 11 किग्रा दूध, दही, 3.5 कि ग्रा मधु मिला कर 108 मटकों का जल तैयार किया गया। इस्कॉन के गोलमुरी मुख्यालय से प्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा देवी और बड़े भाई बलभद्र जी को भोग लगाया गया और नये वस्त्र पहना कर धालभूम क्लब लाया गया। यहां महा स्नान कराया गया।

यहां 21 पूजारी लगे हुए हैं। कुछ पुजारी मायापुर से 11 और 3 पूजारी मुंबई मुख्यालय से भी बुलाये गए हैं। यहां की महास्नान पूजा राणा प्रफूल्लाचंद्र दास के नेतृतत्व में किया गया है। देर शाम प्रभु महास्नान कर विश्राम करने गोलमुरी इस्कॉन सेंटर चले जायेंगे। और वहां बीमार पड़ जायेंगे और 14 दिन वहीं विश्राम करेंगे। इस दौरान उनका आयुर्वेदिक विधि से इलाज भी चलेगा। जब प्रभु स्वस्थ हो जायेंगे तो 27 जून को नये वस्त्र पहन कर अपनी बहन सुभद्रा देवी और भाई बलभद्र जी के साथ रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करने निकलेंगे।

धालभूम क्लब के अलावा नागा मंदिर-बेल्डीह, गांधी आश्रम, मानगो डिमना रोड, उत्कल एसोसिएशन आदि जगहों पर भी प्रभु जगन्नाथ,बहन देवी सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र जी को महास्नान कराया गया।

दूसरी ओर, जादूगोड़ा, गम्हरिया आदि जगहों पर भी स्नान उत्सव आयोजित किया गया। जगन्नाथ स्नान उत्सव पर आज मंगलवार को जादूगोड़ा में 108 कलश यात्रा निकाली गई। इधर इस कलश यात्रा में भारी संख्या में महिलाओं ने किया हिस्सा लिया। इसके पूर्व 108 महिलाओं ने नदी से जलभर प्रभु जगन्नाथ का स्नान कराया गया। जादूगोड़ा शिव मंदिर जगन्नाथ कमिट के कोषाध्यक्ष एम के स्वेन ने कहा कि प्रभु जगन्नाथ की जल यात्रा के बाद महास्नान कराया गया। फिलहाल अस्वस्थ्य होने की वजह से प्रभु जगन्नाथ जादूगोड़ा शिव मन्दिर 15 दिन ठहरने के पश्चातअपनी मौसी चले जायेगे जहां नौ दिन रुकने के बाद आगामी 26 जून की वापस अपने घर लौट आयेंगे। जिसको लेकर भक्तों में उत्साह चरम पर है।

**जगन्नाथ स्नान उत्सव :** भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा का एक महत्वपूर्ण और पवित्र उत्सव है, जो हर साल ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन (मई-जून महीने में) ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर में मनाया जाता है। यह रथ यात्रा से पहले का सबसे बड़ा अनुष्ठानिक उत्सव है।

**स्नान मंडप (स्नान वेदी) :** भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को मंदिर से बाहर लाकर एक विशेष ऊंचे मंच पर लाया जाता है जिसे स्नान मंडप कहा जाता है। यह स्थान भक्तों के लिए खुला रहता है।

**पवित्र स्नान (महा स्नान) :** भगवान एवं उनके भाई -बहन को 108 कलशों (घड़ों) से पवित्र जल से स्नान कराया जाता है।

# अर्का जैन यूनिवर्सिटी के 11 छात्रों को मिला ₹छह लाख का सीटीसी

- कोलकाता की जेएमएस माइनिंग ने छात्रों को किया लॉक
- मिला माइनिंग क्षेत्र में तकनीक आधारित करियर का सुनहरा मौका

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** अर्का जैन यूनिवर्सिटी (एजेयू) के लिए एक और गौरवशाली उपलब्धि सामने आई है। हाल ही में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में भारत की अग्रणी अंडरग्राउंड कोयला खनन कंपनी जेएमएस माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड ने यूनिवर्सिटी के एमबीए, बीबीए और बी.कॉम पाठ्यक्रमों के छात्रों को आकर्षक वेतन पैकेज पर नियुक्त किया। जेएमएस माइनिंग, जो कोलकाता मुख्यालय से संचालित होती है और आधुनिक कंटीन्यूअस माइनर और बोल्टर माइनर तकनीकों के लिए जानी जाती है, ने दो पदों के लिए छात्रों का चयन किया। प्लेसमेंट ड्राइव के के परिणामों की जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि जूनियर स्टोर कीपर के पद (सिर्फ स्नातक) पर चयनित छात्रों को कंपनी ने 5 लाख 6 हजार 942 प्रति वर्ष के पैकेज पर लॉक किया है। वही, ऑफिस एसोसिएट (सिर्फ स्नातकोत्तर) पद पर चयनित छात्रों को 6 लाख 01 हजार 519 रुपये सालाना पैकेज ऑफर किया गया है।

इस प्लेसमेंट प्रक्रिया में कुल 11 छात्रों का चयन हुआ, जिनमें से 9 स्नातक और 2 स्नातकोत्तर छात्र शामिल हैं।

विश्वविद्यालय ने छात्रों की सफलता पर जताया हर्ष

अर्का जैन यूनिवर्सिटी के प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ के पदाधिकारी ने छात्रों की इस सफलता को शिक्षा व उद्योग के समन्वय का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, छात्रों को जेएमएस जैसी तकनीकी रूप से समृद्ध कंपनी में करियर आरंभ करने का अवसर मिलना एजेयू की गुणवत्ता शिक्षा, व्यवहारिक प्रशिक्षण और इंडस्ट्री-कनेक्ट को प्रमाणित करता है।

**छात्रों के लिए नया मुकाम :** यह सफलता केवल छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की ओर एक कदम नहीं है, बल्कि यूनिवर्सिटी की प्लेसमेंट संभावनाओं को और भी सुदृढ़ करती है। खनन उद्योग में बढ़ते तकनीकी प्रयोगों के साथ ऐसे प्लेसमेंट छात्रों को नई दिशा दे रहे हैं।

### जेएमएस माइनिंग की सेवाएं और विशेषताएं

जेएमएस माइनिंग प्रा. लि. 2009 से खनन क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। इसकी प्रमुख सेवाएं निम्नलिखित हैं:

- भू-तकनीकी जांच
- विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की तैयारी
- खदान योजना और लागत अनुमान
- खदानों का विकास एवं संचालन
- खनन उपकरणों का जीवनचक्र प्रबंधन
- परत नियंत्रण और निगरानी प्रणाली
- पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा (ईएचएस) के वैश्विक मानकों का अनुपालन

# बेड़ो बाजार टांड़ में मुन्ना बड़ाइक के पहल पर हुई नाली साफ सफाई

खबर मन्त्र संवाददाता



बेड़ो में नाली का साफ सफाई कराते हुए समाजसेवी मुन्ना बड़ाइक।

**बेड़ो।** रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो बाजार टांड़ के समीप बने नाली के जाम होने से गंदा पानी सड़क पर बहने लगा था। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही थी। जिसे जनहित में नाली को समाजसेवी मुन्ना बड़ाइक के द्वारा नाली की साफ सफाई कराई गई। नाली सफाई की शुरूआत सब्जी मंडी जाने वाली मोड़ से की गई। इसके बाद बाजार टांड़ में नाली को साफ किया गया। मुन्ना बड़ाइक ने बताया कि नाली जाम होने के कारण दुकानदारों, सब्जी मंडी आने वाले किसानों व आम लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। नाली का पानी सड़क पर बह रहा था। जनहित को देखते हुए नाली को साफ कराया गया है। उन्होंने कहा कि नाली की सफाई के बाद लोगों को इससे होने वाली परेशानी से निजात मिल जाएगा।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची

कार्यालय- भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी, हजारीबाग

E-Mail ID– scsohazaribag@gmail.com

**आम सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में केन्द्र प्रायोजित PM-RKVY योजना अन्तर्गत Sub Mission on Agricultural Mechanization (SMAM) उपयोजना हेतु हजारीबाग एवं रामगढ़ जिले के लिए JSLPS द्वारा गठित सक्षम महिला स्वयं सहायता समूहों/Village Organization (V.O) /कलस्टर फेडरेशन/सहकारी समिति/कृषक उत्पादन संस्थान (FPOs)/जलछाजन समिति आदि को योजना लागत कुल रुपये 10.00 लाख का 80% (अधिकतम रु० 8.00 लाख) अनुदान पर ग्राम स्तरीय कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु JSLPS द्वारा गठित सक्षम महिला स्वयं सहायता समूहों/Village Organization (V.O)/कलस्टर फेडरेशन/सहकारी समिति/कृषक उत्पादन संस्थान (FPOs)/जलछाजन समिति द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है तथा लघु एवं सीमान्त कृषकों/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला कृषकों को 50% व्यक्तिगत अनुदान पर व्यक्तिगत कृषि यंत्रों के वितरण हेतु कृषकों द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है। कृषि उपकरणों का विवरण, लागत तथा देय अनुदान निम्नवत है –

| S.N. | Name of Agricultural Machinery/Equipments | Total Package cost for group (Rs. in lakhs) | Maximum Subsidy for groups (80%) (Rs. in lakhs) | Target |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tractor 4WD (Upto 20 PTO HP) | 10.00 | 8.00 | ग्राम स्तरीय कृषि उपकरण बैंक की स्थापना का भौतिक लक्ष्य हजारीबाग ओ०एस०पी० – 09 हजारीबाग एस०सी०एस०पी०– 06 रामगढ़ ओ०एस०पी० – 10 |
| 2 | Tractor 2WD (Above 20 PTO HP & Upto 40 PTO HP) | | | |
| 3 | Power Tiller (8 BHP & Upto 11 BHP) | | | |
| 4 | Power Tiller (Above 11 BHP) | | | |
| 5 | Self Propelled Power Weeder (Below 2 BHP) | | | |
| 6 | Self Propelled Power Weeder (2BHP & Below 5 BHP) | | | |
| 7 | Self Propelled Power Weeder (5BHP & Below 7.5 BHP & Above) | | | |
| 8 | Self Propelled Rice Transplanter (4 Rows) | | | |
| 9 | Self Propelled Crop Reaper (4 Rows) | | | |
| | **Tractor/Power Tiller (Below 20 BHP) Driven Equipments** | | | |
| 10 | MB Plough (Single Bottom) | | | |
| 11 | Cage Wheel | | | |
| 12 | Cultivator | | | |
| 13 | Multi Crop Thresher | | | |
| 14 | Paddy Thresher | | | |
| | **Tractor (Above 20-35 BHP) Driven Equipments** | | | |
| 15 | MB Plough (Single Bottom) | | | |
| 16 | Cage Wheel | | | |
| 17 | Cultivator | | | |
| 18 | Multi Crop Thresher | | | |
| 19 | Paddy Thresher | | | |
| 20 | Rotavator (Upto 5 Feet) | | | |
| 21 | Zero-Till Seed Drill Multi Crop (7 Tines) | | | |
| | **Tractor (Above 35 BHP) Driven Equipments** | | | |
| 22 | Rotavator (6 Feet) | | | |
| 23 | Rotavator (7 Feet) | | | |
| 24 | Mini Rice Mill (Upto 0.5 TPH) | | | |
| 25 | Mini Rice Mill (More than 0.5TPH & Upto 1.0 TPH) | | | |
| 26 | Mini Dal Mill (Capacity 50 Kg per Hour) | | | |
| 27 | Mini Dal Mill (Capacity 50 Kg per Hour & Below 100 Kgper Hour) | | | |
| 28 | Manual Sprayer Knapsack/Foot/Battery Operated Sprayer | | | |
| 29 | Solar Powered Operated Knapsack Sprayer | | | |
| 30 | Powered Knapsack Sprayer/Power Operated Sprayer (Capacity8-12 Ltr) | | | |
| 31 | Petrol/Diesel/Electric/Tractor PTO Operated/Portable Irrigation Pumps Upto 15 HP | | | |
| | **Total Cost** | **10.00** | **8.00** | |

**लाभुक का चयन की पात्रता :–**

1. झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी, जिला–हजारीबाग/रामगढ़ द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूह/महिला सखी मंडल/कृषक समूह जिनमें कम–से–कम 10 से 12 सदस्य होना अनिवार्य है।
2. छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना में वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में से कम–से–कम एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
3. महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स के द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु कुल वास्तविक लागत का 80 प्रतिशत अनुदान की राशि को छोड़कर शेष अंशदान की राशि समूह द्वारा बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य आवेदन के साथ देंगे तथा चयन उपरांत समूह को कृषि यंत्र के क्रय हेतु यंत्रों का पैकेज उपलब्ध कराना होगा एवं व्यक्तिगत कृषको द्वारा कृषि उपकरणों के क्रय पर वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत अनुदान/अधिकतम अनुदान की राशि को छोड़कर शेष अंशदान की राशि कृषक/लाभुक द्वारा बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य आवेदन के साथ देंगे तथा चयन उपरांत कृषक/लाभुक को कृषि यंत्र का क्रय करना होगा।
4. जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स/कृषकों/लाभुकों को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोजित योजना या राज्य योजना) के माध्यम से उपर्युक्त वर्णित कृषि यंत्रों में से जो कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
5. महिला स्वयं सहायता समूहों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं सभी अनुलग्नक सहित जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, हजारीबाग/रामगढ़ एवं FPOs का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं सभी अनुलग्नक सहित नाबार्ड, हजारीबाग/रामगढ़ के माध्यम से कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सकता है। व्यक्तिगत अनुदान हेतु कृषकों का पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र एवं सभी अनुलग्नक सहित भूमि संरक्षण सर्वे कार्यालय, हजारीबाग में जमा किया जा जाएगा। जिला चयन समिति द्वारा सुयोग्य समूह/FPOs/लैम्पस–पैक्स/कृषकों का भौतिक लक्ष्य के विरुद्ध चयन किया जायेगा।
6. देय अनुदान की राशि का हस्तांतरण RTGS के माध्यम से नियमानुसार समूह/कृषक के बैंक खाते में किया जायेगा या बैंक ऋण के माध्यम से कृषि यंत्र क्रय करने पर संबंधित बैंक को अनुदान की राशि का हस्तांतरण किया जायेगा या लाभुक समूह के लिखित अनुरोध पर निर्माता/निर्माता के अधिकृत विक्रेता के बैंक खाते में अनुदान राशि का हस्तांतरण किया जायेगा। ग्राम स्तरीय कृषि उपकरण बैंक हेतु कुल औसत लागत का 80 प्रतिशत् अधिकतम 8.00 लाख रूपये अनुदान देय है। अनुदान उपरांत अवशेष राशि समूह/कृषक अंशदान के रूप में देय होगा तथा व्यक्तिगत कृषि यंत्रों के वितरण हेतु कृषि यंत्रों के वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत व्यक्तिगत अनुदान देय है। अनुदान उपरांत अवशेष राशि समूह/कृषक अंशदान के रूप में देय होगा।
7. आवेदन पत्र भूमि संरक्षण सर्वे कार्यालय (कनहरी हील रोड), हजारीबाग/जलछाजन पार्क, कैथा, रामगढ़ एवं जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी (JSLPS)कार्यालय हजारीबाग/रामगढ़/नाबार्ड, हजारीबाग/रामगढ़ के माध्यम से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
8. इच्छुक महिला स्वयं सहायता समूह/महिला सखी मंडल/कृषक समूह/लैम्पस–पैक्स/कृषक/लाभुक योजना से संबंधित पूर्ण जानकारी हेतु भूमि संरक्षण सर्वे कार्यालय, कनहरी हील रोड, दीपूगढ़ा, हजारीबाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी, हजारीबाग

PR 354656 Animal Husbandry (25-26)_D


# वक्फ बचाओ-दस्तूर बचाओ सभा की तैयारी को लेकर बैठक



अतिथि को सम्मानित करते कमेटी के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू (रांची)।** राजधानी के बरियातू पहाड़ स्थित मैदान में 22 जून को आहूत होने वाली वक्फ बचाओ दस्तूर बचाओ सभा को लेकर बुधवार को प्रखंड अंजुमन कमेटी की बैठक अताउल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में हुयी। इसमें क्षेत्र के हर कमेटी को जिम्मेवारी दी गयी कि वह अपने-अपने टोला व मुहल्ले में इसका प्रचार-प्रसार करेगी। कार्यक्रम में शामिल होने के लिये सामूहिक रूप से बड़े गाड़ी का इंतजाम कर लोग भाग लेंगे। वहीं, उलेमा जुम्मे की नमाज के बाद इसका ऐलान करेंगे।

**सभा में होंगे शामिल**

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष और सचिव के अलावा जेपीसी में रहे सांसद मोहिबुल्लाह नदवी, इमरान मसूद, सफीकुर हसन, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सचिव और झारखंड मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के कन्वीनर डॉ. मजीद आलम के अलावा कई दिग्गज आदि। संचालन अनीसुर्रहमान ने किया।

**बैठक में लिया हिस्सा**

डॉ मजीद आलम, मौलाना साबिर, मुफ्ती तलहा, मजीद अंसारी, ऐनुल हक, मुजीबुर्रहमान, शमीम बड़ेहार , तस्लीम अंसारी, मौलाना नजम, फिरोज अंसारी मुखिया, अबुल हसन नदवी, हाफि ज मोजाहिदुल इस्लाम, मौलाना सईद, मुन्तजिर अहमद रजा, अतहर इमाम, जाकिर हुसैन, मौलाना परवेज व सहदुल अंसारी आदि।

# हरिनाम संकीर्तन जागरण में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, पूणार्हुति के साथ हुआ समापन



खबर मन्त्र संवाददाता

▶▶ पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो एवं विधायक अमित कुमार महतो भी हरिमंदिर में आकर माथा टेका एवं प्रसाद ग्रहण कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की

**सिल्ली।** सिल्ली बजार हाटबगान स्थित हरिमंदिर में आयोजित नौ दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन बुधवार को पूणार्हुति एवं राखाल भोग के साथ समापन हुआ। अंतिम दिन मंगलवार को हरिनाम संकीर्तन के जागरण में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो एवं विधायक अमित कुमार महतो भी हरिमंदिर में आकर माथा टेका एवं प्रसाद ग्रहण कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। पिछले सोमवार से शुरू इस कीर्तन में बंगाल के महिला किर्तन मंडली, सोड़ों, पुतीडीह, तोड़ांग आदि क्षेत्र के प्रसिद्ध कीर्तन मंडली द्वारा कीर्तन की प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। वहीं पुरा वातावरण भक्ति में रहा। इस दौरान स्थानीय सिमेंट ट्रेंड्स एवं आयोजन समिति की ओर से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। हरिनाम संकीर्तन के सफल आयोजन में समिति के संरक्षक राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव कांचन सोनार, संजीत सिंह देव, संदीप सिंह देव, रुद्राक्ष सिंह देव, मृणाल शेखर, सुधीर पोद्दार, कृष्णा गोस्वामी, रवि स्वर्णकार, राहुल आश, साहिल साहू, अरमान सिंह, विक्की गोराई , देवराज सिंह, रोशन कोइरी, पीकू दत्त, रितिक कोइरी, जितेन रक्षित, आयुष, अशमित, गौतम, नितिन समेत सभी सदस्यों एवं स्थानीय ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

## एसडीओ के नेतृत्व में डॉक्टर, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी के बीच बैठक संपन्न

# गुरुवार से अनुमंडल अस्पताल ओपीडी सेवा शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता



**बुंडू।** बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा की अध्यक्षता में अस्पताल प्रबंधन एवं डॉक्टरों के साथ सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि के बीच बैठक की गई। बैठक में पीड़ित डॉक्टर ने घटना की पूरी जानकारी दी, वहीं अन्य चिकित्सकों ने भी अस्पताल में लंबे समय से चली आ रही सुरक्षा संबंधित समस्याओं को खुलकर सामने रखा। इस बैठक में पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर ने कहा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर दोषियों के खिलाफ प्रशासन कार्रवाई करें आगे कहा अस्पताल में इलाज सुविधा बढ़ाने की जरूरत है। ज्ञात हो कि बुंडू सोमवार को इमरजेंसी ड्यूटी के दौरान डॉक्टर नीतीश कुमार पटेल के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में अस्पताल की ओपीडी सेवाएं ठप कर दी गई थीं, जिससे मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अनुमंडल पदाधिकारी किशोर कुमार मिश्रा डीएसपी ओमप्रकाश झारखंड डॉक्टर एसोसिएशन के सचिव विकास गुप्ता, अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार पासवान ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया उपाधीक्षक ने कहा यह कोई पहली घटना नहीं है। पूर्व में भी कई डॉक्टर के साथ मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे कई चिकित्सकों को तबादले तक करा लिए हैं। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद दो स्थानों से ओपीडी सेवाएं चलाई जा रही थीं, लेकिन चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार के कारण सेवाएं बाधित हो रही हैं एसडीओ किस्टो कुमार बेसरा ने बैठक में कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा,घटना की निष्पक्ष जांच करने की आदेश दिया है दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। डीएसपी ओम प्रकाश ने भी अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों को आश्वस्त किया कि भविष्य में ऐसी किसी भी घटना नही होगी उन्होंने अस्पताल प्रशासन को सेवा नियमित बहाल करने का निर्देश दिया। बुंड रेफरल अस्पताल में फिलहाल इमरजेंसी सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी, जबकि ओपीडी सेवा चालू हो होगी।

# रबाडा के पंजे से 212 पर सिमटे कंगारू, द. अफ्रीका 169 रन पीछे

एजेंसी

**लंदन।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला लॉड्स में दक्षिण अफ्रीका और गत विजेता आस्ट्रेलिया के बीच खेला जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। कगिसो रबाडा की घातक गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने आस्ट्रेलिया को पहली पारी में 212 रन पर ऑलआउट कर दिया। उनके लिए ब्यू वेबस्टर ने 72 और स्टीव स्मिथ ने 66 रनों की पारियां खेलीं। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की तरफ से रबाडा ने पांच और मार्को यानसेन ने तीन विकेट लिए जबकि केशव महाराज और एडेन मार्करम को एक-एक सफलता मिली।



### दक्षिण अफ्रीका ने पहले दिन 43/4 रन बनाये

दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में चार विकेट खोकर 43 रन बनाए। मिचेल स्टार्क ने दो विकेट लिए जबकि जोश हेजलवुड और पैट कमिंस ने एक-एक सफलता अपने नाम की। पहले दिन का खेल खत्म होने तक कप्तान टेम्बा बावुमा तीन और डेविड बेडिंघम आठ रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका पर आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने दबाव बनाया। उन्हें पहला झटका स्टार्क ने दिया। उन्होंने एडेन मार्करम को बोल्ड किया, वह खाता भी नहीं खोल पाए। इसके बाद स्टार्क ने रेयान रिकेल्टन को उस्मान ख्वाजा के हाथों कैच आउट कराया। वह सिर्फ 16 रन बना पाए। वियान मुल्डर और टेम्बा बावुमा क्रीज पर डटे रहे, लेकिन रन गति धीमी रही। मुल्डर को कमिंस ने पवेलियन की राह दिखाई। वह सिर्फ छह रन बना पाए।

### ऑस्ट्रेलिया की पारी

आस्ट्रेलिया की शुरूआत झटके के साथ हुई। उस्मान ख्वाजा खाता भी नहीं खोल पाए। उन्हें रबाडा ने पवेलियन भेजा। इसके बाद रबाडा ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए कैमरन ग्रीन को अपना शिकार बनाया, जो सिर्फ चार रन बना पाए। सलामी बल्लेबाज लाबुशेन भी ज्यादा देर विकेट पर टिक नहीं पाए। उन्हें यानसेन ने कैच आउट कराया। वह सिर्फ 17 रन बना पाए जबकि ट्रेविस हेड 11 रन बनाकर आउट हो गए। पहले सत्र में 67 के स्कोर पर चार विकेट खो चुकी आस्ट्रेलिया को एक विशाल साझेदारी की दरकार थी। स्टीव स्मिथ और ब्यू वेबस्टर ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 79 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान स्मिथ 112 गेंदों में 66 रनों की पारी खेलने में कामयाब हुए। उन्होंने 76 गेंदों में अपना 42वां अर्धशतक पूरा किया। मार्करम को पांचवीं सफलता मिली। इसके बाद वेबस्टर ने कुछ अच्छे शॉट खेले और अपना अर्धशतक पूरा कि। वह 92 गेंदों में 72 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आस्ट्रेलिया का कोई बल्लेबाज ज्यादा देर विकेट पर टिक नहीं पाया। एलेक्स कैरी ने 23, कप्तान पैट कमिंस ने एक, मिचेल स्टार्क ने एक रन बनाया। वहीं, नाथन लायन खाता भी नहीं खोल पाए जबकि हेजलवुड खाता खोले बिना क्रीज पर नाबाद रहे।

### दक्षिण अफ्रीका के लिए सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज बने रबाडा

पहली पारी में रबाडा ने कुल पांच विकेट हासिल किए। वह दक्षिण अफ्रीका के लिए टेस्ट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज बन गए। उनके नाम 332 विकेट दर्ज हो गए हैं। इस मामले में उन्होंने एलन डोनाल्ड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 330 विकेट हासिल किए थे।



| विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र की इनामी राशि |
|---|
| विजेता - 3.6 मिलियन अमरीकी डॉलर |
| उप-विजेता - 2.16 मिलियन अमरीकी डॉलर |
| तीसरे नम्बर पर (भारत) - 1.44 मिलियन अमरीकी डॉलर |
| चौथे स्थान पर (न्यूजीलैंड) - 1.20 मिलियन अमरीकी डॉलर |
| पांचवें स्थान पर (इंग्लैंड) - 9.60 लाख अमरीकी डॉलर |
| छठे स्थान पर (श्रीलंका) - 8.40 लाख अमरीकी डॉलर |
| सातवें स्थान पर (बांग्लादेश) - 7.20 लाख अमरीकी डॉलर |
| आठवें स्थान पर (वेस्टइंडीज) - 6 लाख अमरीकी डॉलर |
| नौवें स्थान पर (पाकिस्तान) - 4.80 लाख अमरीकी डॉलर |

## उस्मान ख्वाजा के नाम जुड़ा शर्मनाक रिकॉर्ड

**लंदन।** आस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने बुधवार को लॉड्र्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में संयुक्त रूप से तीसरे सबसे लंबे समय तक शून्य पर आउट होने वाले आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बनने का दुर्भाग्यपूर्ण रिकॉर्ड दर्ज किया। ख्वाजा को सातवें ओवर में प्रोटियाज के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने आउट किया, जिन्होंने अपनी पारी में 20 गेंदें खेली थीं, लेकिन गेंद स्लिप में चली गई। इस सूची में अन्य तीन सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (22 गेंदें), शॉन मार्श (21 गेंदें) और सैमी जोन्स (20 गेंदें) हैं।

## एफआइएच हॉकी प्रो लीग: अर्जेंटीना से कड़े मुकाबले में भारतीय पुरुष हॉकी टीम 3-4 से पराजित

एजेंसी

**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के एक रोमांचक मुकाबले में अर्जेंटीना के खिलाफ जबरदस्त जुझारूपन दिखाया, लेकिन अंत में उन्हें 3-4 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। यह मैच नीदरलैंड के वागेनर हॉकी स्टेडियम में खेला गया। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल (12, 33) दागे, जबकि अभिषेक ने तीसरा गोल (42) किया। अर्जेंटीना की ओर से मैटियस रे (3), लुकास मार्टिनेज (17), सैंटियागो टाराजोना (34) और लूसियो मेंडेज (46) ने गोल किए। अर्जेंटीना ने पहले क्वार्टर में तेज शुरूआत करते हुए 3वें मिनट में मैटियस रे के गोल से बढ़त बना ली। इसके बाद भारतीय टीम ने संभलकर खेलना शुरू किया और 12वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शानदार गोल कर भारत को बराबरी पर ला दिया। पहली तिमाही समाप्त हुई स्कोर 1-1 पर। दूसरे क्वार्टर में अर्जेंटीना ने फिर से बढ़त बनाई जब लुकास मार्टिनेज ने 17वें मिनट में गोल किया। भारत ने बराबरी के प्रयास किए लेकिन पहला हाफ 1-2 के स्कोर पर खत्म हुआ।

तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में मनदीप सिंह द्वारा अर्जित पेनल्टी स्ट्रोक को हरमनप्रीत सिंह ने गोल में बदलकर स्कोर 2-2 कर दिया। हालांकि, अगले ही मिनट अर्जेंटीना के सैंटियागो टाराजोना ने गोल कर फिर से अपनी टीम को बढ़त दिला दी। भारत ने हमले जारी रखे और 42वें मिनट में अभिषेक ने गोल कर स्कोर 3-3 कर दिया

## इंग्लैंड में भारतीय को खलेगी दिग्गजों की कमी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम तैयार है। शुभमन गिल के नेतृत्व में टीम इंडिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नये चक्र की शुरूआत करेगी। गिल को रोहित शर्मा की जगह टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया है। ऋषभ पंत इस सीरीज में उपकप्तान की भूमिका में होंगे। यह पहला मौका होगा जब रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास के बाद भारतीय टीम कोई टेस्ट सीरीज खेलने उतरेगी। हैरानी की बात यह है कि चयनकर्ताओं ने मोहम्मद शमी को भी टीम में शामिल नहीं किया है। ऐसे में तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई का पूरा जिम्मा जसप्रीत बुमराह पर होगा। उनका साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा मौजूद होंगे।



### कोहली, रोहित, अश्विन और शमी के आंकड़े

आंकड़ों पर नजर डालें तो रोहित, विराट, अश्विन और शमी ने इंग्लैंड में प्रभावित किया है। विराट कोहली ने 33.2 के औसत से 1096 रन बनाए हैं। वहीं, रोहित शर्मा के नाम 524 रन दर्ज हैं। अश्विन ने ऑलराउंड प्रदर्शन के साथ 18 विकेट और 261 रन बनाए हैं जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को इस धरती पर 42 विकेट मिले हैं। ऐसे में साफ है कि भारतीय टीम को इन अनुभवी खिलाड़ियों की कमी खलेगी।

### अय्यर के समर्थन में सौरव गांगुली

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए श्रेयस अय्यर को बाहर करने के पक्ष में नहीं थे। श्रेयस पिछले एक साल से शानदार फॉर्म में हैं और वह इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में पंजाब किंग्स को फाइनल तक ले गए और टीम के लिए शीर्ष स्कोरर बनकर उभरे हैं। गांगुली का मानना है कि श्रेयस को उनके मौजूदा फॉर्म के आधार पर चुना जाना चाहिए था। गांगुली ने रेवस्पोर्ट्ज से कहा, 'पिछले एक साल में वह अपना सर्वश्रेष्ठ खेल रहा है और उसे इस टीम में होना चाहिए था। पिछला एक साल उसके लिए शानदार रहा है।

## मनु भाकर महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में छठवें स्थान पर रहीं

एजेंसी

**म्यूनिख (जर्मनी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने बुधवार को म्यूनिख में चल रहे आइएसएसएफ शूटिंग विश्व कप की महिलाओं की 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वालिफिकेशन राउंड में 588 अंकों के साथ प्रवेश किया, लेकिन फाइनल में छठवें स्थान पर रहीं। फाइनल राउंड में मनु को केवल एक अंक से हार का सामना करना पड़ा, जिससे वह आगे नहीं बढ़ सकीं। उन्हें कोरिया की यांग जीन ने पीछे छोड़ते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में 20 वर्षीय चीन की सन यूजिए ने लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतते हुए गोल्ड हैट्रिक पूरी की। उन्होंने फाइनल में कोरिया की ओ येजिन को 38-36 से मात दी। सन यूजिए इससे पहले ब्यूनस आयर्स और लीमा में आयोजित वर्ल्ड कप में भी स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन स्पर्धा में ओलंपियन चेन सिंह ने 592 अंकों के साथ फाइनल में जगह बनाई, लेकिन अंतिम मुकाबले में वह सातवें स्थान पर रहे। इस स्पर्धा में नॉर्वे के जोन-हर्मन हेग ने स्वर्ण पदक जीता, जिससे उनकी टीम पदक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। चीन फिलहाल तीन स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष पर बना हुआ है।

## 5वां केयर्न्स कप शतरंज : हंपी और हरिका ने शानदार जीत के साथ की शुरूआत

**सेंट लुईस, यूएसए।** भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी और वर्तमान विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरु हंपी और ग्रांड मास्टर हरिका द्रोणावल्ली ने पांचवें केयर्न्स कप 2025 के पहले राउंड में अपने-अपने मुकाबले जीतकर अपने अभियान की अच्छी शुरूआत की है। कोनेरु हंपी नें जॉर्जिया की शीर्ष खिलाड़ी नाना डजगनिड्जे को पराजित किया। जबकि हरिका ने मेजबान देश की प्रतिभाशाली खिलाड़ी यिप कैरिसा के खिलाफ एक लंबे चले एंडगेम में जीत हासिल की। केयर्न्स कप के इस पांचवें संस्करण की शुरूआत बेहद रोमांचक रही। पहले राउंड में खेले गए सभी पांच मुकाबलों का परिणाम आया, यानी कोई भी ड्रॉ नहीं हुआ।ग्रांड मास्टर कोनेरु हंपी और जीएम नाना डजगनिड्जे के बीच पिछला क्लासिकल मुकाबला दो साल पहले इसी टूर्नामेंट में हुआ था, जिसे जॉर्जियाई खिलाड़ी ने जीता था। इस बार भी उन्होंने वापसी करके बेहतर स्थिति बना ली थी, लेकिन निर्णायक क्षण में वह गलत चालें चल गईं। सेमी स्लाव ओपनिंग में हुए इस मुकाबले में सफेद मोहरो से खेलते हुए हम्पी नें 28वीं चाल में नाना की वजीर की गलत चाल का फायदा लेते हुए 31 चालों में खेल अपने नाम कर लिया। ग्रांड मास्टर हरिका द्रोणावल्ली और आईएम कैरिसा यिप के बीच पिछला क्लासिकल मुकाबला ड्रॉ रहा था।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 2-1 से हराया

एजेंसी

**एंटवर्प।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे पर अपना विजय अभियान जारी रखते हुये मंगलवार को बेल्जियम के खिलाफ 2-1 से रोमांचक जीत दर्ज की। यह मुकाबला बेल्जियम के एंटवर्प स्थित हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिज्कसे प्लेन में खेला गया। भारत की ओर से ललथनतलुआंगी (35वें मिनट) और गीता यादव (50वें मिनट) ने गोल किये। मुकाबले की शुरूआत से दोनों टीमों के बीच जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला, लेकिन पहले हाफ में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। मैच का पहला गोल 35वें मिनट में भारत को पेनल्टी स्ट्रोक के रूप में मिला, जिसे ललथनतलुआंगी ने सफलतापूर्वक गोल में तब्दील कर भारत को बढ़त दिलाई। चौथे और अंतिम क्वार्टर में बेल्जियम की ओर से वैन हेलमॉन्ट ने 48वें मिनट में फील्ड गोल करते हुए स्कोर को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। हालांकि, इसके तुरंत बाद 50वें मिनट में गीता यादव ने शानदार फील्ड गोल करते हुए भारत को दोबारा बढ़त दिला दी।

### ➲ यूरोप दौरे पर दर्ज की लगातार दूसरी जीत

इसके बाद भारतीय डिफेंस ने मजबूती से खेल दिखाया और बेल्जियम के आखिरी समय में किए गए लगातार हमलों को नाकाम कर दिया। इस जीत के साथ भारत ने बेल्जियम के खिलाफ लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। भारतीय जूनियर महिला टीम अब अपने यूरोप दौरे का अंतिम मुकाबला 12 जून को एक बार फिर बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।

## इंग्लैंड ने टी-20 सीरीज में वेस्टइंडीज का किया सूपड़ा साफ

एजेंसी

**साउथेम्प्टन (इंग्लैंड)।** बेन डकेट (84) और जेमी स्मिथ (60) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद ल्यूक वुड (तीन विकेट) और आदिल रशीद (दो विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 37 रनों से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली है। इंग्लैंड के 248 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरूआत खराब रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों जॉनसन चार्ल्स (नौ) और एविन लुइस (नौ) के विकेट 37 रन के स्कोर पर गवां दिये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान साई होप और शिमरॉन हेटमायर ने पारी संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में जेकब बेथेल ने शिमरॉन हेटमायर आठ गेंदों में (26) रन को आउट कर इंग्लैंड को तीसरी सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में ब्राइडन कार्स ने साई होप 27 गेंदों में (45) रन को आउटकर वेस्टइंडीज को तगड़ा झटका दिया। शरफेन रदरफोर्ड (एक), रोमारियो शेफर्ड (शून्य) को आदिल राशीद ने अपना शिकार बनाया। जेसन होल्डर 12 गेंदों में (25) और गुडाकेश मोती (एक) को ल्यूक वुड ने आउट किया। वेस्टइंडीज की ओर से रोवमन पॉवेल ने 45 गेंदों में नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से (नाबाद 79) रनों की पारी खेली। इंग्लैंड के बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 211 रन ही बना सकी और 37 रनों से मैच हार गयी।

## चिली लगातार तीसरे वर्ल्ड कप से बाहर, कोच ने दिया इस्तीफा

**साओ पाउलो।** चिली की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम को एक और बड़ा झटका लगा है। टीम फीफा विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रही है और लगातार तीसरे वर्ल्ड कप से बाहर हो गई है। मंगलवार को एल एल्टो (बोलीविया) में खेले गये मुकाबले में चिली को बोलीविया के हाथों 0-2 से हार झेलनी पड़ी, जिससे वह दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में सबसे आखिरी स्थान पर ही बनी रही। इस निराशाजनक प्रदर्शन के बाद टीम के मुख्य कोच रिकार्डो गरेका ने इस्तीफे की घोषणा कर दी। अर्जेंटीना के 67 वर्षीय इस कोच ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं खिलाड़ियों और अधिकारियों को उनके समर्थन के लिए सार्वजनिक रूप से धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं अब टीम को छोड़ रहा हूं। चिली की 'गोल्डन जनरेशन' जिसने 2015 और 2016 में दो कोपा अमेरिका खिताब जीते थे, अब इतिहास बन चुकी है। टीम के दिग्गज स्ट्राइकर एलेक्सिस सांचेज ने हार के बाद कहा, बहुत दुख हो रहा है।

## अब तक 13 टीमों ने फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया, ब्राजील और आस्ट्रेलिया ने भी हासिल किया टिकट

# अल्माडा ने अर्जेंटीना की बचाई लाज, जापान ने भी क्वालिफाई किया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मंगलवार को खेले गए फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफायर्स के मुकाबलों में रोमांच चरम पर रहा, जहां एक ओर अर्जेंटीना ने 10 खिलाड़ियों के साथ कोलंबिया से ड्रॉ खेलते हुये अपराजित क्रम बरकरार रखा, वहीं आस्ट्रेलिया, जापान, ईरान, दक्षिण कोरिया और उजबेकिस्तान जैसी टीमों ने अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया। ब्यूनस आयर्स में खेले गये मुकाबले में अर्जेंटीना को कोलंबिया के खिलाफ 1-1 की बराबरी पर संतोष करना पड़ा। कोलंबिया ने मैच के 24वें मिनट में लुइस डियाज के शानदार एकल प्रयास से बढ़त बना ली थी। अर्जेंटीना की मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब एंजो फर्नांडीज को दूसरे हाफ में रेड कार्ड दिखाया गया, लेकिन 81वें मिनट में थियागो अल्माडा ने बराबरी का गोल दागकर अपनी टीम को हार से बचा लिया और अर्जेंटीना की अपराजित लय को पांच मैचों तक पहुंचा दिया।



### अन्य मुकाबले

उजबेकिस्तान ने कतर को 3-0 से हरा कर ग्रुप ए में दूसरा स्थान पाया।

यूएई और किर्गिस्तान का मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा, जिससे यूएई ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

जोर्डन ने पहले ही क्वालिफाई कर लिया था, लेकिन उसे इराक से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा।

चीन ने बहरीन को 1-0 से हराकर अपने अभियान का समापन किया।

### आस्ट्रेलिया ने की क्वालिफिकेशन पक्का

जेद्दा में आस्ट्रेलिया ने सऊदी अरब को 2-1 से हराकर लगातार छठी बार फीफा विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लिया। पहले गोल सऊदी अरब की ओर से अब्दुलरहमान अल-ओबूद ने 19वें मिनट में किया। लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने पहले हाफ के अंत में कॉनर मेटकाफ और फिर दूसरे हाफ की शुरूआत में मिच ड्यूक के गोल की बदौलत वापसी की। गोलकीपर मैटी रयान ने अपने 100वें अंतरराष्ट्रीय मैच में आखिरी पलों में पेनल्टी बचाकर जीत सुनिश्चित की।

## ब्राजील और इक्वाडोर ने विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई किया

विनिशियस जूनियर के गोल के दम पर ब्राजील ने पराग्वे को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल 2026 में जगह बनाई और कोच कार्लो एंसेलोट्टी के लिए ब्राजील में डेब्यू के साथ मिली जीत की खुशी दुगुनी हो गई। रियल मैड्रिड के स्टार विनिशियस ने मैच में एकमात्र गोल दागा।



### जापान, ईरान व दक्षिण कोरिया का दबदबा

जापान ने इंडोनेशिया को 6-0 से रौंदकर ग्रुप उ में शीर्ष स्थान हासिल किया, जिसमें डाइची कामाडा ने पहले हाफ में दो गोल किए। ईरान ने तेहरान में नॉर्थ कोरिया को 3-0 से हराया और ग्रुप अ में पहले स्थान पर रहा। वहीं दक्षिण कोरिया ने कुवैत को 4-0 से हराकर ग्रुप इ में अपराजित रहते हुए शीर्ष स्थान पाया।

**ओमान की आखिरी सांस में उम्मीद बची, फिलिस्तीन बाहर :** जॉर्डन में खेले गए मुकाबले में ओमान और फिलिस्तीन के बीच 1-1 की बराबरी हुई। फिलिस्तीन ने 49वें मिनट में बढ़त ली थी, लेकिन अंत समय में ओमान को पेनल्टी मिली, जिसे इस्साम अल-साबीह ने गोल में बदलकर अपनी टीम की क्वालीफिकेशन की उम्मीदों को जिंदा रखा।

स्पीड न्यूज

### अधिवक्ता पर रिवाल्वर से जानलेवा हमला

**बोकारो।** चास के सांगजोरि साइट निवासी अधिवक्ता कमल देव प्रसाद पर अज्ञात हमलावरों द्वारा रात्रि में राम मंदिर एवं पत्थरकट्टा चौक के बीच मोटरसाइकिल से जाने के क्रम में स्कूटी पर तीन सवार आकर रिवॉल्वर से जानलेवा हमला कर दिया। अधिवक्ता बाल बाल बचे। बीएस सिटी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने इस घटना की निंदा करते हुए जिला प्रशासन से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने सरकार से अधिवक्ताओं के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग भी की है।

### बाइक की डिक्की से आभूषण से भरा थैला लेकर बदमाश फरार

**बोकारो।** तुपकाडीह के स्वर्ण व्यवसायी विनोद साव की बाइक की डिक्की का लॉक खोलकर अज्ञात बदमाश आभूषण से भरा थैला और लॉकर की चाभी लेकर फरार हो गये। दुकानदार ने बताया कि रोज की तरह अपने घर पिछरी से दुकान खोलने के लिए आया। बाइक खड़ा करने के बाद दुकान में झाड़ू देने लगा। इसी दौरान दो युवक बाइक के पास आकर जल्दी में डिक्की खोलकर जेवर से भरा थैला लेकर यामाहा बाइक से भाग गए। हल्ला करने के बाद बगल के गैराज वाले के साथ गाड़ी से उनका पीछा किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। बताया कि थैला में लगभग दो लाख के चांदी के जेवर व कच्चा माल तथा लगभग 50 हजार के सोने के जेवर व कच्चा माल के साथ-साथ लॉकर की चाभी थी। घटना की सूचना मिलने के बाद जरीडीह थाना पुलिस ने घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। दिनदहाड़े ऐसी घटना होने के बाद दुकानदारों में आक्रोश है।

### साहित्यकार की पत्नी के निधन पर स्मृति सभा का आयोजन

**बोकारो।** हिंदी तथा खोरठा के ख्यातिलब्ध वरिष्ठ साहित्यकार प्रहलाद चंद्र दास की पत्नी स्मृतिशेष उर्मिला देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु एक स्मृति सभा का आयोजन किया गया जिसमें हिंदी एवं खोरठा के साहित्यकारों शांति भारत पारितोष प्रजापति डॉ दिनेश कुमार दिनमणि अजय यतीश डॉ सुजाता कुमारी संगीता कुमारी गिरिधारी गोस्वामी आकाश खूंटी कुमार सत्येन्द्र श्याम सुंदर केवट रवि मीरा जोगी संजीता कुमारी आदि ने भाग लिया। उपस्थित साहित्यकारों ने दिवंगत उर्मिला देवी का स्मरण करते हुए कहा कि यद्यपि वह लेखिका नहीं थीं परंतु साहित्य की तरक्की के लिए उन्होंने बेमिसाल योगदान दिया था। उनके सहयोग और प्रेरणा के कारण ही प्रह्लाद चंद्र दास ने साहित्याकाश में नई ऊंचाई तक पहुँचने में सफलता प्राप्त की। श्रद्धांजलि सभा के पश्चात खोरठा के ख्यातिप्राप्त कवि व गीतकार पारितोष प्रजापति ने अपने सद्य प्रकाशित कविता संग्रह-जरक की प्रतियां सभी लोगों को भेंट की।

### ठाकुरगंगटी पुलिस को बड़ी सफलता, दो फरार वारंटियों की गिरफ्तारी

**ठाकुर गंगटी (गोड्डा)।** ठाकुरगंगटी थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस को एक अहम सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने दो फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अब्दुल बहाव, पिता स्वर्गीय शेख कमरूद्दीन, निवासी बोआरीजोर (ताजोचक) तथा अशफाक अंसारी, पिता गुलाम अंसारी, निवासी इंदरचंक ठाकुरगंगटी शामिल हैं। दोनों लंबे समय से फरार चल रहे थे, जिनके खिलाफ न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, और ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# हनवारा पुलिस को मिली सफलता

## भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा/हनवारा।** हनवारा पुलिस को बुधवार को एक सघन वाहन जांच अभियान के दौरान बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी के नेतृत्व में चलाए जा रहे वाहन जांच अभियान के तहत एक संदिग्ध वाहन को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन से बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की



गई, जिसे बाहर से तस्करी कर लाया गया था और स्थानीय बाजार में खपाने की योजना थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने कई अहम जानकारियाँ दी हैं, जिनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस तस्करी के पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने हनवारा थाना की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाइयाँ आगे भी जारी रहेंगी, ताकि इलाके में अवैध गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके।

### बोकारो में मोबाइल टावर की बैटरी चोरी का हुआ उद्भेदन

**बोकारो।** जिला के चास मुफस्सिल थाना अंतर्गत धनडाबर बस्ती स्थित एयरटेल के मोबाइल टावर की बैटरी चोरी के उद्भेदन में अन्य लगभग दस बैटरी चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ। मुफस्सिल थाना प्रभारी प्रकाश मंडल के नेतृत्व में गठित टीम ने धनबाद के गोला कुसुमा के निवासी धर्मेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया है जिसकी निशानदेही पर लगभग 6,83,000 मूल्य के 112 बैटरियों को अनश नामक दुकानदार की दुकान से बरामद किया गया। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि अभियुक्त धर्मेंद्र कुमार पूर्व में दो बैटरी कंपनी के लिए कार्यरत था। वहां से उसे निकाल देने के बाद कंपनी को सबक सिखाने के नियत से उसने बैटरी चोरी शुरू की।

एक नजर में

### विस की गैर सरकारी संकल्प समिति ने की समीक्षात्मक बैठक

## योजनाओं के प्रगति कार्य में तेजी लाएं अधिकारी: अध्यक्ष



बैठक करते समिति अध्यक्ष व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** परिसदन भवन स्थित सभागार में मंगलवार को विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति धनबाद विधायक राज सिन्हा ने किया। बैठक में समिति के सदस्य शिकारीपाड़ा विधायक आलोक कुमार सोरेन भी उपस्थित थे। बैठक में समिति द्वारा पेयजलापूर्ति योजनाएं, शहरी जलापूर्ति योजनाएं, भूमि सुधार, खनन, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, खाद्य, आपूर्ति, वन, श्रम, ग्रामीण कार्य, कल्याण, पथ निर्माण, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों द्वारा विगत तीन वित्तीय वर्षों में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। समिति ने जिला स्तरीय सभी विभागों के पदाधिकारियों से अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के आधार पर जनहित से जुड़े मामलों में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक सुझाव व निर्देश दिए। सभापति श्री राज सिन्हा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं की प्रगति में तेजी लाई जाए। यदि किसी योजना के संचालन में कोई समस्या आ रही हो, तो उसे शीघ्र दूर कर समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए समय-समय पर उनकी निगरानी और निरीक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। बैठक में डीडीसी रवि जैन,सिविल सर्जन दुमका सहित विभिन्न विभागों अधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की जन्मदिन मनाया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** गुरुवार को जिला प्रधान महासचिव सह जिला प्रवक्ता राजद मोहम्मद जाहिद इकबाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय गोड्डा में राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बिहार दलितों शोषितों वंचितों पिछड़ों आदिवासियों अल्पसंख्यकों आदरणीय लालू प्रसाद यादव जका 78वां जन्मदिन जिलाध्यक्ष सुरेश यादव जी सहित प्रदेश महासचिव धनंजय यादव प्रो जय प्रकाश यादव धनंजय महतो किरण देवी नीलम साह करूणा देवी सावित्री देवी गुलाम रसूल गणेश यादव बजरंगी यादव शंभू यादव पिंटू गुप्ता सोनी कुमारी चुनचुन यादव मोहम्मद जमाल मो निसार मो इमरान मो शरीफ प्रहलाद यादव मोहम्मद जमाल अहमद सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने केक काट कर धूमधाम से मनाया साथ ही साथ सभी प्रमुख पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन समारोह पर संकल्प लिया कि अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के नीति एवं सिद्धांतों के साथ साथ पार्टी के विचार धारा को जन जन तक पहुंचाया जायेगा।

## जनसमस्याओं का हो समुचित समाधान: अभय



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** नगर विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष अभय कुमार मुन्ना के नेतृत्व में चास नगर निगम के अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार से भेंट कर चास की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर विचार-विमर्श किया। वार्ता में प्रतिनिधि मंडल ने बिंदुवार अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार सहायक नगर आयुक्त आयुक्त जयपाल सिंह एवं प्रियंका कुमारी सिटी मैनेजर मेघनाथ चौधरी ललित लकड़ा अमन मल्लिक अनूप गुंजन टोपनो,प्रशांत कुमार मेसर्स इन्वायरो प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि रवीश कुमार आदि की उपस्थिति में समस्याओं पर चर्चा की। साथ ही अभियान बद्ध तरीके से जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में काम किए जाने की मांग की। 12 ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा करते हुए समिति ने नाला-नालियों की सफाई गरगा नदी और तालाबों में गंदा पानी गिरने पर रोक होल्डिंग टैक्स वसूली में पारदर्शिता घर-घर जल एवं गैस आपूर्ति की शुरूआत सड़क मरम्मत सब्जी बाजारों का पुनर्संरचना अवैध पार्किंग की समस्या कचरा निस्तारण जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रक्रिया में सुधार और स्ट्रीट लाइट व बिजली पोल की मरम्मत आदि पर प्रकाश डाला। सारी बातों को गंभीरतापूर्वक सुनने के उपरांत अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार ने बताया कि अलकुसा में कचरा प्लांट के लिए जमीन खरीदी गई है लेकिन ग्रामीण विरोध के कारण कार्य रुका है। जल आपूर्ति योजना का दूसरा चरण पूरा हो चुका है जिससे 25,000 घरों को लाभ मिलेगा। साथ ही सब्जी बाजारों को व्यवस्थित करने व सड़क अतिक्रमण हटाने का अभियान भी जल्द शुरू होगा। श्री कुमार ने बताया कि गंदा पानी रोकने के लिए पांच सदस्यीय समिति बनाई गई है और विकास कार्यों में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। अब जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए निगम में दो कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष अभय कुमार मुन्ना संरक्षक सदस्य अशोक जगनानी बालकृष्ण मुरारी डॉ सूर्यमणि कुमार अरविंदर सिंह भाटिया जितेंद्र प्रसाद सिंह राम भजन सिंह लालमुनी देवी अतीश कुमार सिंह गौरीशंकर सिंह रामकिंकर माहथा शत्रुघ्न सिंह अरुण सिंह डॉ केपी सिन्हा साधू सिंह नीलम देवी रानी देवी इत्यादि शामिल थे।

## सदर अस्पताल में मरीज की मौत के बाद परिजनों ने किया तोड़फोड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** सदर अस्पताल में बुधवार को एक हृदय रोगी की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ की सूचना मिली। उक्त मामले में कोरका निवासी गोरेलाल मंडल को हृदय रोग की शिकायत पर अस्पताल लाया गया था जहां रोगी की मौत हो गई।

वहीं परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने मरीज को समय पर ऑक्सीजन नहीं दी और उचित इलाज नहीं किया, जिस कारण मरीज की मौत हो गई। वहीं मृतक के कुछ परिवार वालों ने अस्पताल कर्मी पर आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल में ऑक्सीजन लगाने के लिए उनसे पैसे मांगे गए थे और पैसे नहीं देने पर इलाज में लापरवाही बरती गई जिस कारण रोगी की मौत हो गई। जिसके बाद आक्रोशित मृतक के परिजनों ने अस्पताल में तोड़फोड़ करना शुरू कर दिया जिसमें कुर्सी, टेबल, आलमारी सहित रजिस्टर और कई सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। प्रशासन को मामले की सूचना मिलते ही हेडक्वार्टर डीएसपी जयप्रकाश नारायण चौधरी और नगर थाना प्रभारी दिनेश महली पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में किया साथ ही मामले की जांच शुरू की। वहीं गोड्डा के पूर्व भाजपा विधायक अमित मंडल भी सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों की शिकायत पर अस्पताल की व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता है। जिस कारण मरीज की मौत हो जाती है। हालांकि इस मामले में सिविल सर्जन अनंत कुमार झा से हुई वार्ता में उन्होंने कहा कि अस्पताल और चिकित्सक पर मृतक के परिजनों पर आरोप पूरी तरह से गलत है। अस्पताल में ऑक्सीजन और डॉक्टर दोनों मौजूद थे। अस्पताल के चिकित्सकों और कर्मियों द्वारा कोई लापरवाही नहीं की गई है।

### महेंद्र टुडू के हत्यारोपी को पुलिस जल्द करे गिरफ्तार

## नहीं तो भाजपा करेगी धरना प्रदर्शन : संजीव मिश्रा



**गोड्डा /पोड़ैयाहाट।** (महेंद्र टुडू हत्याकांड मामले में भाजपा कार्यकर्ता मृतक के परिजनों से सोमवार को मृतक के परिजनों से मिले। इस दौरान दिवंगत महेंद्र टुडू की पत्नी सावित्री किस्कू से पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी दूरभाष पर बात की। पीड़िता सावित्री किस्कू ने पति की हत्या के न्याय को लेकर मुख्यमंत्री से गुहार लगाई। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री ने पीड़िता को आश्वस्त कराया है कि दिवंगत की हत्या में जो भी अपराधी सम्मिलित है उसकी गिरफ्तारी होगी और न्याय मिलेगा, इस संदर्भ में प्रमंडल डीआईजी से बात किया जाएगा। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने परिजनों को आश्वस्त कराया कि घटना को हुए आज सात दिन बीत चुके हैं। अब तक प्रशासन की हाथ खाली है और अपराधी खुला घूम रहे हैं। कहा कि भाजपा शिष्ट मंडली, निकम्मी सरकार में पुलिस प्रशासन की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा। दो दिन के अंदर पुलिस महकमा दिवंगत महेंद्र टुडू हत्याकांड के सभी अपराधियों को गिरफ्तार नहीं करती है तो परिजनों के साथ भाजपा शिष्ट मंडली धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा, महामंत्री कृष्ण मुरारी चौबे, पूर्व प्रत्याशी गजाधर सिंह, सह संयोजक डब्लू भगत, मंडल अध्यक्ष विनोद भगत बबलू सिंह जिला कोषाध्यक्ष राजेश भगत, संतोष भगत सहित अन्य मौजूद थे।

## जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

### पुराने भाजपाई हुए नाराज



खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। भाजपा बोकारो जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष जयदेव राय की अध्यक्षता में सेक्टर-1 स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह भवनाथपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही मौजूद थे। कार्यशाला में मोदी सरकार की नीतियों और उपलब्धियों पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि श्री शाही ने कहा- मोदी युग में भारत वैश्विक मंच पर मजबूत राष्ट्र बनकर उभरा है। पुलवामा हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक- कोरोना काल में भारत निर्मित वैक्सीन- गरीबों को मुफ्त अनाज- गैस-आवास और इलाज जैसी योजनाएं सरकार की बड़ी उपलब्धियां हैं। गिरिडीह पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि 11 वर्षों में देश ने गरीब- कल्याण व सुशासन और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ी प्रगति की है। कार्यक्रम का संचालन अनिल स्वर्णकार और धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री संजय त्यागी ने किया। मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरा होने पर 9 जुलाई तक जिला से बूथ तक कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसकी सफलता को लेकर गठित टोली के संयोजक अनिल स्वर्णकार बनाए गए तथा मुकेश राय धीरज झा व अर्चना सिंह को सह-संयोजक मनोनीत किया गया है। कार्यक्रम में रोहित लाल सिंह कृष्ण कुमार मुन्ना मुकेश राय धीरज झा अर्जुन सिंह देवेंद्र प्रजापति ईश्वर प्रजापति दिलीप श्रीवास्तव मंटू राय बिनोद गोराई गिरिजा देवी शंकर रजक आदि ने भी अपने विचार रखे। पुराने वरीय भाजपाई कृष्ण कुमार मुन्ना को कार्यशाला में सम्मानजनक रूप से नहीं बैठाए जाने पर वे आक्रोशित हो गए। आक्रोशित श्री मुन्ना कार्यशाला से बाहर निकल गए। इस बीच कुछ कार्यकर्ता - यह भी कहते सुने गए कि जाने दीजिए- मनाने की कोई जरूरत नहीं। पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय उन्हें पार्टी का पट्टा पहनाकर अंदर ले गए। उनको छोड़ जिला स्तर का पद थामे बैठे अन्य नेताओं ने श्री मुन्ना के सम्मान का तनिक भी ख्याल नहीं रखा और न उन्हें मनाते देखे गए। बहरहाल इस घटना ने भाजपा की पुरानी गुटबाजी और मतभेद के साथ-साथ वरिष्ठों के अपमान की एक नई इबारत रच दी। घटना का वीडियो लगातार सोशल मीडिया पर वायरल बना हुआ है।

### चिन्मय विद्यालय में 12 जून से छह दिवसीय ज्ञान-यज्ञ का आयोजन

**बोकारो।** चिन्मय मिशन के संस्थापक महान वेदांती परम पूज्य स्वामी चिन्मयानंद महाराज के प्रमुख शिष्य परम पूज्य स्वामी अद्वैतानंद सरस्वती का बोकारो आगमन हो रहा है। वे चिन्मय मिशन बोकारो द्वारा आज 12 जून से आयोजित 6 दिवसीय ज्ञान यज्ञ के आचार्य होंगे। स्वामी अद्वैतानंद को श्रीमद भगवत गीता विभिन्न उपनिषदों एवं रामायण के वेदांतिक पक्ष पर अथाह ज्ञान है। उनकी वाणी ओजमय मधुर एवं सरल है। गीत संगीत में प्रवीण स्वामीजी का प्रवचन अत्यंत सरल और वैज्ञानिक होता है। ज्ञान-यज्ञ दो सत्रों में 6 दिन तक लगातार चलेगा। चिन्मय मिशन सेक्टर-5 में प्रातः काल में 06.45 से लेकर 07. 45 तक धन्याष्टकम् स्तोत्र पर सत्संग होगा और संध्या कालीन सत्र रामायण अयोध्या कांड पर चिन्मय विद्यालय के तपोवन सभागार में 7 बजे से 08. 30 तक होगा। अयोध्या कांड में वर्णित भगवान श्री राम का परिवार के प्रति भाइयों के प्रति प्रेम और त्याग माता के प्रति आदर और समर्पण पिता के प्रति उच्च निष्ठा और आदर आधुनिक समय के युवाओं का निश्चित ही मार्गदर्शन करेगा।

## श्रमिकों का भविष्य हुआ अंधकार मय : अजय

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल में कार्यरत दर्जऩो श्रमिक का भविष्य अंधकार में बना हुआ। जिसमें मुख्य रूप से उनकी सेवा पुस्तिका में जन्मतिथि एवं शैक्षणिक योग्यता में जन्मतिथि में अंतर है। जिसके परिणाम स्वरूप वैसे श्रमिकों को श्रमिक ने पदोन्नति के लाभ से वंचित रखा है। पूर्व में से श्रमिकों को दैनिक वेतन भोगी से मासिक वेतन भोगी बनाया गया। पहले तो वैसे कर्मचारी जिनकी नियुक्ति कैटिगरी 1 मजदूर के पद पर हुई बाद में उन्हें लिपिख अथवा स्टोर ईश्वर क्लर्क बनाया गया प्रारंभिक दौर में तो उन्हें मासिक वेतन से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बनाया गया एक पद पर प्रमोशन भी दिया गया। लेकिन बाद में जन्मतिथि सेवा पुस्तिका और शैक्षणिक प्रमाण पत्र में अंतर होने के कारण उच्च पद पर पदोन्नति के लाभ से वंचित रखा जा रहा है ऐसे पूरे सीसीएल में दर्जनों श्रमिक कार्यरत हैं। सीसीएल के कथारा कोलियरी के अंतर्गत मोहम्मद जुल्फिकार एवं तुलसी जिन्हें पहले तो मजदूर से स्टोर ईश्वर क्लर्क बनाया गया बाद में उन्हें सहायक भडार पाल के पद पर पदोन्नति दी गई लेकिन 15 वर्षों से अधिक समय से उन्हें उच्च पद पर पदोन्नति के लाभ से वंचित रखा गया है।

प्रबंधन अपना तर्क सेवा पुस्तिका और शैक्षणिक प्रमाण पत्र में जन्मतिथि का अंतर होना बताया है। दूसरी और जिन कर्मचारियों का निधन हुआ उनके जगह पर उनके आश्रित पुत्र अथवा अन्य को नौकरी प्रदान किया गया उनके द्वारा जो शैक्षणिक प्रमाण पत्र जन्म प्रमाण पत्र में अंकित तिथि को प्रबंधन ने और अस्वीकार करते हुए उनका उम्र सत्यापन कराया गया और दोनों में अंकित जन्म तिथि को नियुक्ति पत्र में अलग जन्म तिथि दर्ज किया गया।

### रवि जैन ने उप विकास आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार संभाला

**दुमका।** उपायुक्त सह निवर्तमान उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा से परियोजना निदेशक आईटीडीए रवि जैन ने उप विकास आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। आईएएस अधिकारी रवि जैन वर्तमान में दुमका जिले के परियोजना निदेशक आईटीडीए भी है। प्रभार के उपरांत निवर्तमान उप विकास आयुक्त ने नव पदस्थापित उप विकास आयुक्त रवि जैन को उनके कार्यों से अवगत कराया तथा सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त भी कराया। प्रभार लेते ही उन्होंने कहा कि जिले में विकास के एक नए मानक को स्थापित किया है।

## ग्रामीण विकास शाखा के कार्यालयों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने जिला ग्रामीण विकास शाखा अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों का बुधवार को औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में जिला समाज कल्याण कार्यालय पहुंचे। वहां सभी कर्मचारी की उपस्थिति की जानकारी ली। कार्यालय में गंदगी थी और सारे सामान व्यवस्थित रूप से नहीं थे। जिस पर उन्होंने समाज कल्याण पदाधिकारी को आवश्यक दिशा



निरीक्षण करते उपायुक्त

निर्देश दिया। इसके उपरांत मनरेगा, आवास, लेखा शाखा पहुंचे वहां सभी कर्मचारी उपस्थित थे। सभी को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उपायुक्त ने डीआरडीएस सभागार के सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन किया। अधिकारियों को सफाई व्यवस्था रखने का निर्देश दिया।

### त्रिपक्षीय वार्ता में ऐश पोंड से छाई ट्रांसपोर्टिंग पर महत्वपूर्ण निर्णय

**बेरमो।** एसडीएम मुकेश कुमार मछुआ की अध्यक्षता में आयोजित त्रिपक्षीय वार्ता में डीवीसी प्रबंधन, बेरमो हाइवा एसोसिएशन और ट्रांसपोर्टर पक्ष के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि ऐश पोंड से छाई ट्रांसपोटिंग अंडरलोड होगी और लोकल गाड़ियों को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में डीवीसी प्रबंधन की ओर से उप महाप्रबंधक कालीचरण शर्मा, मुरस्कर साहब, संजीव कुमार उपस्थित थे, जबकि बेरमो हाइवा एसोसिएशन की ओर से गुलेश्वर महतो, सम्भू महतो, भोला तुरी, नरेश प्रजापति और मुन्ना कुमार ने भाग लिया। विधायक प्रतिनिधि के तौर पर विकास सिंह (बब्लू सिंह) मुखिया और सदन सिंह उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में जो भी टेंडर होगा, उसमें भी सभी गाड़ियाँ अंडरलोड ही चलेंगी। इसके अलावा, जो भी गाड़ियाँ नियम के विरुद्ध पायी जाएंगी, उन पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## न्याय की गुहार लगाती शोलकी सोनू की माँ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** चंद्रपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शारदा कॉलोनी निवासी आशीष कमार के 17 वर्षीय पुत्र शोंलकी उर्फ सोनू की हत्या कर पेड से लटकाने का आरोप लगाया है। वही शारदा कॉलोनी मे बुधवार को परिजनों ने प्रेस वार्ता कर बताया कि मेरा बेटा फुसरो के श्याम मोबाइल मे काम करता था। दो दिन से काम पर नहीं जा रहा था। 31 मई को फुसरो के दो लड़का बुलाने आया था। जिसका नाम अंशु कुमार और करण कुमार है। मेरा बेटा वही दोनों लड़के को भेज कर मेरा बेटा दुकान जाने के लिए तैयार हुआ। और उसी रात से हुआ गायब हो गया हम लोगों ने काफी खोजबीन किया पर किसी का तरह का कोई पता नहीं चला। 3 तारीख को शारदा कॉलोनी के पीछे जंगल में पेड़ में कपड़ा से लटका हुआ उसका शव बरामद हुआ और शव को एसिड से जला दिया गया था. प्रशासन को इसकी सूचना हम लोगों ने दी प्रशासन ने आकर शव को अपने कब्जे में लिया वहीं शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद चंद्रपुरा पुलिस ने बताया कि वह आत्महत्या किया गया है जबकि उसकी हत्या की गई है. जबकि प्रशासन अपराधी को बचाने का कार्य कर रही है। वहीं स्थानीय विधायक से भी जब बात की गई तो विधायक ने भी कुछ बोलने से पीछे हटते दिखे।

स्पीड न्यूज

### प्रधानमंत्री ओली सहित चार मंत्रियों पर चलेगा मुकदमा

**काठमांडू।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और चार मंत्रियों के खिलाफ अदालत की अवमानना का मुकदमा चलेगा इस सभी के खिलाफ 22 जून से निरंतर सुनवाई करने का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। सुप्रीम कोर्ट में चार वर्ष पहले इसी तरह के प्रावधान बजट में रखे जाने के खिलाफ दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए उसे रद्द करके देश के बालू, गिट्टी आदि के निर्यात पर रोक लगा दी थी। इसके विपरीत सरकार ने हाल ही में पेश किए गए आम बजट में देश के बालू, गिट्टी आदि के निर्यात की छूट देने की घोषणा की गई है।

### रेल सेवाओं का रूस तक विस्तार करेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रेलमंत्री हनीफ अब्बासी ने कहा है कि पाकिस्तान अपनी रेल सेवाओं का रूस तक विस्तार करने जा रहा है। इस पर 22 जून से काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने पत्रकारों को यह जानकारी मंगलवार को पंजाब प्रांत के मुल्तान रेलवे के डिवीजनल सुपरिटेंडेंट के कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। अब्बासी ने कहा कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए 2027 तक रेलवे के बेड़े में करीब 200 गाड़ियां शामिल की जाएंगी।

### यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जमानत खारिज

**हिसार।** हरियाणा के हिसार जिले की एक कोर्ट ने यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका बुधवार को खारिज कर दी। न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) सुनील कुमार ने आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई की। पुलिस ने जमानत याचिका का विरोध किया और दलील दी कि मामले की जांच चल रही है। मुकेश ने कहा कि कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद ज्योति की जमानत याचिका खारिज कर दी। कोर्ट अब मामले की सुनवाई 23 जून को करेगी।

### भारत के एआइ 2027 तक होगा तीन गुना

**भारत के** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बाजार के अगले तीन वर्षों अर्थात वर्ष 2027 तक तीन गुना बढ़कर 17 अरब डॉलर से अधिक का बाजार होने का अनुमान है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) द्वारा इसको लेकर बुधवार को एक रिपोर्ट जारी की गयी जिसमें यह बात कही गयी है। रिपोर्ट के अनुसार विकास की यह गति भारत को दुनिया की सबसे तेजी से विस्तार करने वाली एआई अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रही है। इस विस्तार का श्रेय कई प्रमुख कारकों को जाता है, जिसमें उद्यम प्रौद्योगिकी निवेश में वृद्धि, एक मजबूत डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र और कुशल पेशेवरों के पर्याप्त पूल तक पहुंच शामिल है। भारत में वर्तमान में वैश्विक एआई प्रतिभा का 16 प्रतिशत हिस्सा है, जो इस श्रेणी में अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है।

### यूनियन बैंक ने लोन पर ब्याज घटाया

**मुंबई।** बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में 50 आधार अंकों की कटौती के बाद बुधवार से अपनी प्रमुख ऋण दरों में संशोधन करते हुये बाह्य बेंचमार्क ऋण दर और रेपो लिंक्ड ऋण दर में 50 आधार अंकों की कमी करने की घोषणा की है। बैंक ने कहा कि इसके साथ उसने अपने इन दोनों प्रमुख ऋण दरों को हाल ही में रिजर्व बैंक की दरों में कटौती के साथ पूरी तरह से जोड़ दिया है जो नए और गृह, वाहन, व्यक्तिगत और एमएसएमई उधारकर्ताओं के लिए फायदेमंद होगा।

### अमेरिका यूक्रेन के रक्षा बजट में कटौती करेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि मौजूदा अमेरिकी प्रशासन अगले साल यूक्रेन के लिए अपने सैन्य बजट में कटौती करेगा। हेगसेथ ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की रक्षा उपसमिति के समक्ष एक सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी।

# अमेरिका के 20 शहरों में फूटा इमिग्रेशन बम

## न्यूयॉर्क, शिकागो, सैन फ्रांसिस्को और वाशिंगटन में हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** ट्रंप प्रशासन की इमिग्रेशन कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन तेज हो गए हैं। इस समय लॉस एंजिल्स अराजकता से गुजर रहा है। यह प्रदर्शन इस शहर के अलावा भी कई जगहों पर फैल चुके हैं। अमेरिकी मीडिया के अनुसार यहां 20 से ज्यादा शहरों में हजारों लोग उतर आए हैं। लॉस एंजिल्स में प्रदर्शनकारियों ने यातायात को रोक दिया है। शिकागो में भीड़ ने डाउनटाउन लूप में मार्च किया, जिसके चलते कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों के ऊपर पुलिस के हेलीकॉप्टर मंडराते रहे। शिकागो ट्रिब्यून ने तत्काल किसी गिरफ्तारी की सूचना नहीं दी है। न्यूयॉर्क में भी कुछ ऐसे ही हालात देखने को मिले हैं। यहां फेडरल इमिग्रेशन बिल्डिंग के पास लोअर मैनहट्टन से प्रदर्शनकारियों का ग्रुप मार्च कर रहा था। वहीं, अटलांटा में करीब 1,000 प्रदर्शनकारियों की भीड़ बुफोर्ड हाईवे पर जमा हो गई। कई सौ प्रदर्शनकारियों ने डोराविले में मार्च किया, जिससे उनकी

- लॉस एंजिलिस में मेयर ने लगाया कर्फ्यू
- प्रदर्शनकारी जानवर व विदेशी दुश्मन : ट्रंप

स्थानीय पुलिस के साथ तुरंत टकराव की स्थिति बन गई। इसके अलावा सैन फ्रांसिस्को, सिएटल, ह्यूस्टन, डलास, सैन एंटोनियो और वाशिंगटन, डीसी में विरोध प्रदर्शन हुए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प भी देखने को मिली।

एनबीसी न्यूज के अनुसार, न्यूयॉर्क और सैन फ्रांसिस्को में दर्जनों गिरफ्तारियां हुई हैं, जबकि ह्यूस्टन और सैन एंटोनियो में रैलियां काफी हद तक शांतिपूर्ण रहीं। ऑस्टिन में स्थानीय पुलिस डिपार्टमेंट ने ड्राइवरों को चेतावनी जारी की है कि वह लॉस एंजिल्स के विरोध प्रदर्शन के समर्थन में रैली कर रहे पैदल यात्रियों के बड़े समूहों पर नजर रखें।

ये प्रदर्शन इमिग्रेशन एनफोर्समेंट में सैन्य बलों के उपयोग को लेकर कैलिफोर्निया में गहराते राजनीतिक और कानूनी टकराव के बीच हुए हैं। मंगलवार को फोर्ट ब्रैग में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भाषण दिया, जिसमें लॉस एंजिल्स के प्रदर्शनकारियों को जानवर और विदेशी दुश्मन बता दिया। इसके साथ ही ट्रंप ने शहर में लगभग 4,000 नेशनल गार्ड सैनिकों और 700 मरीन की तैनाती का बचाव किया है। ट्रंप ने लॉस एंजिल्स को आजाद करने और इसे स्वतंत्र, स्वच्छ और सुरक्षित बनाने की कसम खाई। इसके साथ ही उन्होंने 'विद्रोह अधिनियम' लागू करने तक का सुझाव दिया है। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि वाशिंगटन, डीसी में मिलिट्री परेड के दौरान किसी भी रुकावट का 'बहुत बड़ी ताकत' से सामना किया जाएगा। बढ़ते गतिरोध ने डोमेस्टिक लॉ इन्फोर्समेंट के सैन्यीकरण पर एक व्यापक राष्ट्रीय बहस को जन्म दिया है। इस विवाद ने राज्य और फेडरल अथॉरिटी के बीच गहरे तनाव को रेखांकित किया है। इससे अमेरिकी शहरों में सत्ता के संतुलन और इमिग्रेशन एनफोर्समेंट के राजनीतिक दांव को लेकर सवाल उठ रहे हैं। देश भर में बढ़ते विरोध प्रदर्शनों के साथ, कैलिफोर्निया में एक फेडरल जज ने संघीय सरकार के सैन्य कर्मियों के उपयोग को प्रतिबंधित करने के अनुरोध पर गुरुवार दोपहर को सुनवाई निर्धारित की है। अमेरिका के लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शन के चलते शहर के बीच में कर्फ्यू लगा दिया दिया है। लॉस एंजिलिस के मेयर ने ये कर्फ्यू लगाया है। मेयर करेन बास ने कहा कि मैंने लोकल इमरजेंसी का एलान किया है और लॉस एंजिलस के डाउनटाउन में तोड़फोड़ और लूटपाट को रोकने के लिए कर्फ्यू जारी किया है। मेयर के अनुसार, कर्फ्यू मंगलवार रात 8 बजे (स्थानीय समयानुसार) बुधवार सुबह 6 बजे तक लागू रहेगा। करेन बास ने कहा कि कर्फ्यू कई दिनों तक जारी रहने की उम्मीद है। मेयर करेन बास ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन के अप्रवासी नागरिकों के घरों पर चल रहे छापों के विरोध में हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ।





**लालू यादव ने जन्मदिन पर तलवार से काटा 78 किलो का केक**

**पटना। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने पटना में बुधवार को परिवार के साथ केक काटकर अपना 78वां जन्मदिन मनाया। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर उन्होंने कार्यकर्ताओं द्वारा लाए गए 78 किलोग्राम के केक को तलवार से काटा। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर मिठाइयां बांटी।**

## पटना को डबल डेकर फ्लाईओवर की सौगात


खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को 422 करोड़ रुपये की लागत से बने अशोक राजपथ पर कारगिल चौक (गांधी मैदान) से साइंस कॉलेज तक के डबल डेकर फ्लाईओवर की सौगात पटना वासियों को दी। कारगिल चौक के पास आयोजित कार्यक्रम स्थल पर फीता काटकर इसका लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कारगिल चौक से साइंस कॉलेज और साइंस कॉलेज से कारगिल चौक तक डबल डेकर फ्लाईओवर का निरीक्षण भी किया। कहा जा रहा है कि इस पथ के निर्माण से अशोक राजपथ में जाम की समस्या से निजात मिलेगी और यातायात व्यवस्था सुगम होगी। इस डबल डेक फ्लाईओवर का कार्य प्रारंभ जनवरी, 2022 में हुआ था।

- नीचे मेट्रो और ऊपर में 2 फ्लाईओवर का नीतीश कुमार ने किया लोकार्पण



इस पथ का निर्माण अशोक राजपथ के ऊपर दो लेयर (डेकर) में किया गया है, जो गांधी मैदान के पास कारगिल चौक से प्रारंभ होकर पीएमसीएच होते हुए साइंस कॉलेज तक जाता है। एलिवेटेड कॉरिडोर के ऊपरी डेकर की लंबाई 2175.50 मीटर है जो गांधी मैदान से साइंस कॉलेज तक जाता है। यह गांधी मैदान से साइंस कॉलेज की तरफ जाने वाले यातायात के लिए है। नीचे के डेक की लंबाई 1449.30 मीटर है जो पटना कॉलेज से गांधी मैदान की तरफ बीएन कॉलेज मेन गेट तक आता है। नीचे के डेक पटना कॉलेज से गांधी मैदान की तरफ जाने वाले यातायात के लिए है। इस पथ के डेक की चौड़ाई 8.5 मीटर है।



## दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह कांग्रेस से हुये निष्कासित

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से 6 वर्ष के लिए निलंबित कर दिया है। पार्टी की अनुशासनात्मक मामलों की समिति के महासचिव तारिक अनवर ने एक बयान में इसकी जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश से पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह को तत्काल प्रभाव से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। ऐसा उनकी पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते किया गया है। कांग्रेस की ओर से इस बारे में जानकारी नहीं दी कि आखिर किन गतिविधियों के चलते उन्हें निष्काषित किया गया है लेकिन हाल के समय में उन्होंने कुछ ऐसे बयान दिए थे जिसने कांग्रेस आलाकमान को असहज कर दिया था। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के अपरिपक्व होने की बात कही थी। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बाद

- लक्ष्मण सिंह ने राहुल गांधी रॉबर्ट वाड्रा व उमर अब्दुल्ला के खिलाफ की थी टिप्पणी



रॉबर्ट वाड्रा और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर यह टिप्पणी की थी। लक्ष्मण सिंह ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सीएम उमर अब्दुल्ला पर आतंकियों से मिले होने का आरोप लगाया था। सिंह ने गांधी परिवार पर टिप्पणी की थी कि रॉबर्ट वाड्रा जीजा जी हैं राहुल जी के उसने क्या कहा- मुसलमानों को सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने देते इसलिए आतंकियों ने हमला किया।

## बुनियादी ढांचा नेटवर्क जीवन को बना रहा है आसान : प्रधानमंत्री



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में पिछले 11 वर्षों में किए गए बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डालते हुए बुधवार को कहा कि रेलवे से लेकर राजमार्गों, बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों तक, भारत का तेजी से फैल रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क जीवन को आसान बना रहा है और समृद्धि को बढ़ा रहा है। मोदी ने अपनी सरकार के 10 जून को अपने तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष, यानी कुल 11 वर्ष पूरे करने के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे में भारत की उत्कृष्ट प्रगति पर जोर दिया - रेलवे, राजमार्गों, बंदरगाहों और हवाई अड्डों तक - जिससे बेहतर कनेक्टिविटी, आर्थिक विस्तार और नागरिकों के लिए जीवन को आसान बनाने और समृद्धि में वृद्धि हुई है।

## सोनम ने करायी थी पति की हत्या

### राजा रघुवंशी हत्या मामले में पत्नी ने कबूला जुर्म

एजेंसी

**शिलॉन्ग।** सोनम ने अपने पति राजा रघुवंशी की मौत में अपनी भूमिका को स्वीकार करते हुए बुधवार को अपना जुर्म कबूल कर लिया। मेघालय पुलिस ने जब उसके प्रेमी राज कुशवाहा से उसका आमना-सामना कराकर उससे पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने जब सोनम और राज कुशवाहा का आमना-सामना कराया, तो खून से सनी जैकेट, सोनम का रेनकोट और अन्य सबूत सामने रखे गए थे। पुलिस ने इन सबूतों के बारे में जब सोनम से सवाल किया, तो वह मौन हो गई। लेकिन इसके बाद सोनम ने सभी सबूतों को देखते हुए अपना गुनाह कबूल कर लिया। सोनम ने कबूल कर लिया कि उसने तीन सुपारी किलर्स आकाश राजपूत, विशाल उर्फ विक्की ठाकुर और



आनंद कुर्मी के साथ मिलकर अपने पति राजा रघुवंशी को मौत के घाट उतारा था। पुलिस जांच में यह सामने आया है कि मेघालय से सोनम लगातार अपने प्रेमी राज को अपने लोकेशन के बारे में पूरी जानकारी देती रही। वह बताती रही कि अब वे लोग कहां पहुंचे हैं और आगे क्या करने जा रहे हैं। पुलिस ने यह भी बताया कि शादी के बाद ही सोनम ने अपने प्रेमी राज के साथ मिलकर पति राजा रघुवंशी को मौत के घाट उतारने का प्लान

**मेघालय पुलिस ने प्रेमी राज कुशवाहा से आमना-सामना कराकर पूछताछ की, तो उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया**

बना लिया था। प्लान के अनुसार यह सब कुछ किया गया। पुलिस ने यह भी बताया कि सोनम ने अपनी सास को भी झूठ बोला था कि उसने अपरा एकादशी का व्रत रखा था, जबकि होटल से यह जानकारी मिली कि उसने खाना खाया था। यही नहीं, पुलिस को मेघालय रेलवे स्टेशन से हत्याकांड में प्रयुक्त हथियार भी मिला था। सोनम ने इस मामले में पुलिस जांच को भटकाने की पूरी कोशिश की। उसने राजा रघुवंशी के फोन से एक सोशल मीडिया पोस्ट भी शेयर की थी, जिसे उसने कैप्शन दिया था सात जन्मों का साथ। हालांकि जब सख्ती से पूछताछ की गई, तो सोनम ने सब सच उगल दिया।

### ट्रंप पर कुछ टिप्पणियों पर है पछतावा : मस्क



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के अरबपति एलन मस्क ने बुधवार को कहा कि उन्हें पिछले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में की गई कुछ पोस्ट पर पछतावा है। ट्रंप और मस्क ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के खिलाफ तीखी टिप्पणियां की थीं। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने राष्ट्रपति के व्यापक कर और व्यय बिल को घृणित बताया था। ट्रंप ने शनिवार को कहा था कि उनका रिश्ता खत्म हो गया है, लेकिन उसके बाद उन्होंने यह भी कहा था कि अगर मस्क उन्हें फोन करके शुभकामनाएं देते हैं तो उन्हें कोई समस्या नहीं होगी। मस्क ने कहा कि कि मुझे पिछले सप्ताह ट्रंप के बारे में की गई कुछ पोस्ट पर पछतावा है। कुछ ज्यादा ही बोल गया था। मस्क के पोस्ट के बाद टेस्ला के शेयर 2.44% बढ़ गए।

## जगन्नाथ मंदिर में शाही स्नान को देखने लाखों श्रद्धालु पुरी पहुंचे

एजेंसी

**पुरी।** चार धामों में से एक ओडिशा में विश्वप्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और उनकी बहन देवी सुभद्रा के भव्य शाही स्नान समारोह और हति वेश को देखने के लिए बुधवार को लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचे। स्नान पूर्णिमा के नाम से लोकप्रिय शाही स्नान समारोह को देवताओं की प्रसिद्ध रथ यात्रा या रथ यात्रा से पहले एक प्रमुख अनुष्ठान माना जाता है। परंपरा के अनुसार बुधवार सुबह दैत्य सेवकों के जय जगन्नाथके जयकारों और भव्य पहांडी जुलूस के साथ पवित्र त्रिदेवों को मुख्य मंदिर के गर्भगृह में रत्नसिंहासन से स्नान वेदी तक औपचारिक रूप से ले जाया गया। दैत्य सेवक - देवताओं के रक्षक के रूप में जाने जाने वाले एक



विशेष समूह - देवताओं को बाहरी मंदिर परिसर में स्थित स्नान वेदी पर ले गए। इसी के साथ ही ढोल, झांझ, बिगुल और घंटा की ध्वनि से वातावरण गूंज उठा। पुजारियों ने मंदिर परिसर के अंदर पवित्र स्वर्ण कुएं से निकाले गए पवित्र जल को पवित्र किया। स्नान अनुष्ठान के लिए सुगंधित जड़ी-बूटियों और चंदन के साथ मिश्रित कुल 108 घड़ों का उपयोग किया गया। मंदिर के स्वर्ण कुएं से सेवकों द्वारा हाथ से पानी निकाला गया। इसमें से 35 घड़ों का उपयोग भगवान जगन्नाथ को स्नान कराने के लिए, 33 का उपयोग बलभद्र को, 22 का उपयोग सुभद्रा को और 18 का उपयोग सुदर्शन को स्नान कराने के लिए किया गया। स्नान समारोह के बाद, देवताओं को वस्त्र पहनाए गए और भगवान के सबसे बड़े सेवक गजपति राजा दिव्यसिंह देव, छेरा पहानरा (स्नान वेदी के ऊपर देवताओं के चारों ओर झाड़ू

**जय जगन्नाथके जयकारों और जुलूस के साथ पवित्र त्रिदेवों को मुख्य मंदिर के गर्भगृह में रत्नसिंहासन से स्नान वेदी तक औपचारिक रूप से लाया गया**

लगाना) करने के लिए महल से एक औपचारिक जुलूस में पहुंचे। देवताओं को ह्रासहनामेलु के दौरान देवताओं के सार्वजनिक दर्शन से पहले भोग लगाया गया, जो शाम 19:30 बजे से रात 10:30 बजे तक जारी रहेगा। देर रात देवताओं को मंदिर के एकांत कक्ष में ले जाया जाएगा, जिसे अनासर हाउस (बीमारों के लिए कमरा) कहा जाता है। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के साथ 15 दिनों तक विश्राम करेंगे। माना जाता है कि पवित्र स्नान के बाद उन्हें बुखार हो जाता है। इस पखवाड़े के दौरान मंदिर के वैद्य देवताओं का हर्बल से उपचार करेंगे।

